

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 अब आरसीबी में हुई एंट्री, आईपीएल 2025 से पहले विराट की टीम का बड़ा फैसला.....

उनके पास खुद का वोट बैंक तक नही, हम ही असली शिवसेना: एकनाथ शिंदे..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 214 | पटना, मंगलवार, 19 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.0°C
न्यूनतम तापमान 21.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## इसरो के जीसैट-एन2 के लिये उल्टी गिनती शुरू



चेन्नई/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के उन्नत संचार उपग्रह जीसैट-एन2 कोस्पेसएक्स को अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 (एसएलसी-40) से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में प्रक्षेपित करने के लिए उलटी गिनती सोमवार सुबह शुरू हो गई। इसरो ने कहा जीसैट-20 इसरो द्वारा विकसित एक संचार उपग्रह है और इसे स्पेसएक्स फाल्कन 9 द्वारा लॉन्च किया जाएगा। यह फाल्कन की 19वीं उड़ान होगी। यह एक वाणिज्यिक मिशन होगा। इसरो के एलएमवी-3 में जीटीओ में 4,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की क्षमता है लेकिन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे एलन मस्क के स्वामित्व वाले स्पेसएक्स के अमेरिका से फाल्कन-9 लॉन्च वाहन का उपयोग करके लॉन्च करने का विकल्प चुना। इसका वजन 4,700 किलोग्राम है। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित, स्वामित्व और संचालित जीसैट-20, संचार उपग्रहों की जीसैट श्रृंखला की निरंतरता होगी और इसका उद्देश्य भारत के स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा आवश्यक संचार अवसंरचना में डेटा संचरण क्षमता को जोड़ना है। इसको विद्युत ऊर्जा प्रणाली को लगभग 6 किलोवाट की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। उपग्रह में एक सन सेंसर, अर्थ सेंसर, इनर्शियल रेफरेंस यूनिट और स्टार सेंसर है। सभी सेंसर पूर्ण दृष्टिकोण के रूप में दृष्टिकोण डेटा प्रदान करते हैं।

## आसियान : रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे राजनाथ



नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को लाओस जायेंगे। बैठक के दौरान वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि श्री सिंह के बैठक से इतर अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, लाओस, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और दक्षिण कोरिया अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। इन बैठकों का उद्देश्य इन देशों के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक बढ़ाना है। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की यह बैठक आसियान में सर्वोच्च रक्षा परामर्श और सहयोग तंत्र है। यह आसियान सदस्य देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और इसके आठ संवाद भागीदारों भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लिए सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है। भारत 1992 में आसियान का संवाद साझेदार बना था और इस संस्था की पहली बैठक 12 अक्टूबर 2010 को वियतनाम के हनोई में आयोजित की गयी थी। वर्ष 2017 से इसकी बैठक हर वर्ष हो रही है। लाओस 11वीं बैठक का अध्यक्ष और मेजबान है।

### बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने एसटीईटी परीक्षा का परिणाम किया जारी

# एसटीईटी परीक्षा में 70.25 फीसदी अभ्यर्थी पास

☞ 2,97,747 अभ्यर्थी हुए सफलता
☞ परीक्षा में 4,23,822 अभ्यर्थी हुए शामिल

प्रात : किरण



पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा(एसटीईटी) का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा 70.25 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए हैं। पेपर 1 में 15 विषय व पेपर 2 में 29 विषयों की परीक्षा यानी कुल 45 विषयों की परीक्षा में 4,23,822 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें 2,97,747 सफल हुए। मई 2024 में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। एसटीइटी पेपर-1(9 से 10वीं) में 2,63,911 शामिल, जिसमें 1,94,697 सफल हुए। सफलता का 73.77 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार पेपर-2 (11 से 12वीं) में 29 विषयों में 1,59,911 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें सफल 1,03,050 हुए। सफलता का प्रतिशत 64.44 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में कुल 4,23,822 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था जिसमें से कुल 2,97,747 उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की है। दोनों ही पेपर्स को मिलाकर पास प्रतिशत 70.25 दर्ज किया गया है। इसमें से पेपर 1 का पास प्रतिशत 73.77 एवं पेपर 2 का पास प्रतिशत 64.44 दर्ज किया गया है।

**कैटेगरी एवं विषय के अनुसार पास प्रतिशत**

कैटेगरी के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए 50, बीसी के लिए 45.5 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 42.5 प्रतिशत एवं एससी, एसटी, महिला और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित है। विषयानुसार रिजल्ट अरबी का 67.95 प्रतिशत, बांग्ला का 78.04 प्रतिशत, भोजपुरी का 52.94 प्रतिशत, डांस का 83.93 प्रतिशत, अंग्रेजी का 81.92 प्रतिशत, ललित कला का 74.71 प्रतिशत, हिंदी का 75.21 प्रतिशत, मैथिली का 48.20 प्रतिशत, गणित का 77.14 प्रतिशत, म्यूजिक का 55.38 प्रतिशत, फारसी का 50.55 फीसदी, शारीरिक शिक्षा का 83.72 प्रतिशत, संस्कृत का 85.15 प्रतिशत, विज्ञान का 74.88 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान का 68.37 प्रतिशत, उर्दू का 70.92 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

**चौथे चरण की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं उत्तीर्ण अभ्यर्थी :**

बता दें कि सभी सफल अभ्यर्थी अब चौथे चरण की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा का आयोजन सीबीटी मोड में किया गया था। पेपर 1 की परीक्षा 16 विषयों के लिए और पेपर 2 की परीक्षा कुल 29 विषयों के लिए हुई थी। सभी सफल अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा, जिसकी वैधता आजीवन होगी। परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया था। पहला चरण एक 1 से 20 मार्च के बीच आयोजित किया गया था। वहीं दूसरे चरण की परीक्षा 10 से 30 सितंबर 2024 तक आयोजित की गई थी। 2023 में, 4,28,387 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 79.79 प्रतिशत ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। कुल 3,00,726 सफल अभ्यर्थियों में से 82.90 फीसदी ने पेपर 1 और 74.37 फीसदी ने पेपर 2 में सफलता हासिल की थी। रिजल्ट संबंधी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डोर टू डोर एवं कैंप लगाकर बनवाया जाएगा आयुष्मान कार्ड



पटना/एजेंसी। शहरवासियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए पटना नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में एक साथ कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिससे सभी लोगों तक इस सुविधा का लाभ मिल सके। इसके साथ ही नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी सफाई इंस्पेक्टर एवं नोडल द्वारा घर-घर जाकर आम जनों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेंगे एवं 70 साल से ऊपर के बुजुर्ग की पहचान भी की जाएगी। इसके साथ ही घर घर जाकर भी उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा।

वार्ड एवं अंचल कार्यालय के पास लगेगा कैंप :

पटना नगर निगम द्वारा नगर निगम के वार्ड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय के पास ही कैंप लगाया जाएगा जिससे आम जनों को सुविधा मिले। 20 नवंबर से 10 दिसंबर तक कैंप का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। सोमवार को बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी द्वारा कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही नगर निगम के लिए 75 लॉगिन आईडी क्रिएट किया गया। जिससे सफाई इंस्पेक्टर आयुष्मान कार्ड निर्माण कर सकेंगे। इसके साथ ही कर्मियों को आयुष्मान कार्ड कैसे बनाए, इसके लाभ एवं आमजन को सुविधा के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि कर्मियों द्वारा आधार पर अंकित जन्मतिथि के अनुसार 70 वर्ष की गणना की जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा सफाई कर्मियों को निर्देश दिया गया। कोई व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए उनकी उम्र 70 साल हो। स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी द्वारा समन्वय के साथ इसे पूरा करना है। प्रशिक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त एवं बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के

# मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को उपहार में दिया चांदी का पंचामृत कलश



**जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रियो डी जेनेरियो पहुंचें पीएम मोदी**

अबुजा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को सिलोफर पंचामृत कलश (बर्तन) भेंट किया है। यह कोल्हापुर, महाराष्ट्र की पारंपरिक शिल्पकला का एक अद्भुत उदाहरण है। सिलोफर पंचामृत कलश हाई क्वालिटी चांदी से बना है, जिसे कौशल और सटीकता के साथ आकार दिया गया है। इसमें कोल्हापुर के प्रसिद्ध धातुकर्म की विशिष्ट सुंदर नक्काशी है, जिसमें अक्सर पुष्प पैटर्न, देवता और पारंपरिक कोल्हापुर डिजाइन शामिल होते हैं। कलश के हैंडल और ढक्कन को धार्मिक समारोहों के दौरान उपयोग में आसानी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जहां पंचामृत झ दूध, दही, घी, शहद और चीनी का एक पवित्र मिश्रण : परोसा जाता है। इस बीच पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री रविवार शाम को जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नाइजीरिया से ब्राजील के लिए रवाना हुए थे। पीएम मोदी और नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने वैश्विक दक्षिण की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने और साथ ही, भारत-नाइजीरिया रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने अबुजा के एसो रॉक विला में एक प्रतिबंधित बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। एसो रॉक विला नाइजीरियाई राष्ट्रपति पद के कार्यालय और निवास है। नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर का राष्ट्रीय सम्मान भी प्रदान किया। नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि वैश्विक साझा भलाई के लिए प्रयास करते हुए भी भारतीय अपने मूल्यों को कभी नहीं भूलते। नाइजीरिया में 60-000 की संख्या में भारतीय प्रवासी समुदाय पश्चिमी अफ्रीका में सबसे बड़ा है।

# बेअंत हत्याकांड : राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष पेश करें : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सचिव को सोमवार को निर्देश दिया कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मृत्युदंड की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना से संबंधित दया याचिका दो सप्ताह के भीतर फैसला करने के अनुरोध के साथ उनके (राष्ट्रपति) समक्ष पेश करें। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राजोआना की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, ह्लइस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता मृत्युदंड की सजा काट रहा है, हम भारत के राष्ट्रपति के सचिव को निर्देश देते हैं कि वे मामले को उनके (राष्ट्रपति) समक्ष पेश करें और दो सप्ताह के भीतर इस पर विचार करने का उनसे अनुरोध करें। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अन्य मामलों पर निर्णय हो चुका है, लेकिन याचिकाकर्ता के मामले में सरकार ने कहा कि निर्णय लेने का यह सही समय नहीं है। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा, जब उसका जीवन समाप्त हो जाएगा, तो इस पर निर्णय कब होगा। इसके बाद पीठ ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता के पेश न होने पर नाराजगी व्यक्त की। राजोआना की दया याचिका पर फैसला करने में 12 साल की अत्यधिक देरी पर सवाल उठाया गया था। पंजाब सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले दावा किया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो यह राष्ट्रीय खतरा होगा।

### अब बुधवार और गुरुवार को नियमित मामलों की सुनवाई नहीं होगी

**सीजेआई संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई प्रक्रिया में किया बदलाव**

नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब से बुधवार और गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में नियमित सुनवाई वाले मामलों की सुनवाई नहीं होगी। यह बदलाव 10 नवंबर को जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायर होने के बाद लागू किया गया है। नई व्यवस्था के चलते सुप्रीम कोर्ट के सामान्य मामलों की सूची से बुधवार और गुरुवार के लिए नियमित सुनवाई वाले मामले हटा दिए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण याचिकाएं, जमानत मामले और अन्य विविध मामले इन दिनों में सूचीबद्ध किए जाएंगे। कोर्ट द्वारा जारी नए परिपत्र में यह बताया गया कि विशेष पीठ या आंशिक सुनवाई वाले मामलों को भोजन अवकाश के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली में एक नई दिशा दिखाता है, जिससे सुनवाई की प्रक्रिया और भी व्यवस्थित और समयबद्ध हो सकेगी। इसके अतिरिक्त सीजेआई खन्ना ने 16 पीठों का नया रोस्टर जारी किया है, जिसमें यह फैसला लिया गया कि चीफ जस्टिस और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें अब पत्र याचिकाएं और जनहित याचिकाएं सुनेंगी। यह नया रोस्टर 11 नवंबर से प्रभावी हो गया है और इसका उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट में मामलों के आवंटन को और ज्यादा पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।

# मणिपुर हिंसा : गृह मंत्री शाह ने की हाई लेवल मीटिंग

### पुलिस बलों से शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच सोमवार को यहां लगातार दूसरे दिन वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा व्यस्था की स्थिति की समीक्षा की और सुरक्षा बलों तथा राज्य एजेन्सियों से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने के कदम उठाने को कहा। केंद्र में सुरक्षा तंत्र से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने रविवार के बाद सोमवार को भी यहां लंबी बैठक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केन्द्रीय पुलिस बलों तथा राज्य पुलिस से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने और शांति बहाली के कदम उठाने को कहा। इस बीच केन्द्र सरकार मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए केन्द्रीय पुलिस बलों की तैनाती भी बढा रही है और वहां केन्द्रीय पुलिस बलों की 50 अतिरिक्त कंपनियां भेजी जा रही हैं। इससे पहले भी केन्द्र ने वहां 20 कंपनियां तैनात की थी। मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के कारण बढते तनाव के मद्देनजर श्री शाह ने रविवार को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर नॉर्थ ब्लॉक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ आपात बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की थी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और कुछ अन्य क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद हैं। हिंसा की घटनाओं के बाद उग्र भीड़ ने कुछ विधायक को और मंत्रियों के घरों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी भी की है जिससे राज्य के कुछ हिस्सों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

**राज्य में हिंसक प्रदर्शन जारी**

पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किए जिससे एक बार फिर वहां स्थिति अस्थिर हो गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा था, पिछले कुछ दिनों से मणिपुर में सुरक्षा हालाक नाजुक बने हुए हैं। संघर्ष में दोनों समुदायों के सशस्त्र उपद्रवी हिंसा में लिप्त रहे हैं। इस हिंसा में लोगों की जान चली गई और लोक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई।

**पांच लोगों के शवों का हुआ पोस्टमार्टम**

मणिपुर के जिरिबाम जिले से लापता हुए पांच लोगों के शवों का असम के सिलचर शहर के एक सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मणिपुर के जिरिबाम में सुरक्षा बलों और कुकी-जो उग्रवादियों के बीच 11 नवंबर को हुई मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए थे और छह लोग लापता हो गए थे।

# मार्च 2026 में पूरी होगी उत्तर कोयल जलाशय परियोजना

### औरंगाबाद और गया जिलों में 95,521 हेक्टेयर में होगी सिंचाई

परियोजना के प्रगति की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। उत्तर कोयल जलाशय परियोजना मार्च 2026 में पूरी होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर बिहार के हिस्से में सिंचाई क्षमता 56,720 हेक्टेयर से बढ़कर 95,521 हेक्टेयर हो जाएगी। इसका सीधा लाभ औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, बारुण, देव, मदनपुर और गोह तथा गया जिले के आमस, गुरुआ, गुरारू और कोंच प्रखंडों के किसानों को मिलेगा। प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा के समक्ष सोमवार को जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की बिहार भूभाग में अब तक हुई प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने इसकी समीक्षा करते हुए परियोजना के लिए सरकारी भूमि के हस्तांतरण, नहर प्रणाली के निर्माण के सामाजिक प्रभाव का आकलन तथा जलवाहा के एलाइनमेंट से संबंधित प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी करने सहित कई निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल तथा जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारीगण के साथ-साथ गया के जिलाधिकारी, औरंगाबाद जिला के अपर समहर्ता तथा परियोजना के संवेदक वाप्कोस लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना से औरंगाबाद और गया जिले के बड़े इलाके में सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना के पूर्ण होने पर बिहार के हिस्से में सिंचाई क्षमता 56,720 हेक्टेयर से बढ़कर 95,521 हेक्टेयर हो जाएगी। इसका सीधा लाभ औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, बारुण, देव, मदनपुर और गोह तथा गया जिले के आमस, गुरुआ, गुरारू और कोंच प्रखंडों के किसानों को मिलेगा। परियोजना को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### दंपति की हत्या कर शवों को उनके घर में ही जलाया

**नालंदा जिले में अपराधियों ने घटना का दिया अंजाम**

नालंदा। बिहार के नालंदा जिले में एक दंपत्ति की हत्या कर उनके शव को घर में ही जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात छबीलापुर थाना क्षेत्र के दोगी गांव में घटी। उसने बताया कि मृतक विजय प्रसाद और उनकी पत्नी दोगी गांव के निवासी थे। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया, शुरूआती जांच के मुताबिक पहले दंपत्ति की हत्या की गई और फिर शवों को उनके घर के अंदर आग लगा दी गई। हत्या का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। राजगीर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया, घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात की है। ग्रामीणों ने दावा किया है कि दोनों रविवार रात 11-11.30 बजे तक अपने गांव में एक धार्मिक सभा में मौजूद थे। उन्होंने बताया कहा,ह्लह्लजिस कमरे में शव मिले उसके फर्श पर खून के धब्बे पाए गए हैं। दूसरे कमरे के फर्श पर भी खून के धब्बे मिले हैं। सिंह ने बताया, सोमवार को जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो शव लगभग जल चुके थे। कुछ अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि राख को वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेजा जा सकता है। एसडीपीओ ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी बुलाई गई है और वे घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस दंपति के बेटे 22 वर्षीय विजय प्रसाद से भी पूछताछ कर रही है, जो घटना के समय घर में मौजूद नहीं था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बंद घर का ताला काट कर लाखों रुपए ले उड़े चोर

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानपुर पुलिस चौकी के समीत चोरों ने एक बंद घर का ताला काटकर 90 हजार नगद समेत दो लाख के जेवरात चुरा लिया। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला काट कर घटना को अंजाम दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने में जुट गई।मकान मालिक वरुण कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह अपनी पत्नी को लेकर बिहारशरीफ गए थे। रविवार को सुबह पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजा बंद है और उसमें लगा ताला गायब हैं।जब पुलिस चौकी में खबर देने गए तो बताया गया कि डायल 112 पर कॉल किजिए।तब इसकी सूचना डायल 112 को दिए।चोरों ने सभी कमरे को आराम से घर और दुकान को खंगालते हुए बिस्कुट,ब्रेड भी खाया।चोरों ने ग्राउंड फ्लोर पर किराना दुकान से 40हजार रूपए नगद व घर से 50हजार रूपए नगद और करीब दो तीन लाख का जेवरात चुरा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया लिखित शिकायत। पुलिस छानबीन मैं जुट गई है

### ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

दानापुर खगौल। रेल थाना के अंतर्गत स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की गई मारपीट में सीतामढ़ी निवासी शेखर कुमार झा गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी अवस्था में उन्होने रेल पुलिस जीआरपी में जाकर लिखित शिकायत की है। जख्मी व्यक्ति ने बताया कि वह मुजफ्फरपुर से सूरत जाने के लिए सफर कर रहे थे। रविवार की देर रात दानापुर स्टेशन पर ट्रेन रूकने पर कुछ लोग आये और उन्हे सीट से हटाने लगे। रोकने पर वह सभी लोग मारने लगे जिससे उनकी सिर फट गया। इस संबंध में जीआरपी मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी गई है।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

फतुहा। सोमवार को स्थानीय सीएचसी में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा (18-30 नवंबर ) का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गणपत मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक ब्रह्मप्रकाश, बीसीएम सुनीता कुमारी, पीसीआई इंडिया की ओर से संजीव कुमार, पिरामल के प्रतिनिधि रजनी कुमारी, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, एएनएम रंजना कुमारी नीतू कुमारी, काउंसलर शिखा सुरभि, दीपशिखा, मनीष कुमार के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी के साथ क्षेत्र की आशा दीदी के साथ आमजन भी मौजूद रहें। वहीं इस अवसर पर गर्भनिरोधक दवा -किट का भी वितरण किया गया।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

मसौढ़ी ! पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को 1.2 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।थाना अध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि एसएसआई आलोक कुमार व अरुण भगत पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबीर की सूचना के आधार तारेगना मुसहरी में एक व्यक्ति को स्मैक का कारोबार करता है।जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने 1.2ग्राम स्मैक वजन करने वाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन व 11सौ बीस रुपए नकद राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रविशंकर चौधरी बताया जो कि थाना क्षेत्र के न्यू मणिचक मुहल्ले निवासी बताया जाता है।

### रामजानकी विवाह को लेकर हुई बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। जनक नंदिनी जानकी व भगवान श्री राम के विवाह महोत्सव को लेकर सीता घाट बक्शी मुहल्ला स्थित श्री भगवती सीता स्थान में विवाह का रस्म में किया जाना है। इस होने वाले धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर इंद्र बिहारी प्रसाद की अध्यक्षता व सचिव प्रभात बहादुर माथुर के संचालन में बैठक हुई। बैठक में विवाह पंचमी पर सुंदर कांड कि पाठ, महिला मंडली के द्वारा कीर्तन व शाम को बारात आगमन के बाद विवाह पंचमी अनुष्ठान पर चर्चा की गई। बैठक में प्रो विनय कृष्ण प्रसाद, सचिन शर्मा, नितेश सिन्हा आदि शामिल थे। सचिव ने बताया कि होने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी शुरू की जा रही है।

### कलमजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने डॉ प्रभात चंद्रा

आप सबकी आवाज पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने रविवार को एक कार्यालय आदेश निर्गत कर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ० प्रभात चन्द्रा को अपने पद के साथ-साथ बिहार प्रदेश के ‟कलम जीवी प्रकोष्ठ" का अध्यक्ष तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष आरसीपी सिंह ( रामचंद्र प्रसाद सिंह ) ने 31अक्टूबर को ‟आप सब की आवाज ( आसा ) नाम से नई पार्टी की घोषणा की थी। उन्होंने ने बताया था कि पार्टी का झंडा हरा पीला और नीला रंग के तीन पट्टी वाला होगा और पार्टी में कुल 63 प्रकोष्ठ बनाए जायेंगे। डॉ प्रभात चंद्रा पूर्व में जनता दल ( यूनाइटेड ) में कलमजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष थे। उन्होंने बताया कि आर सी पी सिंह एक सुलझे हुए व्यक्तिव के धनी हैं और उनकी पकड़ देश के दवे कुचले लोगों के बीच में भी काफी अच्छा है। वे जब जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तो वे पार्टी को गांव के छोटे छोटे कुनवे तक पहुंचाया था।

# नर्सों का शिष्टमंडल अधीक्षक से मिल दो नर्स के निलंबन को बताया एकतरफा

## जांच समिति गठित, शोकाउज व निलंबन की कार्रवाई एक साथ कैसे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक के द्वारा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में आईसीयू की दो नर्सों को निलंबित कर दिया गया। यह आदेश 16 नवंबर को जारी किया गया। सोमवार को विभिन्न समाचार पत्रों में यह खबर छपने के बाद अस्पताल की नर्सों में खासा आक्रोश देखा गया। सभी नर्सिंग स्टाफ दोपहर में आईसीयू के बाहर इकट्ठा हुईं। यहां सबों ने आवेदन तैयार किया। उन सबों का कहना था कि मरीज फंटूश की मौत के बाद ड्यूटी में रही नर्सिंग स्टाफ ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने जब रिसीव कर लिया, तब यह उसकी जिम्मेवारी बन जाती है। परिचारिकाओं ने शव को चादर से ढंक दिया। इसके बाद वह अन्य मरीज की देखरेख में लग गई। वह बार-बार जाकर चादर हटा कर नहीं देखती कि शव सुरक्षित है या नहीं। यह काम वार्ड अटेंडेंट का है। दूसरी बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच दो स्तर अस्पताल की आंतरिक जांच समिति और पुलिस के द्वारा की जा रही है। साथ ही आईसीयू में ऑन ड्यूटी रहे चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड अटेंडेंट, गार्ड आदि से शोकाउज किया गया है। ऐसे में बिना शोकाउज का जवाब लिए एकतरफा कार्रवाई करते हुए दो नर्सों का निलंबन आदेश कैसे जारी कर दिया गया। जबकि रात में एनेस्थीसिया के जो डॉक्टर ड्यूटी में थे, उन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि पुलिस केस की सूचना नर्सिंग स्टाफ के द्वारा बना कर दी गई, लेकिन वार्ड अटेंडेंट अनुपस्थित था। इसकी सूचना कॉल कर वार्ड अटेंडेंट के पर्यवेक्षक मनोज को दिए जाने पर उसने कहा कि रात दस बजे के बाद ही वार्ड अटेंडेंट जा सकेगा। रणधीर नमक वार्ड अटेंडेंट रात 10.15 बजे आया। जब पीसी रजिस्टर पुलिस चौकी में लेकर गया, तो दो बार उसे लौटा दिया गया और रिसीव नहीं किया गया। संबंधित ड्यूटी में रहे डॉक्टर के द्वारा को सूचित करने के बाद उनके द्वारा किसी को कॉल किया गया, तब रात 11.20 में पुलिस के द्वारा सूचना रिसीव की गई। हेल्थ मैनेजर ऑन ड्यूटी एसआईसीयू में नहीं थे। दूसरा कोई ड्यूटी रोस्टर या उनके नंबर भी उपलब्ध नहीं कराया गया था। मार्चरी में शव को रखने के प्रोसीजर को लेकर भी अस्पताल प्रशासन द्वारा कोई गाइडलाइन या जिम्मेदार लोगों का नाम या संपर्क नंबर जारी नहीं किया गया है। पुलिस को सूचना देने के बाद शव की जिम्मेदारी पुलिस की होती है। यदि कोई बाहरी व्यक्ति आईसीयू में प्रवेश कर मृत मरीज की आंख निकाल लेता है, तो इसके लिए गार्ड जिम्मेवार है। गार्ड के रहते हुए कोई भी संदिग्ध व्यक्ति कैसे अंदर चला गया। मृत मरीज के शव को चादर से भी ढंक दिया गया था। इसे लेकर नरसों के द्वारा अधीक्षक से मिलने का काम किया गया। मगर उनके द्वारा केवल पांच लोगों को ही मिलने की अनुमति दिए जाने के बाद अभिषेक, सुनीता कुमारी, प्रीति मंडल, रोहिणी, रीना रानी और जूली कुमारी मिलने गईं और अपनी बातों को अधीक्षक के समझ रखा। अधीक्षक का भी कहना था कि यह बिल्कुल कर्तव्यहीनता है। यदि शव को पुलिस नहीं ले गई, तो उसे मोर्चरी में रखवा दिया जाना चाहिए था। हालांकि बाद में उन्होंने निलंबित दोनों नर्सों को समझाया। इसके बाद सभी लौट गईं।

## नेशनल कांफ्रेंस ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसिया का वर्कशॉप आज



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नेशनल कांफ्रेंस का इंडियन सोसाइटी ऑफफ एनेस्थीसिया का वर्कशॉप का आयोजन सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस में 12 विषयों पर वर्कशॉप का आयोजन 19 एवं 20 नवंबर को किया जाएगा। इस प्रकार का आयोजन पटना के सभी अस्पतालों में किया जा रहा है।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में दो दिन 19 एवं 20 नवंबर को बीएलएस एवं एसीएलएस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉप्रो मोतीलाल दास बनाए गए हैं। नालंदा मेडिकल कॉलेज में इस कार्यक्रम का उद्घाटन दोपहर 12.30 बजे प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूपंमें उपस्थित रहेंगे। बीएलएस एवं एसीएलएस में करीब 60 चिकित्सा भाग लेंगे, जो देश के विभिन्न भागों से पहुंचे हैं। बीएलएस एवं एसीएलएस ट्रेनिंग देने के लिए सीओएलएस (कंप्रेशन ऑन लाइफ सपोर्ट) के अध्यक्ष डॉ एससी चक्रराओ, जो कि आंध्र प्रदेश से हैं, उनकी टीम के द्वारा वर्कशॉप कराया जाएगा। इस अवसर पर एमएमसीएच निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो विजय कुमार, डॉप्रो गुरुमुख प्रसाद सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## दो दिन पहले ढलाई किया नाला फिर से धंसा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 48 और 50 की सीमा लोहरवा गली के दक्षिण सैदपुर नहर की उत्तरी सड़क के बीचोबीच लगभग सात फीट खुला नाला है। इसमें अप्रिय घटना भी घट चुकी है। अखबारों में खबर छपने के बाद चार दिन पहले ही उस नाला को ढाला गया था। यह नाला फिर से धंस गया है और फिर खतरनाक रूप ले चुका है। ज्ञातव्य है कि लोहरवा गली की सड़क और यह नाला महीनों से संवेदक की लापरवाही के कारण अधूरा छूटा था। इससे हजारों राहगीर को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति ने इसे संज्ञान लिया, जिसे प्रमुख समाचार पत्रों ने प्रमुखता से छापा।

इस कारण तुरंत तीन दिनों के अंदर सड़क व नाला का निर्माण किया गया, लेकिन चार दिनों में ही नाला का धंसना निर्माण कि गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार बबलू ने कहा नाला का निर्माण पुनः तुरंत किया जाए अन्यथा फिर कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

## नीतीश कुमार ने सूबे का किया सर्वांगीण विकास :जदयू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि न केवल बिहार बल्कि पूरी भारतीय राजनीति में नीतीश कुमार उन गिने चुने राजनेताओं में शामिल हैं जिन्होंने राजनीति को परिवार की सुख समृद्धि का साधन नहीं बनाया। नीतीश कुमार के लिए पूरा बिहार ही उनका परिवार है और इस सत्य को सारे बिहारवासी समझ रहे। जिस राजसत्ता के सहारे लालू जी ने अपने पूरे परिवार को सेटल किया और उनके लिए अरबों खरबों की संपति सृजित की, उसी राजसत्ता के प्रति नीतीश कुमार का नजरिया कितना निर्लिप्त और जनकल्याणकारी है इसे भी लोग बखूबी समझ रहे। बिहार में शासनतंत्र की स्थापना, बिहार की अस्मिता का जागरण, अपहरण उद्योग का खात्मा कर भयमुक्त वातावरण का निर्माण, महिलाओं का सशक्तिकरण जैसे कई निर्णायक बिंदु हैं जिनके लिए नीतीश कुमार को सदैव याद किया जाएगा। जिस रूप में आर्थिक रूप से विपन्न और मानसिक रूप से टूटा बिहार नीतीश कुमार को मिला था उसे देखकर सोचना मुश्किल था कि बिहार बदल पाएगा, पर नीतीश कुमार ने अपनी प्रतिबद्धता से बिहार को आमूलचूल बदल दिया।

## भारत व नेपाल के बीच आयात-निर्यात बढाने को लेकर केन्द्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त के बीच हुई बैठक

प्रात :किरण संवाददाता



पटना / वाल्मीकिनगर । भारत और नेपाल के बीच आयात-निर्यात बढाने को लेकर केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक के बीच पश्चिमी चम्पारण ज़िले के वाल्मीकिनगर में सोमवार( 18-11-2024 को एक बैठक हुई। बैठक में आयात-निर्यात के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे ने पत्रकारों को बताया कि बैठक सीमा शुल्क आयुक्त के साथ हुई है जिसमें भारत व नेपाल में आयात-निर्यात को कैसे सुचारू रूप से बढाया जाय, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा की दोनो ही देशों में सीमा पर फिलहाल लैब नहीं बना है, इसलिये सबसे पहले वाल्मीकिनगर में लैब का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही नेपाल में भी जल्द ही लैब का निर्माण हो इसे लेकर पहल चल रही है। ताकी दोनों देशों के बीच और आसानी से आयात-निर्यात हो सके। वहीं, सीमा शुल्क के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि भारत व नेपाल के बीच व्यापार की अपार संभावना है खासकर कृषी के क्षेत्र में। इसे बढ़ावा देने के लिये दोनों देश में लैब का निर्माण कराया जाए इसे लेकर पहल हो रही है। लैब के निर्माण होते ही कृषी से संबंधित सामानों का आसानी से आयात- निर्यात किया जा सकेगा। इस बैठक में बगहा विधायक राम सिंह सहीत जिले के कस्टम विभाग के वरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## दादी जी का मंगशीर वदी नवमी महोत्सव 24 को

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री दादी जी भक्त मंडल पटना सिटी की बैठक मंडल के अध्यक्ष प्रभु दयाल भरतिया की अध्यक्षता में हुई। श्री राणी सती दादी मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में सर्व निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मंगशीर वदी नवमी महोत्सव 24 नवंबर दिन रविवार को मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में मनाया जाएगा। मंडल के मीडिया प्रभारी संजीव देवड़ा ने बताया कि मंगला आरती के साथ महोत्सव का आगाज होगा। श्री दादी जी का मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव व छप्पन भोग के साथ सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा। मंगल पाठ को स्वर देंगी अर्चना और संध्या श्री दादी जी का मुख्य आकर्षण दादी जी का खजाना, भव्य अलौकिक दरबार और भंडारा मुख्य होगा।

महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें शंभू कसेरा, सचिव चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, प्रमोद कसेरा, संयोजक प्रशांत झुनझुनवाला, अभिषेक टेकरीवाल सहसंयोजक बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में ओमप्रकाश राजगढ़िया, पप्पू मोदी, अशोक झुनझुनवाला, पवन बूबना, संजय झुनझुनवाला को शामिल किया गया है। सहयोगी संस्था में श्री नारायणी महिला मंडल की सदस्याएं सक्रिय हैं।

## पालीगंज में किया गया रवि महोत्सव का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज सोमवार को पटना जिला के पालीगंज स्थित ई किसान भवन में रवि महोत्सव 2024-2025 का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार इलाके के सभी उपजाऊ खेतो में खरीफ फसलें तैयार हो चुकी है। इसके बाद उन खेतो में रवि फसलों की पौधे लगाई जाएगी। जिसे देखते हुए किसानों को जागरूक करने तथा कृषि से किसानों की आय में बृद्धि करने को लेकर सोमवार को पटना जिले के पालीगंज बाजार स्थित ई किसान भवन में रवि महोत्सव 2024-का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आत्मा के पटना जिला उप परियोजना निदेशक बिजेंद्र मनी ने बिधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीगंज प्रखण्ड बीटीएम अमित कुमार सिंह तथा संचालन लेखपाल धनंजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि बैज्ञानिक डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि रवि फसलों का सही उत्पादन कर किसान अपने आय को दुगुनी कर सकते है। वही उन्होंने रवि फसलों का सही उत्पादन के लिए कई टिप्स दिया। साथ ही खेतो की मिटी जांच के अनुसार सही बीजो का चयन सहित खेतो में लगाने के लिए उन्नत किस्म के बीजो के बारे में जानकारी दिया। मौके पर आत्मा में पटना जिला उप परियोजना निदेशक बिजेंद्र मनी, पालीगंज प्रखण्ड बीटीएम अमित कुमार सिंह, कृषि बैज्ञानिक डॉ. प्रभात कुमार, लेखपाल धनन्जय कुमार सिंह, प्रखण्ड उदान पदाधिकारी मुन्ना कुमार, आर ओ अंजली रानी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अनिल सिन्हा, जीविका एलएचस यूसुफ सिद्दीकी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार सिंह तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर धनन्जय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विप में मनाई गई बटुकेश्वर दत्त की जयंती

### उपसभापति ने उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। महान स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त की जयंती बिहार विधान परिषद् में मनाई गई। वे बिहार विधान परिषद् के सदस्य भी थे। बिहार विधान परिषद् के माननीय उप सभापति प्रो ( डॉ० ) रामवचन राय ने बटुकेश्वर दत्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के साथ बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली् की केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंक कर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी। असेम्बली में बम फेंकने के लिए भगत सिंह को तो फांसी की सजा हो गई, वहीं उनके साथी बटुकेश्वर दत्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और वे अंडमान के सेलुलर जेल में डाल दिए गए। स्वनतंत्रता आंदोलन के त्याग और बलिदान के आदर्शों को देश की नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए बटुकेश्वर दत्त जैसे महान पुरुषों को याद करना हमारा कर्त्तव्य है। ऐसे लोग आने वाली पीढ़ियों के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। इस अवसर पर विधान परिषद् के मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, सचेतक रीना देवी, सदस्य संजीव कुमार सिंह, एमएलसी व जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार एवं कई वर्तमान एवं पूर्व सदस्य हरेन्द्र प्रताप पाण्डेय सहित विधान परिषद् के सचिव अखिलेश कुमार झा, निदेशक आफताब हबीब, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बटुकेश्वर दत्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## चूहा मृत मरीज की आंख खाएगा, ऐसा नहीं लगता : अधीक्षक

### अस्पताल की इंटरनल जांच व पुलिस का अनुसंधान रिपोर्ट नहीं आया, फिर दावा कैसे



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सर्जरी आईसीयू में गोली लगने से घायल फंटूश कुमार की मौत 15 नवंबर की रात हो जाती है देर रात एक बजे तक उसके शरीर का सब अंग सही सलामत था। मगर 16 नवंबर की सुबह पांच बजे परिजन जब शव को देखते हैं, तो उसका बायां आंख गायब था। इसके बाद मचे हंगामा ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन को जांच करने पर मजबूर कर दिया। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि चूहा ऐसा कर लेगा, प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया कि चूहा मृत मरीज की आंख खा सकता है। हालांकि अन्य सवालों के जवाब में भी बार-बार यही कहते रहे कि आलमगंज थाना में सर्जरी विभाग के चिकित्सक के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच की कार्रवाई चल रही है। वहीं अस्पताल की आंतरिक जांच समिति, जो चार सदस्यीय है, भी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। सवाल यह है कि जब समिति जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है और पुलिस का अनुसंधान जारी है, तब ऐसे में अधीक्षक कैसे कह सकते हैं कि चूहा ऐसा कर लेगा, उन्हें प्रतीत नहीं होता है। दूसरी ओर निश्चेतना, सर्जरी और मेडिसिन विभाग से जुड़े चिकित्सकों का मानना है कि वहां छोटा से लेकर बड़ा चूहा का भरमार है। घटना घटित होने के बाद जो सीसीटीवी देखा गया है, उसमें कॉरिडोर में चूहों को आते-जाते देखा गया है। दबी जुबान चिकित्सक भी मानते हैं कि चूहा के द्वारा ही मृत मरीज की आंख को कुतरा गया है। उसके आईबॉल के दाहिने साइड में भी एक सीध में काटने का निशान नहीं है, बल्कि टेढ़ा-मेढ़ा है, जो चूहे के द्वारा ही किया जा सकता है। चूहा एक तरफ से आंख को कुतरा है। अंदर में हड्डी को भी उसने टच किया है। अब सवाल लिया है कि जांच अस्पताल की जांच समिति और पुलिस दोनों के द्वारा किया जा रहा है। अधीक्षक ने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। जब उनसे यह सवाल किया गया कि पुलिस के द्वारा जो पोस्टमार्टम के लिए आवेदन दिया गया है, उसमें मरीज का एक आईबॉल गायब रहने की बात का जिक्र नहीं किया गया है। ऐसे में चिकित्सक कैसे इसका अनुसंधान कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जिक्र करेंगे। इस पर उनका कहना था कि यह मामला पुलिस का है और वही इसका जवाब दे पाएगी। हालांकि वहां अधीक्षक के कक्ष में बैठे अनुसंधान पदाधिकारी दारोगा अभिषेक कुमार सिंह एवं एक अन्य ने बताया कि यह कैसे संभव है कि उसमें नहीं लिखा जा सकेगा। दूसरी ओर पोस्टमार्टम करने वाले विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राधिका रमण सिंह ने भी स्पष्ट कहा कि पुलिस के द्वारा जो कागजात सौंपा गया है, उसमें मृत फंटूश के बायां आंख के गायब होने और उसकी जांच का कोई जिक्र नहीं किया गया है।

## जे,पी आयुर्वेदिक कॉलेज मे तकनीकि शिक्षा आयोजन की गई



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर केऔ अंतर्गत नेउरा स्थित जेपी आयुर्वेदिक कॉलेज में आयोजन की गई। जिसमें 2024-29 बैच के लिए छात्रों के लिए इस पाठ्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों के ४२ विद्यार्थियो, एवं उनके अभिभावकों ने सम्पूर्ण हिस्सा लिया।यह कार्यक्रम 2004 बी. ए. एम.एस कोर्स के बच्चों के तकनीकि शिक्षा का प्रारंभ है। यह कार्यक्रम 15 दिन तक चलेगा। इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद आयुर्वेदिक चिकित्सा का बिहार में वृद्धि आएगी। जे.पी. आयुर्वेदिक कॉलेज पटना के नेउरा में स्थित है। यह कॉलेज बिहार में 100 सीट का एकमात्र कॉलेज है। यहाँ 2004 सत्र में प्रवेश जारी है। यहाँ प्रवेश हेतु नीट परीक्षा में जनरल कोटा में 112 अंक एवं ओबीसी व एस,सी कोटि में 87 अंक की आवश्यकता है।

## सोमवार को एनएमसीएच में 3207 मरीज आउटडोर में पहुंचे

### मेडिसिन में 746 वह स्क्रीन वीडियो में 593 मरीजों को चिकित्सकों ने देखा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को चिकित्सीय सलाह लेने के लिए 3,207 मरीज पहुंचे। इसमें 2,597 नए और 610 मरीज पुराने शामिल थे। सबसे अधिक मरीज चिकित्सीय सलाह लेने के लिए मेडिसिन विभाग में 746 और स्कीन वीडी में 592 पहुंचे। सवाल यह है कि एक वरीय चिकित्सक के साथ तीन-चार पीजी व एसआर मिलकर भी चार से पांच घंटे में 600 से 750 के बीच मरीजों को चिकित्सीय सलाह कैसे दे सकते हैं। यह एक आश्चर्य का विषय है। अन्य विभागों की बात करें तो आर्थो में 256, ईएनटी में 249, शिशु में 187, सर्जरी में 181, पीएमआर में 182, आंख विभाग में 161 और गाइनी में 130 मरीजों ने मौजूद चिकित्सकों से चिकित्सीय सलाह लेने का काम किया।

## दलितों पर बढ़ते अत्याचार की समीक्षा हो : आदित्य

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। विगत कुछ वर्षों में बिहार में लगातार अनुसूचित जाति का शोषण, हत्या एवं बलात्कार बड़े पैमाने पर बिहार में देखने को मिल रहा है, ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष आदित्य पासवान ने कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा। प्रेस वार्ता में उन्होंने .सिवान के दरौंदा में शिक्षक भरत मांझी की हत्या, विक्रमगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर, गया, नवादा जिले सहित कई घटनाओं का जिक्र किया। आदित्य पासवान ने कहा कि इस तरह के अनेकों उदाहरण है जहाँ दलितों के साथ मार-पीट,शोषण यहा तक की बलात्कार की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही है, यह दशार्ता है कि सरकार दलितों की रक्षा करने में असमर्थ हो गयी है या तो दलितों की रक्षा करने में सरकार का इरादा नहीं है या फिर नियमों में कमी है। आदित्य पासवान ने सरकार से आग्रह किया है कि एक सर्वदलीय समिति का गठन अविलम्ब करें जो समिति दलितों पर बढ़ते अत्याचार की समीक्षा करे और प्रशासनिक या नियमों में बदलाव करने की समीक्षा कर सरकार को रिर्पोट दें।

# जैविक खेती पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान केंद्रित हो:मंगल

## कृषि मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

- किसानों को अनुदान पर अधिक से अधिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराएं
- डीजल अनुदान के बकाए राशि की हो 15 दिनों में भुगतान



पटना। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि जैविक खेती पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान केंद्रित की जाए। डबल इंजन की सरकार किसानों की हित के लिए व उनके आर्थिक विकास के लिए दिन रात काम कर रही है। कृषि मंत्री ने सोमवार को पटना स्थित कृषि भवन में समीक्षा बैठक कर राज्य चल रहे विभिन्न कृषि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद पदाधिकारियों से चालू वित्तीय वर्ष में चलाई जा रही परंपरागत कृषि विकास योजना, केंद्र प्रायोजित योजनाएं, क्रिषोन्नति योजनाएं, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, बीज ग्राम योजना, दलहन फसल प्रोत्साहन योजना, जैविक खेती से संबंधित योजनाओं की समीक्षा और मूल्यांकन की। साथ ही मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लक्ष्य भी इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशार्नुसार राज्य के किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से कृषि यंत्र उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसीलिए कृषि यंत्रों के आवंटन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राज्य के किसानों को पौधा संरक्षण परामर्श देना और डीजल अनुदान भी शत-प्रतिशत पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है, ताकि राज्य के किसान उन्नत तरीके से खेती कर सकें। श्री पांडेय ने कहा कि खेतों में मानव रहित हवाई वाहन (ड्रोन) से दवाओं के छिड़काव और ई-किसान भवन के कर्मचारियों को वेतन ससमय उपलब्ध हो, कृषि विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों द्वारा राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कृषि योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध करवाई जाए। श्री पांडेय ने कहा कि भागलपुर के सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय के कार्यालय भवनों को एक सड़क से जोड़ने के लिए किए जा रहे कार्यों को मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाए। इस समीक्षा बैठक में कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, अपर सचिव कल्पना कुमारी और कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह शामिल रहे।

# भू अभिलेखों की स्कैनिंग का कार्य 31 दिसंबर पूरा किया जाये

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की भू अर्जन निदेशालय की समीक्षा
- एमआईएस पोर्टल का सफल संचालन मुख्य प्राथमिकता : दीपक

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में भू अर्जन निदेशालय की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें पिछली बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन किस स्तर पर हुआ है इसकी समीक्षा की गयी। साथ ही भू अर्जन से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी तरह की कोई अड़चन ना आये इससे संबंधित जरुरी दिशा निर्देश दिये गये। ज्ञात हो कि भू अर्जन निदेशालय द्वारा एमआईएस पोर्टल विकसित किया गया है ताकि जिला भू अर्जन कार्यालयों में की जा रही भू अर्जन संबंधित कार्यवाही की जानकारी विभाग को तुरंत प्राप्त हो सके। अभी इस पोर्टल पर जिला भू अर्जन कार्यालयों द्वारा परियोजनाओं की प्रविष्टि से संबंधित जानकारी अपलोड की जा रही है। अपर मुख्य सचिव द्वारा पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर कर इसे अपग्रेड करने संबंधित निदेश भू अर्जन निदेशालय को दिये गये। उन्होंने कहा कि एमआईएस पोर्टल का सफलता पूर्वक संचालन हमारी मुख्य प्राथमिकता है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रत्येक जिला भू अर्जन कार्यालय में कार्यसुगमता हेतु दो लैपटॉप का वितरण किया जा रहा है। एसीएस द्वारा भू अर्जन निदेशालय को इस कार्य के प्रगति के मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी जिला भू अर्जन कार्यालयों को लैपटॉप की प्राप्ति हो गई है। भू अर्जन निदेशालय द्वारा नियमित रूप से जिलावार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भू अर्जन पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाती है। इसका उद्देश्य जिला स्तर पर भू अर्जन संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना है। इसी क्रम में विभाग को बताया गया कि जिला में डेटा एंट्री ऑपरेटरों की कमी एक प्रमुख समस्या है तथा इससे कार्य दक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पर रहा है। अपर मुख्य सचिव द्वारा भू अर्जन निदेशालय को निदेश दिया गया कि तुरंत हीं बेल्ट्रॉन को पत्र लिखकर इस समस्या का निवारण किया जाये। बैठक के क्रम में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिलावार समीक्षा के क्रम में यह ध्यान रखें कि इसका उद्देश्य केवल डेटा जमा करना नहीं बल्कि समस्या का सही आकलन कर इसका समाधान करना है। विभाग द्वारा भू अभिलेखों की स्कैनिंग का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। अपर मुख्य सचिव ने यह निर्देश दिया कि मुख्यालय स्तर के सभी अभिलेखों की स्कैनिंग कर 31 दिसंबर तक भू- अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में भू अर्जन के निदेशक कमलेश कुमार सिंह तथा सहायक निदेशक सह संयुक्त सचिव आजीव वत्सराज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड व महाराष्ट्र में विपक्ष को लगेगा झटका : मंगल

## कहा-भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि कांग्रेस के राहुल गांधी और उनके गठबंधन के अन्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करने के लायक नहीं हैं। अपनी छिछली राजनीति के लिए राहुल गांधी का मोदी पर बयान देना अशोभनीय है। श्री मोदी के नेतृत्त्व में आज भारत जहां विकसित भारत 2047 के अपने लक्ष्यों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और इसके कैलेंडर वर्ष 2024 में 7.2 प्रतिशत और इसके अगले साल 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। श्री पांडेय ने कहा कि मूडीज रेटिंस ने इस बात की पुष्टि की है। मूडीज के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था ठोस वृद्धि और नरम मुद्रास्फीति के साथ आगे बढ़ रही है। रेटिंग एजेंसी ने अपने ह्यवैश्विक वृहद परिदृश्य 2025-26 में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ऊर्जा और खाद्य संकट, उच्च मुद्रास्फीति और इसके चलते सख्त मौद्रिक नीति से उबरने में उल्लेखनीय जुझारू क्षमता दिखाई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक लोकप्रियता से घबड़ाए हुए हैं। देश और विदेशों में भारत और इसके नेतृत्व की आलोचना करने वाले विपक्ष को अगले सप्ताह झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों से एक बार झटका लगने वाला है।

# चिकित्सा स्नातकोत्तर में आकांक्षा सिंह को मिला गोल्ड मेडल

- नारायण मेडिकल कॉलेज से रेडियो डायग्नॉसिस से स्नातकोत्तर में किया टॉप

प्रात : किरण संवाददाता



पटना/जमुहार। छात्राएं अब न सिर्फ छात्रों को शिक्षा में टक्कर दे रही हैं, बल्कि लड़कों को पछाड़ कर लड़कियां आगे निकल रही हैं। सासाराम जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकाय के गोल्ड मेडल पानेवाले विद्यार्थियों में 85 फीसदी मेडल पर छात्राओं का कब्जा रहा। इनमें चिकित्सा संकाय में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आकांक्षा सिंह ने स्नातकोत्तर में टॉप कर न सिर्फ कॉलेज, बल्कि जिला और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। दीक्षांत समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आकांक्षा सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। आकांक्षा सिंह ने रेडियो डायग्नॉसिस में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। आकांक्षा सिंह ने डीवाई पाटिल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है। वाराणसी के शिवपुर में में जन्मी और पली-बढ़ी आकांक्षा ने उदय प्रताप कॉलेज से पढ़ाई की। बचपन से होनहार और पढ़ाई में अव्वल आकांक्षा का लक्ष्य डॉक्टर बनने का था और अपनी लगन-मेहनत से मुकाम भी हासिल कर लिया। आकांक्षा के माता-पिता बच्चन सिंह और नीलम सिंह को भी उपलब्धि का श्रेय जाता है, जिन्होंने अपनी बेटी के सपने को पंख दिया और आकांक्षा ने सफलता की बुलंदी को चूम लिया। परिजनों और शुभचिंतकों ने उपलब्धि पर आकांक्षा सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# कर्ज के मकड़जाल में फंसकर पूरे परिवार ने खाया जहर : माले

पटना। भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के शोभानपुर पंचायत के बलुआ गांव में जहर खाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की घटना के लिए माइक्रोफाइनेंस कंपनी को जिम्मेवार ठहराया है। माले राज्य सचिव ने मृतक परिजनों को उचित मुआवजा, बीमारों के इलाज, बच्चों के भरण पोषण की व्यवस्था, माइक्रोफाइनेंस कंपनी पर हत्या का मुकदमा, राज्य के सभी ग्रुपों की कर्ज माफी और बिना सूद का ऋण दिए जाने की मांग की है।

दरअसल, बांका जिला के अमरपुर थाना क्षेत्र के शोभानपुर पंचायत के बलुआ गांव में 15 नवंबर की देर रात कर्ज की मकड़जाल में फंसे एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खा लिया जिसमें दो की मौत हो गई। एक पुत्री सरिता कुमारी और एक पुत्र राकेश कुमार दोनो का इलाज चल रहा है। घटना की जांच के लिए भाकपा माले की एक जांच टीम ने घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक कन्हैयालाल महतो ने कई फाइनेंस कम्पनियों से लोन लिया था, जिसका किश्त प्रत्येक सप्ताह देना पड़ता था। आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बंद करवा दी थी। मृतक के बड़े भाई श्याम महतो ने बताया कि कर्ज में रहने और आर्थिक तंगी के कारण सल्फास की गोली लगभग दो बजे रात में खा लिया था। मृतक की मां ने बताया कि अब बेटा के बिना कैसे जीवन-यापन करेंगे, जब कि मेरा पति भी 10 वर्षों से लापता है। माले नेता ने आरोप लगाया कि अनेक फाइनेंस कम्पनियों को भोले भाले गरीबों को लुटने का काम कर रही है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है।

# झारखंड में लौट रही है इंडिया सरकार : अखिलेश

- झारखंड चुनावी दौरे से लौटे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के दो दिवसीय प्रचार से लौटे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पटना एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार वापस से झारखंड में सत्ता में आ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार के प्रति आम लोगों में जबरदस्त समर्थन है और लोगों ने मन बना लिया है कि वापस से महागठबंधन की सरकार को झारखंड में स्थापित करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लगातार दौरे करके चुनाव में हेमंत सोरेन को मजबूती प्रदान कर दी है। अंतिम चरण में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के जीत के लिए वें आश्वत हैं और उनके पक्ष में कई बैठकों और रैलियों को संबोधित करने के बाद सघन जनसंपर्क और डोर टू डोर कैंपेन में भी मैं शामिल रहा जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जमीन पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है और आम जनता हेमंत सोरेन को फिर से सीएम का पद देने जा रही है। इस दौरान उन्होंने बताया कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के भ्रमण से यह साफ दिख रहा है कि जनता जागृत है और उन्हें पूंजीपतियों के आठों गिरवी रखने वाले भाजपा के खिलाफ ही जनादेश देने का मन है। हमने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है और पिछले कार्यकाल में जिस मजबूती से हमने झारखंड के वर्षों से लंबित कार्यों को सुचारू रूप से सुधारवादी कदमों से बेहतर क्रियान्वयन किया है उसका परिणाम हमें जरूर मिलेगा।

भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–32वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 30.11..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.12..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.12..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Bathroom, Kitchen and Main Building in Residence No.- 03M at Strand Road, Patna for the year 24-25. | 8.65 | 17,300=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 2 | Sewerage System, Sewer Line, Water Supply, Drainage System in the Campus of Residence No.- 08 at Strand Road, Patna for the year 2024-25. | 13.38 | 26,800=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3 | Renovation of Floor of Garrage and Other Shed in Residence No. - 11 at Strand Road, Patna for the year 2024-25. | 6.52 | 13,100=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 4 | Renovation of Boundary Wall Raising and Concertina Coil Pencing Work in Residence No.- 11 at Strand Road, Patna for the year 2024-25. | 12.23 | 24,500=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 5 | Renovation of Courtyard Shed, Paver and Parking Tiles in Residence No.- 04 at Harding Road, Patna for the year 24-25. | 9.96 | 20,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 6 | Renovation of Parking Shed (90' x 20') and Other Work at Residence of Information and Technology Minister (Residence No.- 17) Under Harding Road Section, Patna for year 24-25. | 14.64 | 29,300=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 7 | Renovation of Bathroom Tiles, Wood Work and Durashine Sheet Roofing in Residence No.- 24A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 14.80 | 29,600=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 8 | Renovation of Portico Shed and P.C.C. Work in Residence No. - 25A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 6.90 | 13,800=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 9 | Renovation of Repairing, Painting and UPVC Work in Main Building in Residence No.- 25A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 10.00 | 20,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 10 | Sewerage System, Sewer Line, Water Supply, Drainage System in the Campus of Residence No.- 25A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 10.00 | 20,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 11 | Renovation and Extension of Staff Qtr. in Residence No. - 27A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 14.88 | 29,800=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 12 | S/R to Roof Treatment of Residence No. - 01 to 17 at Back Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 10.00 | 20,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 13 | Provision of Roofing of Main Building and Portico Shed in Residence No.- 35A at Harding Road, Patna for the year 24-25. | 14.96 | 30,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 14 | Renovation of Mandap Shed in Main Building, Balcony and Campus Development Work in Residence No.- 39 at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 12.88 | 25,800=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 15 | Renovaiton of PHD Work etc. in Residence No. - 39 at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 9.00 | 18,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 16 | Renovation of Bathroom in Residence No.- 42A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 6.26 | 12,600=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 17 | Renovation of Sanitary Installation, Water Supply and Sewerage System in the Campus of Residence No.- 03 at Circular Road, Patna for the year 2024-25. | 13.71 | 27,500=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 18 | Construction of Meeting Hall, One Room and Latrine, Bathroom of Residence No.- 08 Polo Road, Patna for the year 2024-25. (Part- A) | 13.42 | 26,900=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 19 | Construction of Meeting Hall, One Room and Latrine, Bathroom of Residence No.- 08 Polo Road, Patna for the year 2024-25. (Part- B) | 5.25 | 10,500=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 20 | Renovation of Durashine Sheet, Garrage of Residence No.- 08 Polo Road, Patna for the year 2024-25. | 11.52 | 23,100=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 21 | Renovation of Wood Work, UPVC Door Window, Aluminium Jali, Armstrong P.O.P. False Ceiling and Other Works of Residence No.- 08 Polo Road, Patna for the year 2024-25. | 13.68 | 27,400=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 22 | Remaining Work of P.C.C. Road Work in Central Division, Patna for the year 2024-25. | 8.02 | 16,100=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 23 | S/R to Paver Block Resetting Work in Central Division, Patna for the year 2024-25. | 5.00 | 10,000=00 | 750=00 | 01 माह |
| 24 | Renovation of D Block in the Campus of C.M. Secretariat in 04 Desh Ratan Marg, Patna for the year 2024-25. | 13.81 | 27,700=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 25 | S/R to Tank Cleaning Work in Residential Area at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 2.50 | 5,000=00 | 500=00 | 01 माह |
| 26 | Renovation of Examination Hall First Floor of B.P.S.C., Patna for the year 2024-25. | 14.13 | 28,300=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 27 | Day to Day Motor Pump Repair Work at Back Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 3.00 | 6,000=00 | 750=00 | मार्च 2025 |
| 28 | S/R to P.H. Work in Peon Block Qtr. No. - 71 to 75 and 105 at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 01 माह |
| 29 | Renovation of Toughened Glass Door, Glass Film, Roller Blind, Wall Paper and Door Fittings/Accessories in Minister Chamber of Rural Works Department at 5th Floor of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 10.09 | 20,200=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 30 | Renovation of Partition and Paneling Work in Minister Chamber of Rural Works Department at 5th Floor of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 13.57 | 27,200=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 31 | Repair of Room No.- 154 in Middle Wing at Old Sectt., Patna for the year 2024-25. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 01 माह |
| 32 | S/R to Repair and Painting Work in Peon Block Qtr. No.- 112 and 113 at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 01 माह |
| 33 | Renovation of Ceiling Work, Bathroom and Pantry Minister Chamber of Rural Works Department at 5th Floor of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 13.49 | 27,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 34 | Renovation of Examination Hall Second Floor of B.P.S.C., Patna for the year 2024-25. | 14.39 | 28,800=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 35 | A/R to Stair Room of South Side All Floor and Entrance of All Floor and Parapet of Extended Building, Patna for year 24-25. | 3.00 | 6,000=00 | 750=00 | 01 माह |
| 36 | A/R to Wall Paneling, Wardrobe, Tiles Work, Door Window, Wall Paneling and Ceiling Work at First Floor Irrigation Building, Patna for the year 2024-25. | 4.20 | 8,400=00 | 750=00 | 01 माह |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No.012640 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

# कुशवाहा समाज को मिले उचित राजनीतिक भागीदारी : निशिकात

## जगदेव बाबू के सपनों को पूरा करके दिखाएंगे : नागमणि



पटना। समाजसेवी निशिकांत सिन्हा ने कहा कि बिहार के लेनिन कहे जाने वाले शहीद जगदेव बाबू के विचारों के अनुरूप वंचित एवं पिछड़े समुदाय के हक व हुकुक के लिए जन आशीर्वाद संवाद प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज की बिहार में 14 प्रतिशत आबादी है लेकिन आज तक आबादी के अनुरूप इस समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल पाया। सभी पार्टियों ने इस जाति को सिर्फ ठगने का काम किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सिन्हा ने उक्त बातें स्थित गोपी बिगहा शहीद गेट के मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। केंद्र की सरकार में हमारा एक भी जाति की भागीदारी नहीं है। शहिद जगदेव बाबू ने नारा दिया था कि सौ मे नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग हमारा है इस नारा को पूरा करने का काम करूंगा। सभी पिछड़ा ,अति पिछड़ा समाज के लोग एक मुस्त होकर एकता का परिचय देने का काम करिए हम सभी कंधे से कंधे मिलाकर चलने का काम करना पड़ेगा। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री डॉ रेणु कुशवाहा ने कहा की बिहार के बदलाव में महिलाओं की भूमिका भी बड़ी है। उन्होने उपस्थित लोगों को कहा कि आप सभी अपने-अपने घरों की महिलाओं को भी घर की दहलीज से बाहर निकालकर इस आंदोलन में शामिल करें। जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार का श्रम और धन बाहर चला जाता है इसीलिए बिहार गरीब है। अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा कि निशिकांत सिन्हा शहीद जगदेव बाबू के सपनों को पूरा करके दिखाएंगे। आप सभी लोगों का सहयोग की जरूरत है। तभी बिहार में बदलाव होगा बिखरे हुए समाज को एकत्रित कर के एक नया बिहार बनाया जाएगा । कार्यक्रम में योगेंद्र कुशवाहा, राकेश सिंह कुशवाहा, मनोज मेहता, राजा कुशवाहा, चंदन कुशवाहा पूर्व मुखिया जितेंद्र कुशवाहा शेखर कुशवाहा मुखिया अनुराधा देवी मुखीया पूर्व मुखिया मथुरा सिंह पूर्व मुखिया देवनदान सिंह उपेंद्र कुमार मौर्य, अरविंद कुशवाहा, गुड्डू कुमार, कालिका सिंह राम दुलार चौहान, राजेश कुशवाहा,अजय कुमार वर्मा, मुन्ना कुशवाहा, विंध्याचल पासवान, अमन कुमार वर्मा, सुभाष कुशवाहा, फुलेंद्र कुमार, सतीश कुशवाहा,नीतीश कुमार, ललन कुशवाहा,समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नौकरी-रोजगार के लिए मिशन मोड में एनडीए सरकार : अरविन्द

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि प्रगतिशील एवं विकास उन्मुखी कैबिनेट फैसलों से बिहार में उद्योगों का नया युग शुरू करने में लगी है एनडीए सरकार। इसी के फल स्वरुप बिहार के चौमुखी विकास के लिए कैबिनेट में एनडीए सरकार द्वारा फैसले लिए गए हैं कि मुजफ्फरपुर में एथेनॉल प्लांट के लिए 175 करोड़ मंजूर किए गए हैं। वहीं वैशाली में 202.45 करोड़ से खुलेगी साबुन-शैम्पू की फैक्ट्री इसके साथ ही बिहटा में बेकरी यूनिट के लिए 236 करोड़ मंजूर किए गए हैं। बिहार में ही मिले बिहारवासियों को नौकरी-रोजगार इसके लिए मिशन मोड में एनडीए सरकार जुटी हुई हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि जहां राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव के शासन काल में लोग नौकरी-रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो गए थे। क्योंकि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के लोगों को नियुक्ति रोजगार देने की जगह सिर्फ अपने परिवार के लोगों की नियुक्ति एवं रोजगार देने में लगे थे,परिणाम स्वरूप बिहार पलायन का दंश झेलने को मजबूर हो गया था। वहीं एनडीए सरकार में बिहार वासियों को बिहार में ही मिले नौकरी रोजगार इसीलिए मिशन मोड में एनडीए सरकार काम कर रही है।

# झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार : चिराग

- समावेशी विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम होगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना/धनबाद। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को झरिया और धनबाद विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि झारखंड में 23 नवंबर के बाद डबल इंजन की सरकार बननी तय है। उन्होंने कहा कि यहां वह कई सीटों पर चुनाव प्रचार कर चुके हैं और हर जगह लोगों के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति आस्था और विश्वास का भाव दिखा। राज्य की मौजूदा झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इनके नेताओं ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम कर दिया। राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए और पूरे राज्य को शर्मसार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना और इस दिशा में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड भी विकास की राह पर तभी आगे बढ़ पाएगा, जब यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। आने वाले पांच वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। यह रास्ता पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में ही तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी ही हैं, जिन्होंने महान आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। दो दिन पहले उन्होंने उनकी जयंती के अवसर पर बिहार के जमुई में 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से न सिर्फ झारखंड और बिहार, बल्कि देश के जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही अगले पांच वर्ष में सुदृढ़ तथा समावेशी विकास के लिए रोडमैप बनाकर काम होगा, ताकि वंचित वर्ग के साथ सभी वर्गों का कल्याण हो सके। उन्होंने झरिया सीट पर भाजपा की प्रत्याशी रागिनी सिंह और धनबाद में राज सिन्हा को विजयी बनाने की अपील की।

# महान स्वतंत्रता सेनानी, आदर्श राजनेता और साहित्यकार थे कैरव

- कपिल सिंह मुनि ने शब्दों से नहीं आचरण से उपदेश दिए
- जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



1942-क्रांति के अग्र-पांक्तेय नायकों में एक पं बुद्धिनाथ झा कैरव एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, एक आदर्श राजनेता और स्तुत्य साहित्यकार भी थे। स्वतंत्रता पूर्व 1937 में बिहार विधान सभा के लिए हुए निर्वाचन में गोड्डा से विधायक चुने गए कैरव जी 1942 के आंदोलन में अंग्रेजी सरकार द्वारा गिरफ़्तार कर लिए गए थे और उन्हें भागलपुर सेंट्रल जेल में बंद रखा गया था। स्वतंत्रता के पश्चात वे 1957 तक विधान सभा के सदस्य रहे, किंतु पटना या देवघर में, जिसे उन्होंने अपना कर्मक्षेत्र बनाया था, एक घर तक नहीं बनाया। एक गाड़ी भी नहीं खरीदी। साइकिल पर चला करते थे। वहीं अपने धर्म-पारायण जीवन और आचरण से समाज को मनुष्यता का संदेश देने वाले साधु-पुरुष कपिल सिंह ह्यमुनिह्न एक ऐसे संत थे, जिन्होंने शब्दों से नहीं अपने आचरण से उपदेश दिया करते थे। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती समारोह एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, कैरव जी की साहित्यिक और कारयतिक प्रतिभा बहुमुखी थी। उनकी समाज-सेवा, राष्ट्रसेवा और साहित्य-सेवा मानवतावादी और संवेदना प्रधान रहीं। साहित्य सम्मेलन के प्रचारमंत्री के रूप में उन्होंने तत्कालीन बिहार के सभी ज़िलों में ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलनों को सक्रिए और सार्थक बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। वे सम्मेलन के एकादशवें अधिवेशन के अवसर पर संथाल परगना में हिन्दी-प्रचारार्थ गठित उपसमिति के संयोजक बनाए गए थे। आदिम जातियों के बीच हिन्दी के प्रचार में उनके योगदान को सदा स्मरण किया जाएगा। समारोह का उद्घाटन करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि कैरव जी एक बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी, एक महान शिक्षाविद, साहित्यकार और राजनेता थे। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पुष्पा जमुआर, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ई अशोक कुमार तथा मुनि जी के साहित्यकार पुत्र डा आर प्रवेश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कविसम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ कवयित्री सुजाता मिश्र, डा सुषमा कुमारी, सरिता मण्डल, डा रमाकान्त पाण्डेय, डा पंकज कुमार सिंह, शंकर शरण आर्य, नीता सहाय, सुनीता रंजन, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, अरविन्द अकेला, अजीत भारती आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को झूमने पर विवश किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। वरिष्ठ व्यंग्यकार बाँके बिहारी साव, वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता आनन्द मोहन झा, अमित प्रकाश, प्रेम अग्रवाल, डा चंद्रशेखर आजाद, रवीन्द्र कुमार सिंह, अमित प्रकाश, भास्कर त्रिपाठी, नन्दन कुमार मीत, कुमारी मेनका, डौली कुमारी, मयंक कुमार मानस आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# खड़गे का बयान हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रमाण : विप्लव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भाजपा और आरएसएस को जहरीला सांप बताने और मार देने की बात करने वाले बयान पर भाजपा प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बयान कांग्रेस की हिंसक सोच और हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। साफ है कि मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान भरा हुआ है। यह बयान न केवल भाजपा और आरएसएस से जुड़े करोड़ों राष्ट्रभक्तों का अपमान है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध भी है जो वैचारिक असहमति को भी सम्मान देता है। विप्लव ने कहा, ह्लखड़गे जी, जिन रजाकारों और निजाम के समर्थकों ने आपके परिवार को जिंदा जलाया, उनके खिलाफ आप कभी बोलने की हिम्मत नहीं करते, क्योंकि वे आपके वोट बैंक का हिस्सा हैं। लेकिन भाजपा और आरएसएस को हिंसक धमकी देकर आप उन्हीं का तुष्टिकरण कर रहे हैं ! उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता पुरानी है जो हिंदू आतंकवाद जैसे झूठे नैरेटिव गढ़ती रही है। लेकिन भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ता ऐसे बयानों से डरने वाले नहीं हैं। जनता इस घृणित राजनीति का करारा जवाब देगी।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स चुनाव के दूसरे दिन कुल 35 लोगों ने किया नामांकन

मनीगाछी(दरभंगा)। अगामी एक दिसम्बर को होने वाले पैक्स चुनाव के लिए चल रहे नामांकन के दूसरे दिन सोमवार को कुल 35 लोगों ने अपने नामांकन दाखिल करवाए।इनमें अध्यक्ष पद के लिए 6 एवं सदस्य पद के लिए कुल 29 लोगों ने अपने नामांकन दाखिल किए। बीडीओ डी एल यादव ने बताया कि पैक्स का चुनाव इस प्रखंड में एक दिसम्बर को संपन्न कराया जाएगा।

### प्रखण्ड क्षेत्र के चार सरकार भवन में खोले जाएंगे पोस्ट आफिस

मनीगाछी(दरभंगा)। जगदीशपुर, गंगौली कनकपुर, चनौर एवं राघोपुर दक्षिण स्थित पंचायत सरकार भवन में पोस्ट आफिस को शिफ्ट किया जायेगा। इसको लेकर डाक विभाग की ओर से प्रति पंचायत सरकार भवन प्रति माह 500 रुपया किराया मिलेगा। पंचायत सरकार भवन में डाक घर खोले जाने को लेकर ग्राम पंचायत व डाक विभाग के बीच इकरारनामा हो चुका है। डाक घरों में डाक सुविधा के अलावा बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैंकिंग सुविधा के तहत बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, आरडीटीडी सहित अन्य सुविधाएं आनलाइन के माध्यम से प्रदान की जाएगी। डाक के माध्यम से कामन सर्विस सेंटर के अन्तर्गत श्रम कार्ड, पैन कार्ड, फसल बीमा योजना सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र के चार पंचायत सरकार भवनों में डाक घर प्रथम चरण में शुरू किया जाएगा।

### विभूतिपुर में 6 कार्यकारिणी सदस्यों का नामांकन अस्वीकृत

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पैक्सों के 6 सदस्यों का नामांकन जाति प्रमाण पत्र व अन्य कारणों से नामांकन पर्चा अस्वीकृत कर दिया गया है। यह जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रमोहन पासवान ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड अंतर्गत खास टभका दक्षिण और विभूतिपुर पूरब को छोड़कर 27 पैक्सों के लिए नामांकन लिया गया था। जिसमें 5 पैक्स अध्यक्ष और 202 प्रबंध समिति सदस्यों के विरुद्ध प्रत्याशी नहीं रहने के कारण इनका निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय माना जा रहा है और कुल 22 पैक्सों में हीं निर्वाचन होना है। अब, प्रखंड के 22 पैक्सों में अध्यक्ष पद के कुल 73 और प्रबंध समिति के 125 प्रत्याशियों के नामांकन वैध हैं। नामांकन वापस के बाद वैध प्रत्याशियों के बीच चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### शराब मामले में एक गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के भागीरथपुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभियुक्त नंदन कुमार के रूप में हुई है।। इस संबंध अपर अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि सूचना मिलते ही थाने से एसआई सिंपी कुमारी अजय कुमार पुलिस पदाधिकारी को प्रभारी थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आगे बताया कि 7 नवंबर को उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी पर प्राथमिक दर्ज की गई थी। जिसमें गिरफ्तार आरोपी की तलाश थी।

# जिलाधिकारी के अध्यक्षता में महोत्सव की सफलता को लेकर आयोजित हुई बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उच्चैठ कालीदास महोत्सव 2024 की सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 दिसंबर एवं 8 दिसंबर 2024 को बेनीपट्टी उच्चैठ स्थित कालिदास विद्यापति साइंस कॉलेज में उच्चैठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यो से कार्यक्रम की तैयारी हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा संभावित व्यय कलाकारों का चयन आदि विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श किया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारो को चयन में प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने दो दिवसीय कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिए ताकि इस कार्यक्रम में जिले के अधिक से अधिक लोगो की सहभागिता हो सके। गौरतलब हो कि इस दो दिवसीय महोत्सव में वाद विवाद,काव्यपाठ,सेमिनार के आयोजन के साथ -साथ भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,स्थानीय कलाकर सहित कई नामचीन कलाकार भाग लेगे।

पर्यटन विभाग बाहर सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है।

# भाजपा एक मात्र पार्टी जो संगठन आधार पर चुनाव लड़ती है: राजेंद्र सिंह




प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में आहूत हुआ ।इस बैठक में प्रदेश सदस्यता प्रभारी सह जाले विधायक जीवेश मिश्रा ,जिला चुनाव प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने भाग लिया । प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी जीवेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पार्टी सर्वस्पर्शी और समावेशी बनाना है जिससे पार्टी की पहुंच समाज के सभी वर्गों तक हो सके इसलिए चुनाव में इस विषय पर ध्यान देना है कि सभी वर्गों का समावेश हो । जिला चुनाव प्रभारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र पार्टी है जो नेताओं के आधार पर नहीं बल्कि संगठन और विचारधारा तथा बूथ के आधार पर चुनाव लड़ती और जीतती है हर पराजय के बाद कांग्रेस का छोटे छोटे दलों के रूप में उदय होता है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कभी बिखरती नहीं बल्कि गिरकर पुनः खरी हो जाती है।क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार का मूल सबका साथ सबका विकास और संगठन का मूल सर्वस्पर्शी बनाना है इसी सिद्धांत पर बूथ को मजबूत करना है ।संगठन को आगे बढ़ाने और भारतीय जनता पार्टी को एक पूर्ण पार्टी बनाने के लिए आवश्यक है कि हर एक बूथ पर भगवा झंडा दिखाई दे।

केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा कि सदस्यता अभियान हमारे लिए एक मौका है हर कमजोर बूथ को मजबूत बनाने और जहां पार्टी मजबूत नहीं है उसे मजबूत करने की ।हर एक कार्यकर्ता एक बूथ लेकर मजबूत करे।

बैठक में विधायक स्वर्णा सिंह,विधायक रामचंद्र प्रसाद, अभय झा ,विजय चौधरी,अंकुर गुप्ता ,राजेश रंजन,विवेका पासवान ,सुजीत मल्लिक,संजीव साह ,दिलीप भारती,सचिन जैन ,कन्हाई पासवानआदि उपस्थित थे।

# स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद बना इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन

## राहुल रमन बने मैन ऑफ द मैच और मोनू कुमार मैन ऑफ द सीरीज



प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा ।बेगूसराय जिला अंतर्गत बरौनी स्थित एपीएसएम महाविद्यालय द्वारा 12 नवंबर से 16 नवंबर तक ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25, अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष) के फाइनल मैच में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद, दरभंगा की टीम ने बरौनी स्थित एपीएसएम महाविद्यालय को 2 विकेट से पराजित कर शील्ड अपने नाम किया। इस बाबत परिषद अध्यक्षा डॉ प्रियंका राय ने हर्षित होकर बताया कि इस प्रतियोगिता में मधुबनी जिले के आरके कॉलेज, जे न कॉलेज तथा दरभंगा के एमएलएसएम कॉलेज व स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद एवं समस्तीपुर कॉलेज के बीआरबी कॉलेज, ए एन डी कॉलेज, शाहपुर पटोरी, एलकेबीडी कॉलेज, ताजपुर, मौलाना मजहरूल हक टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज तथा बेगूसराय जिले से जीडी कॉलेज और एपीएसएम कॉलेज की पुरुष क्रिकेट टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ राय ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता नॉक आउट की तर्ज पर खेली गई थी तथा स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सभी मैच जीतें। परिणामस्वरूप स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद, दरभंगा की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एपीएसएम महाविद्यालय ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाये। इसके जवाब में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद की टीम ने निर्धारित 163 रन के लक्ष्य को 18.3 ओवरों में 8 विकेट के बिना नुकसान पर प्राप्त करके इस प्रतियोगिता की चैंपियन टीम बनीं। इस मैच में राहुल रमन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं ए०पी०एस०एम० महाविद्यालय के मोनू कुमार को मैन ऑफ द सीरिज चुना गया।मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण सह-समापन समारोह कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो० चंद्रभानु प्रसाद सिंह की मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में जीडी कॉलेज, बेगूसराय के प्रधानाचार्य प्रो राम अवधेश कुमार, एस बीएस एस कॉलेज,बेगूसराय के प्रधानाचार्य प्रो० अवधेश कुमार व विश्वविद्यालय खेल विभाग की ओर से मनीष कुमार आदि की सम्माननीय उपस्थिति रही। एपीएसएम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार ने पुष्प-गुच्छ व अंगवस्त्र से आगंतुक अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया।

# जयनगर में ट्रैफिक डीएसपी के द्वारा चलाया जन जागरूकता अभियान



प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी जयनगर शहर को जाम की जन समस्या से निजात दिलाने व यातयात नियमों के पालन को लेकर एसपी सुशील कुमार के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी सुजीत कुमार जयनगर पहुँचे। ट्रैफिक डीएसपी सुजीत कुमार के साथ जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, जयनगर थाना के अपर थाना अध्यक्ष गोपाल कृष्ण अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत नगरपंचायत प्रशासन के कर्मिगण और ट्रैफिक व पुलिस बल के साथ शहर के बाजार भर्मण करते हुए निरीक्षण कर जाएजा लिया। दुकानदारो ,वाहन चालकों समेत आम जनो को यत्र तत्र वाहन का पड़ाव न करने दुकान के बाहर सड़क किनारे सामानो को न लगाने एवं अतिक्रमण नही करने यातायात नियमो का पालन करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस और नगरपंचायत के द्वारा यत्र तत्र लगाए गये वाहन चालको समेत अतिक्रमण को लेकर जुमार्ना भी लगाया गया। ट्रैफिक डीएसपी सुजीत कुमार ने कहा कि आज पहले दिन आम जनो के बीच यातायात नियमों के पालन करने और अतिक्रमण नही करने व यत्र तत्र वाहनो पड़ाव न करने की अपील के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया है जो अभियान के तहत आगे भी जारी रहेगा। हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। निर्देश का पालन नहीं करने पर जुमार्ना लगाया जाएगा और कार्रवाई भी की जाएगी। सड़क को अतिक्रमण न करने व यातायात नियमो के पालन करने की जागरूक और अपील की गई है। शहरी क्षेत्र में जाम से निजात और यातायात को जगहो का चयन कर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# मशरूम उत्पादन, पैकेजिंग एवं विपणन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।डा राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में मशरूम उत्पादन, पैकेजिंग एवं विपणन पर पांच दिवसीय, पंद्रह दिवसीय और एक महीने के तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रयास से मशरूम उत्पादन में बिहार पहले स्थान पर है। मशरूम की खेती सीमांत किसानों के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें खेत की जरूरत नहीं होती। छोटी सी झोपडी से मशरूम उत्पादन किया जा सकता है। मशरूम के उत्पादन के बाद उसकी पैकेजिंग और मार्केटिंग बहुत जरूरी है ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके। इस प्रशिक्षण से निश्चित रूप से किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि तीन प्रशिक्षण एक साथ कराये जा रहे हैं, पहला किसानों के लिए है, दूसरा मास्टर ट्रेनर के लिए और तीसरा उद्योगपतियों के लिए है। विश्वविद्यालय मशरूम क्रांति को पूरे देश में ले जाना चाहता है। उड़ीसा , झारखंड और गोवा में भी विश्वविद्यालय किसानों को प्रशिक्षण दे रहा है ।निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ मयंक राय ने कहा कि मशरूम उत्पादन को लेकर विश्वविद्यालय ने पूरा चेन विकसित किया है जिसमें बीज उत्पादन से लेकर मशरूम के विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों के साथ प्रशिक्षण के बाद भी लगातार संपर्क में बने रहेंगे ताकि उन्हें बाद में भी यदि किसी तरह की समस्या हो तो उसका तुरंत समाधान किया जा सके। निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने कहा कि मशरूम का उत्पादन धान के पराली पर भी किया जा सकता है। इससे कई राज्यों में पराली की समस्याओं से भी निजात मिल सकता है। आधारभूत एवं मानविकी महाविद्यालय के डीन डॉ अमरेश चंद्रा ने मशरूम उत्पादन के मार्केटिंग और पैकेजिंग के विभिन्न आयामों की विस्तार से चर्चा की। मशरूम वैज्ञानिक डा दयाराम ने मशरूम उत्पादन में होने वाले फायदे और उसके बाजार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में मंच संचालन डॉ आरबी प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनीता सत्पथी ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ मोतीलाल मीणा, डॉ फूलचंद, डॉ सुधा नंदिनी, सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच पैक्स अध्यक्ष समेत प्रबंध समिति निर्विरोध

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण से अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार सिंह, प्रबंध समिति सदस्य (अनु.) से उमेश पासवान, अति पिछड़ा से चुनचुन देवी व बोढ़न साह, पिछड़ा से तरुण कुमार यादव, सामान्य से आनंद कुमार, शंकर कुमार सिंह व रविशंकर मिश्र, मुस्तफापुर डीह पैक्स से अध्यक्ष पद से हुकूमदेव राय, प्रबंध समिति अनु.जाति से मुन्नी देवी व कुशो पासवान, अति पिछड़ा से दीपक कौशल व पूजा देवी, पिछड़ा से संतोष कुमार व माया देवी और सामान्य सदस्य पद से तिलकेश्वर महतो, सुरेश राय, अनिता देवी, राम नरेश झा और कुमारी अर्चना, बेलसंडीतारा पैक्स से अध्यक्ष पद से अनुज कुमार, प्रबंध समिति में अनु. जाति से ललिता देवी व उमेश पासवान, अति पिछड़ा से सुनीता देवी व फूलो देवी, पिछड़ा से कंचन देवी, सामान्य से कृष्णदेव सिंह व रुक्मीणि देवी, साखमोहन पैक्स से अध्यक्ष पद पर रामकेश्वर सिंह, प्रबंध समिति में अनु.जाति से सुनीता देवी व रमेश पासवान, अति पिछड़ा से बौधू साह व शिव कुमारी देवी, पिछड़ा से पानो देवी व मिट्ठू महतो, सामान्य से कपिलदेव सिंह, अनिल कुमार सिंह, राजेश कुमार झा, सुधा देवी व मंजू देवी, नरहन पैक्स से अध्यक्ष पद से रंजन पासवान, अनुसूचित जाति से मीना देवी व शिवशंकर पासवान, अति पिछड़ा से सोनी देवी व अशोक कुमार भगत, पिछड़ा से कविता देवी व नीतीश कुमार, सामान्य से रामाकांत सिंह व मनोज कुमार का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा। उक्त जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रमोहन पासवान ने दी।

# लेखक नवीन जोशी को मिला अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर, स्वराज खबर ।उत्तराखंड के वरिष्ठ लेखक नवीन जोशी को रविवार को शहर के क्लब रोड स्थित एक होटल में आयोजित समारोह मे15वां अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति सम्मान से नवाजा गया ।उन्हें यह सम्मान उनके उपन्यास देवभूमि डेवलपर्स के लिए दिया गया है। यह उपन्यास उत्तराखंड की भूमि पर नेताओं, ठेकेदारों और बिचौलियों के सहयोग से कॉर्पोरेट्स द्वारा कब्जा जमाने की कहानी पर आधारित है ।इसमें जन-आंदोलनों और उनके आंतरिक अंतर्विरोधों को भी प्रभावशाली ढंग से उजागर किया गया है। सम्मान के तौर पर उन्हें प्रशस्ति-पत्र, मोमेंटो और 21 हजार की राशि प्रदान की गयी। प्रशिस्ति-पत्र का वाचन मनोज कुमार वर्मा ने किया। सम्मान मिलने के बाद नवीन जोशी ने कहा कि खड़ी बोली हिंदी के लिए संघर्ष करने वाले अयोध्या प्रसाद खत्री के नाम पर सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है ।उन्होंने देवभूमि डेवलपर्स उपन्यास की कथा वस्तु पर विस्तार से चर्चा की.। उन्होंने कहा कि जो नेता उत्तराखंड के बनने का विरोध कर रहे थे, वहीं उत्तराखंड बनने के बाद वहां नेतृत्व करने के लिए आगे आ गए.।. उत्तराखंड की जमीन पर कब्जा किया जाने लगा।अनखनंद नदी पर आज 350 जल परियोजनाएं चल रही हैं। बारिश के दिनों में मलबा जम जाता है। पहाड़ों पर 100 किमी से अधिक लंबी सड़क नहीं बनाने का नियम है। इससे अधिक बनाने के लिए पर्यावरण समिति से मंजूरी लेनी होगी।. इस नियम को ताक पर रख कर 900 किमी लंबी सड़क को नौ प्रोजेक्ट में बांट दिया गया है और राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय बताया जा रहा है देवभूमि डेवलपर्स इन्हीं विषयों को लेकर लिखा गया है ।उत्तराखंड की महिलाओं ने जानवरों के चारे, चूल्हे की लकड़ी और पानी के लिए जो तकलीफ झेला है, उसे उपन्यास में स्थान दिया गया है। कार्यक्रम का विषय प्रवेश अयोध्या प्रसद खत्री स्मृति समिति के संयोजक वीरेन नंदा ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कहानीकार अवधेश प्रीत ने देवभूमि डेवलपर्स उपन्यास पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी।. उन्होंने कहा कि यह उपन्यास जनसंघर्षों का दस्तावेज है।. इस उपन्यास के सभी पात्र यथार्थ से जुड़े हैं।. यहां होने वाले आंदोलन को मीडिया में जगह नहीं मिलती थी। नैनीताल समाचार ही था, जो जनसंघर्षों की खबरें प्रकाशित किया करता था। पर्वतीय समाज के साथ सरकार द्वारा बार-बार दुर्व्यवहार ने आंदोलन की जमीन तैयार की और उत्तराखंड की मांग बढ़ने लगी ।उत्तराखंड के संघर्षों की पूरी कहानी इस उपन्यास में है। इसे बहुत शोध के साथ लिखा गया है। लोगों को उजाड़ना ही विकास है क्या, यही उपन्यास का संदर्भ है।. अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति समिति के अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार रवि ने खत्री स्मृति सम्मान पर अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापन कामेश्वर प्रसाद दिनेश ने किया।

# चार दिवसीय जिला खेल महोत्सव का समारोह पूर्वक हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। चार दिवसीय जिला खेल महोत्सव 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विवेक कुमार सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा सह अध्यक्ष भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण बिहार ,जिलाधिकारी दरभंगा सह अध्यक्ष जिला खेल महोत्सव राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी के कर कमलों से पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी को दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रतीक चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी को प्रतीक चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर प्रदीप गुप्ता संयुक्त सचिव जिला खेल संघ दरभंगा ने सम्मानित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री समर बहादुर सिंह को जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह पप्पू तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार को प्रतीक चिन्ह एवं पौध प्रदान कर दिलीप भगत ने स्वागत किया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला में खेल की गतिविधि को बढ़ाने में,जिला खेल महोत्सव के आयोजन के लिए संपूर्ण जिला खेल संघ की समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विवेक कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजन के लिए दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव व उनकी संपूर्ण कार्यकारणी एवं विभिन्न समिति तथा उप समिति में दायित्व का निर्वहन करने वाले खेल संघ के अधिकारियों के साथ शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं वरीय खिलाड़ियों की महती भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने अच्छे स्टेडियम के निर्माण एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु खेल विभाग से संबंधित सहयोग का आश्वासन दिया। उनकी उपस्थिति एवं उद्बोधन से संपूर्ण नेहरू स्टेडियम में उत्साह का वातावरण बना ।कोई ऐसा व्यक्ति नहीं जिसका संबंध खेल से नहीं होता, बाल्य काल से लेकर अंतिम समय तक मानव खेल से जुड़ा हुआ है। चार दिवसीय जिला खेल महोत्सव के पुरस्कार वितरण समारोह में विजय प्रतिभागी टीम एवं खिलाड़ी को मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी दरभंगा ,वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दरभंगा तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दरभंगा के द्वारा सम्मानित होकर फुले नही समा रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने किया ।पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन नवीन कुमार सिंह संयुक्त सचिव जिला खेल संघ दरभंगा एवं रविंद्र कुमार सिंह जिला सचिव हैंडबॉल संघ दरभंगा ने संयुक्त रूप से किया।

# कार्यकर्ता ही संगठन की पूंजी होती है : प्रो विनय चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता



बेनीपुर(दरभंगा) ।स्थानीय विधायक सह जदयू के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी संगठन या दल की पूंजी होती है ।कोई भी दल या पार्टी एवं संगठन कार्यकर्ता के ऊपर ही निर्भर रहती है। वे रविवार को बेनीपुर के पूर्व उप प्रमुख प्रेम कुमार झा के दरवाजे पर जदयू प्रखंड कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश एवं प्रदेश में एनडीए की सरकार चल रही है । जिसमें सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगी हुई है और हर जगह हर क्षेत्र में दृष्टिगोचर हो रही है। हम कार्यकताओं की जवाब देही बनती है कि इसे अधिक से अधिक प्रचारित एवं प्रसारित करें जिससे आम लोगों को यह भावना जागृत हो सके की बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार और देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ही विकास के एकमात्र प्रतीक है । इनके नेतृत्व में ही देश और प्रदेश का विकास संभव है । इस दौरान उन्होंने पंचायत बार गठित कमेटी के कार्य प्रणाली का समीक्षा करते हुए कहा कि एनडीए के सभी घटकों का कार्यकताओं का समन्वय बनाकर चलना हम लोगों का दायित्व बनता है । जिसे बुथ स्तर से लेकर से पंचायत एवं प्रखंड और जिला स्तर तक इसको मजबूत और धारदार बनाने की आवश्यकता है ।इस क्रम में कई पंचायत के पंचायत अध्यक्ष की असफलताको रेखांकित करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक सक्रिय होकर टीम भावना से काम करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करें इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र के संगठन को और अधिक धारदार बनाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के तुलना में नगर क्षेत्र के संगठन की सक्रियता थोड़ी कमजोर है जिसेज्यादा मजबूत करने की आवश्यकता है ।उन्होंने सभी पंचायत अध्यक्षों एवं कार्यकताओं से कहा कि विकास करने वालों को चुनाव के समय की इंतजार करने की जरूरत नहीं होती है दिन-रात 24 घंटे कार्य करता और संगठन हमेशा चुनावी मोड में रहा करते हैं ।जनता की सेवा को उन्होंने सर्वोपरि बताते हुए सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान सभी कार्यकताओं से की ।

### सांप काटने से मासूम की हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के मलिकौली गांव में रविवार की रात सांप काटने से 3 वर्षीय मासूम किशोर की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है ।मृतक की पहचान गांव के ही उमेश राम के तीन वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। परिजन के मुताबिक घर के आंगन में वह खेल रहा था। अचानक एक विषैला सांप ने उसे काट लिया, परिजन उसे इलाज के लिए मुजफ्फरपुर ले गए। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं स्थानीय पुलिस ने मृतक मासूम को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। जानकारी प्रभारी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने दी।

# सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर विदेशी शराब के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सिमुलतला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 में बने यात्री शेड में बैठे दो युवक को झाझा रेल पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार कर झाझा रेल थाना लाया गया ।शोमवार को थाना प्रभारी बिंद कुमार ने बताया की दोनो युवक के पास से 18 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ है ।गिरफ्तार युवक की पहचान सोनु कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है ।जो पटना जिला के अलग अलग क्षेत्र का रहने वाला है ।गिरफ्तार दोनो युवक के बैग की तलाशी लेने पर कुल 18 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ है। गिरफ्तार दोनों युवक पर झाझा रेल थाना में केस दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ई.अलीगंज प्रखंड में आज नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को मिलेगा चुनाव चिन्ह

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स)के अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए, प्रथम चरण 26 नवंबर को अलीगंज प्रखंड के ग्यारह पंचायतों में पैक्स चुनाव होना है जिसको लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है,वहीं मंगलवार को नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी अभिषेक भारती ने जानकारी देते हुऐ बताया की मंगलवार दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव चिन्ह का वितरण किया जायेगा। नामांकन की प्रक्रिया 11 नवंबर नवंबर से 13 नवंबर तक चली , 14 से 16 नवम्बर तक संवीक्षा की गई , 19 नवंबर तक नाम वापसी एवं चिन्ह आवंटन किया जाएगा। मतदान 26 नवंबर को होगा. पहले चरण में विभिन्न पदों के लिए मतपत्र का रंग निर्धारित विभिन्न पदों के लिए मतपत्र का रंग निर्धारित किया गया है.लाल रंग का मतपत्र अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए होगा. आसमानी रंग का मतपत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कोटि से प्रबंध समिति के सदस्य के दो पदों के लिए एक महिला उम्मीदवार एवं शेष उम्मीदवारों में से एक पुरुष अथवा अन्य महिला उम्मीदवार के नाम के सामने मुहर लगानी ह।

# लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत 10 पैक्सों में होने वाले चुनाव में नामांकन के दुसरे दिन लगी भीड़

## अध्यक्ष पद पर 23 अभ्यर्थी और सदस्य पद पर 46 उम्मीदवारों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया नामांकन पत्र दाखिल



**प्रात : किरण, संवाददाता**

जमुई/ लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत मटिया, गौरा,पिड़रौन,दिग्धी, मड़ैया, ककनचौर, मोहनपुर,नजारी, हरला एवं खिलार पंचायत के नावाबांध पैक्सों में चौथे चरण में चुनाव 01 दिसम्बर को होना है और उसी दिन शाम में मतगणना भी होना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति ( पैक्स) चुनाव 2024 के लिए प्रखंड मुख्यालय में 04 काउंटर बनाया गया है। प्रथम काउंटर पर एआरओ सह लेवर इंस्पेक्टर विकास कुमार एवं अन्य कमीयों के साथ अध्यक्ष पद पर नामांकन पत्र जमा लिया जा रहा है। दुसरे काउंटर पर एआरओ सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिल देव पासवान के गरीमामयी उपस्थित में प्रबंध समिति सदस्य पद पर 04 पैक्सों का नामांकन पत्र जमा लिया जा रहा है। तीसरे काउंटर पर 03 पैक्स का एआरओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तारकेश्वर मिश्र की उपस्थिति में नामांकन पत्र जमा लिया जा रहा है और चौथे काउंटर पर भी 03 पैक्स का एआरओ सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की उपस्थिति में प्रबंध समिति सदस्य पद का नामांकन पत्र जमा लिया जा रहा है। पैक्स चुनाव के लिए लक्ष्मीपुर प्रखंड में 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक नामांकन पत्र अभ्यर्थी दाखिल करेंगे। नामांकन के दुसरे दिन सोमवार को अध्यक्ष पद पर 23 उम्मीदवारों ने अपने अपने पैक्स से नामांकन पत्र दाखिल किया है।

मटिया पैक्स से अध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सह जमुई,मुंगेर कोऑपरेटिव के निदेशक मुकेश यादव, हरला पैक्स से वर्तमान अध्यक्ष नरेश यादव उर्फ भगत जी की धर्मपत्नी रूणा देवी, संतोष कुमार मंडल और रंजीत कुमार यादव, मड़ैया पैक्स से सुरेन्द्र यादव,खिलार पंचायत के नावाबांध पैक्स से शरीफ यादव, विजयकांत यादव और शिवन यादव,नजारी पैक्स से ललन कुमार उर्फ ललन दास, ककनचौर पैक्स से परमेश्वर यादव और बालदेव प्रसाद यादव, मोहनपुर पैक्स से कुमारी सुलोचना और बहादुर यादव, गौरा पैक्स से राजेंद्र प्रसाद राय और कुन्दन कुमार,पिड़रौन पैक्स से विवेकानन्द सिंह, रौशन सिंह, देवेन्द्र यादव और सरिता देवी एवं दिग्धी मड़ैया से वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, रमेश कुमार सिंह और 86 वर्षीय दरोगा यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं प्रबंध समिति सदस्य पद पर 10 पैक्सों में कुल 46 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# पैक्स चुनाव को लेकर हुई बैठक 19- 21 नवंबर तक होगा नामांकन




**प्रात : किरण संवाददाता**

जमुई [ झाझा ] सोमवार को प्रखंड कार्यालय में निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रविजी की अध्यक्षता में एक बैठक निर्वाचन प्राधिकार के तहत झाझा प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर आयोजित की गई। बीडीओ ने बताया कि चुनाव को लेकर 11 बूथ, पीसीसीपी 7, सेक्टर 3, एआरओ 4 बनाया गया है। बीडीओ ने बताया कि नामांकन से लेकर मतगणना कार्य तक सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम रहेगा।बैठक के संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर नाम निर्देशन की तिथि 19- 21 नवंबर तक समय अवधि सुबह 11 बजे से 3 बजे शाम तक सुनिश्चित किया गया। उसके बाद संवीक्षा की तिथि 22 -23 नवंबर तक रखा गया है। अभ्यर्थिता वापसी, प्रतीक आवंटन की तिथि 26 नवंबर, मतदान की तिथि 3 दिसम्बर और मतगणना की तिथि भी 3 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिसने एसएचओ संजय कुमार के अलावे चुनाव के लिए चयनित सभी एआरओ शामिल हुए। प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायत जिसमे कनोदी, छापा, खुरण्डा, कानन, पैरगाहा, टेलवा, केशोपुर, धमना, जामूखरैया, रजला, चांय शामिल हैं। इन सभी पंचायतों में शांतिपूर्ण रूप से चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न करने और विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कई बिंदुओ पर चर्चा की गई।

# आयुष्मान कार्ड बनाने की आशाकर्मी को दी गई जिम्मेवारी




**प्रात : किरण, संवाददाता**

जमुई [ झाझा ] क्षेत्र में काम करने वाली आशाकर्मी को एक ओर बड़ी जिम्मेवारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से दे दी गई है। क्षेत्र में टीकाकरण एवं अन्य कार्यो के साथ साथ आशाकर्मी को आयुष्मान कार्ड बनाने का भी काम दिया गया। इस संदर्भ में रेफरल अस्पताल झाझा में पदस्थापित बीसीएम पंकज कुमार ने बताया की वरीय पदाधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर निर्देश लागू किया गया। इसके लिए आशाकर्मी के बीच बैठक भी रखने का निर्देश मिला है लेकिन वर्तमान में आशाकर्मी क्षेत्र में पोलियो अभियान में जुटी हुई है इसलिए आशाकर्मी को पोलियो अभियान के समापन के बाद बैठक कर उनलोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बीसीएम ने आगे बताया कि क्षेत्र में वैसे लोग जिनका राशनकार्ड बना हुआ है और आयुष्मान कार्ड से वह वंचित हैं वैसे लोगों के बीच आशाकर्मी पहुंचेगी और फिर उनलोगों का आयुष्मान कार्ड बनाएगी। बीसीएम न आगे बताता की आशाकर्मी को अपने मोबाइल से ही आयुष्मान कार्ड लोगों का बनाना है। क्षेत्र में कई लोग ऐसे भी होते हैं जो अपना ओटीपी बताने से हिचकिचाहट रखते हैं तो वैसे लोग पूर्ण रूप से संतुष्ट हो जाये कि सिर्फ क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जाने वाली आशाकर्मी का सहयोग करे जिससे आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों का आसानी से कार्ड बनाया जा सके। बीसीएम ने कहा कि क्षेत्र में आशाकर्मी लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएगी।

# दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड के सिमरिया भिंडी पंचायत भवन पर यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के सहयोग से नाबार्ड संपोषित औसेफा गोटरी किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सदस्यों का दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण, आरसेटी के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह, प्रशिक्षक मुकुंद कुमार सिंह, औसेफा के निदेशक देव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीडीएम नाबार्ड श्री कृष्ण ने एफपीओ के सदस्यों से रूबरू होते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन कर अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण रोजगार सृजन में काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने बकरी पालने से लेकर बिक्री करने तक का लाभ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एफपीओ द्वारा मार्केटिंग की सुविधा प्रदान करने से बकरी पालकों को सही कीमत मिलने के साथ-साथ बिचौलिए से भी मुक्ति मिलेगी। आरसेटी के निदेशक श्री सिंह ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण करी है। अच्छे नस्ल की बकरी पालने से सालाना लाखों की कमाई की जा सकती है। प्रशिक्षक मुकुन्द कुमार सिंह द्वारा बकरी की प्रजाति, आवास, रखरखाव, आहार, टीकाकरण, रोगों का उपचार, बकरियों का बाजार तथा बैंकिंग संबंधी जानकारी दी जाएगी।

# ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रवृष्टि के बाद अब स्कूली बच्चों का बनेगा यूनिक अपार आईडी

## शिक्षा विभाग की तैयारी:अपार आईडी मे होगी बच्चों से संबंधित संपूर्ण जानकारी

**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूली बच्चों का स्वचालित स्थाई शैक्षणिक खाता पंजीकरण (अपार आईडी) बनाया जाएगा।अपार आईडी आधार कार्ड की तरह ही 12 अंकों की पहचान प्रणाली होगी।अपार आईडी स्कूली बच्चों के लिए एक यूनिक आईडी होगी।जिसमें छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक से लेकर उनसे संबधित सभी जानकारियां सम्माहित होगी।अपार आईडी पहली से लेकर बारहवीं कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राओं की बनाई जाएगी।विभागीय निर्देश पर जिले में इसकी कवायद शुरू कर दी गई है।अपार आईडी निर्माण के लिए शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा को सह नोडल अधिकारी नामित किया है।अपार आईडी के लिए बीईओ नोडल अधिकारी होंगे।जबकि बीपीएम सहायक नोडल अधिकारी।वहीं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तकनीकी नोडल अधिकारी नामित किए गए है।प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा की जमुई जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि जिले में स्कूली बच्चों के अपार आईडी निर्माण की पहल तेज कर दी गई है। सभी प्रखंड साधन सेवी को इस कार्य के लिए सीआरसी/पंचायत आवंटित कर। अपार आईडी निर्माण की जिम्मेदारी दी जा रही है।विद्यालय निरीक्षणकर्ता को भी इसकी जिम्मेदारी देकर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रखंड स्तर पर समेकित कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।वही जारी पत्र में बताया है कि सहमति पत्र (अनुलग्नक-1) की छपाई या फोटोस्टेट पर होने वाले व्यय का वहन वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में यू-डायस के क्रियान्वयन अथवा चाइल्ड ट्रैकिंग प्रणाली के लिए स्वीकृत राशि से किया जायेगा। सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाण पत्र के साथ विपत्र प्रखंड संसाधन केन्द्र में समर्पित किया जायोगा, जिसे प्रखंड संसाधन केन्द्र द्वारा समेकित कर भुगतान हेतु जिला स्तरीय कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। छात्रझ्रछात्राओं के सामान्य प्रोफाइल को अपडेट करने एवं माताझ्रपिता अथवा अभिभावक का सहमति पत्र प्राप्त करने के पश्चात अपार आईडी जनरेट करेंगे। इस काम को सर्वोच्च प्राथमिकता 25 नवंबर तक सुनिश्चित रूप से हो जाना जरूरी है।

# नव विवाहिता दहेज की बलि बेदी पर चढ़ी महज छह माह पहले हुई थी शादी



**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी हरलाखी थाना क्षेत्र के हुर्राहि गांव का घटना मृतिका के परिजनो ने ससुराल वालो पर लगाया हत्या का आरोप ।मृतिका की पहचान हुराहीं गांव निवासी 20 वर्षीय चांदनी कुमारी के रूप में हुआ है। मृतिका के पिता बेता परसा गांव निवासी सुरेश दास ने बताया की इसी वर्ष 5 मई को काफी दान दहेज देकर धूम धाम से अपनी लाडली की शादी किया था ।हाथ की मेहंदी भी नहीं उड़ी दहेज दानवो ने हत्या कर दिया। माता सूर्य कला देवी का आरोप है कि शादी में उपहार स्वरूप पांच लाख रुपया, बाइक, पांच भर सोना, पचास भर चांदी,फ्रीज आदि अनेको सामान दिया. शादी के कुछ महीने ठीक ठाक से रही। बाद में पुत्री के ससुराल वाले कार के लिए पंद्रह लाख रुपया दहेज की मांग करने लगे, नही देने पर ससुराल वाला लड़के की दूसरी शादी करने का धमकी देने लगे और लड़की के साथ मारपीट करने लगा। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुआ था। इसी बीच अहले सुबह पुत्री चांदनी के ससुराल से किसी का फोन आया कि उसकी पुत्री की हालत बहुत खराब है आनन-फानन में पुत्री के ससुराल पहुंचे। लडकी को उम गांव के एक निजी क्लिनिक ले गए जहां से मधुबनी और फिर पटना रेफर कर दिया गया। पटना में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। परिजनो का आरोप है कि मृतिका के पति श्याम दास भैसुर रामबाबू दास दियादनी अंजू देवी लड़का का मौसेरा भाई संजय दास व सास सहित अन्य लोगो ने योजना बनाकर लड़की को प्वाइजन खिलाकर हत्या कर दिया। घटना के बाद मृतिका के मायके में मातम पसरा हुआ है. परिजनो का रोते रोते बूरा हाल हो रहा है। पुलिस घटना की जांच कर रहे है। आरोपी की गिरफ्तारी नही होने से परिजनो में पुलिस के खिलाफ आक्रोश है। इसी बीच खबर को घटना को लेकर थाना प्रभारी से संपर्क साझा करना चाहे पर नहीं हो पाया खबर लिखने तक।

# रेलवे क्रॉसिंग बंद किये जाने की जा रही पहल पर ग्रामीणों ने किया विरोध

## रेलवे लाइन पर बेरिकेटिंग किये जाने का विरोध कर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**प्रात : किरण संवाददाता**

जमुई [ झाझा ] आसनसोल रेल डिवीजन अंतर्गत पड़ने वाले रजला हॉल्ट से पीछे स्थित हरना गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग बंद किये जाने की कि जा रही पहल के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई विनोद यादव, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे विनोद यादव ने बताया कि हरना गांव के समीप रेलवे क्रॉसिंग के दोनो दिशाओं में रेलवे की ओर से बेरिकेटिंग किया जा रहा है जिससे रेलवे लाइन के दोनो दिशाओं में दर्जनों गांव स्थित है उनसभी लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होगी। इसलिए ग्रामीणों की तरफ से मांग रखा गया कि अगर क्रॉसिंग के दोनो दिशाओं में बेरिकेटिंग लगाया जा रहा है तो उससे पहले हरना गांव के समीप एक ओवर ब्रीज या फिर अंडर ग्राउंड पुलिया का निर्माण कर दिया जाए जिसे लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। ग्रामीण संदीप यादव,धर्मेंद्र यादव, सुरेश यादव, टुनटुन साव, दिलीप यादव, बमबम यादव आदि ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि हमलोगों को मुख्यालय जाने के लिए अपने गांव से रेलवे क्रॉसिंग करके ही जाना पड़ता है। अस्पताल हो या बच्चों के लिए शिक्षा ग्रहण करना, इस क्षेत्र के दैनिक मजदूर हो या अन्य लोगों का गांव से जाने के लिए रेलवे क्रॉसिंग का ही सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में अगर रेलवे क्रॉसिंग बंद कर दिया जाएगा तो हमलोगों का आवागमन प्रवाहित हो जाएगा और हमलोगों के सामने कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।अगर ग्रामीणों की मांग पर रेलवे के अधिकारियों ने पहल नही किया तो हमलोग डिवीजन के वरीय रेल पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे और समस्या के समाधान को लेकर अपनी मांगो को रखने का काम करेंगे।

# बेहतर काम करने वाले सरकारी विद्यालयों के शिक्षक हर माह किए जाएंगे पुरस्कृत

- **सभी प्रखंडों में बेहतर काम करने वाले एक-एक शिक्षक को मिलेगा पुरस्कार**

**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक,मध्य,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक स्थिति सुधारने के लिए पहल की गई है। सरकारी स्कूलों में प्रखंड स्तर पर बेहतर काम करने वाले पहली से 12वीं तक के शिक्षकों के साथ ही प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापकों को हर महीने पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए अगले महीने की 10 तारीख तक ई- शिक्षा कोष पोर्टल पर अपनी उपलब्धि अपलोड करनी होगी। मासिक पुरस्कार हर महीने सभी प्रखंडों में बेहतर काम करने वाले एक-एक शिक्षक को दिया जाएगा। इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक में मासिक शिक्षक पुरस्कार योजना की जानकारी सरकारी स्कूलों के सभी शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को दी है। साथ ही अधिक से अधिक आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। इच्छुक शिक्षक को प्रत्येक महीने अपनी उपलब्धि से संबंधित प्रतिवेदन के साथ डाटा और फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जिलास्तर पर सभी को किया जाएगा पुरस्कृत जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मासिक शिक्षक पुरस्कार योजना की शुरूआत विभाग द्वारा नवंबर से ही कर दी गई है। यानी पहला पुरस्कार दिसंबर में मिलेगा। नवंबर में शिक्षक जो भी विशेष कार्य करेंगे,उसका आवेदन 10 दिसंबर तक करना होगा। 30 नवंबर तक की उपलब्धियां का प्रतिवेदन आवश्यक फोटोग्राफ के साथ पोर्टल पर सबमिट करना होगा। इसके आधार पर सभी प्रखंडों से सबसे बेहतर काम करने वाले शिक्षक या प्रधानाध्यापक का चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर सभी को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षकों को पुरस्कृत करने के लिए विभाग ने 12 सूचक तैयार किए हैं। इसकी जानकारी शिक्षक को खुद ही देनी है। मासिक शिक्षक पुरस्कार के लिए बीईओ के माध्यम से सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को जागरूक किया जाएगा, ताकि वे समय से पोर्टल पर आवेदन कर सके।

# सीपीएम विभूतिपुर उत्तर का दो दिवसीय शाखा सम्मेलन संपन्न




- **शाखा सम्मेलन में 18 सदस्यीय लोकल कमिटी सदस्य का हुआ चयन**

**प्रात : किरण संवाददाता**

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लोकल कमेटी विभूतिपुर उत्तर का सत्रहवा लोकल सम्मेलन के दूसरे दिन का सांगठनिक सत्र मनोज कुमार नगर यशोदा स्वरूप पब्लिक स्कूल केराई सरपत्ती में सिया प्रसाद यादव,शशिकांत झा और जागेश्वर महतो की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ।सर्वप्रथम पार्टी के केन्द्रीय कमेटी सदस्य अवधेश कुमार ने सम्मलेन का विधिवत उद्घाटन किया।अपने सम्बोधन में उन्होंने भारत में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना काल से वर्तमान इतिहास के बारे में बताया।देश और राज्य की वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजादी के बाद देश और राज्य सरकार की गलत नीति के कारण देश की स्थिति बदतर होती गई। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने जनता के जन कल्याणकारी मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। वहीं सर्वसम्मति से श्याम किशोर कमल, अरविन्द कुमार दास, शशिकांत झा, सिया प्रसाद यादव, क्रान्ति कुमार, जागेश्वर महतो, शंभु कुमार यादव, रघुनंदन सिंह, विद्यानन्द विद्यार्थी, राजेश कुमार, दिलीप कुमार पंजियार, राधेश्याम पासवान, उमेश दास, वासुदेव पोद्दार, कुमारी किरण कमल, अब्दुल जब्बार मंजर, रामज्ञान महतो, ललन सिंह को अट्ठारह सदस्यीय नई लोकल कमेटी के सदस्य के रूप में चयनित किया गया। वहीं सर्वसम्मति से श्याम किशोर कमल पुनः लोकल सचिव चुने गए। जिला सम्मेलन के लिए एकतीस सदस्यों का चयन किया गया। प्रमाण समिति के संयोजक क्रान्ति कुमार ने प्रमाण समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। वहीं सम्मेलन के समापन सत्र को स्थानीय विधायक अजय कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करके जनता की ज्वलंत समस्याओं का हर स्तर से निदान किया जाएगा। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में राज्य कमेटी सदस्य राम दयाल भारती, जिला सचिव रामाश्रय महतो तथा जिला सचिव मंडल सदस्य सत्यनारायण सिंह मौजूद थे।

# कार्तिक मास की समाप्ति के साथ ही बाबा झुमराज मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

**प्रात : किरण संवाददाता**

सोनो जमुई : कार्तिक मास की समाप्ति और अगहन मास कि शुभारंभ होते ही जमुई जिले के प्रसिद्ध बाबा झुमराज मंदिर बटिया में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा । बिहार , झारखंड , पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से आये यात्रियों से भरी छोटी बड़ी वाहनों पर सवार एन एच 333 से बाबा झुमराज मंदिर तक जाम की स्थिति बनी रही । धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा गठित नई कमेटी के सदस्यों द्वारा यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था देखा गया । कमेटी सदस्यों को माइकिंग के द्वारा यात्रियों को समुचित साधन ओर उचित व्यवस्था की जानकारी देते हुए देखा गया , तो कहीं वाहनों की लगी कतारों को व्यवस्थित करते देखा गया । इधर मंदिर में पुजा अर्चना करने आने वाले यात्रियों द्वारा मंदिर की उत्थान के लिए यथा शक्ति सहयोग राशी देते हुए देखा गया है । नई कमेटी के सदस्यों द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है , जहाँ पर कमेटी सदस्य मंदीर परिषर की निगरानी ध्यान पुर्वक करते देखा गया है । कमेटी के सचिव राकेश कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष श्री लल्लू प्रसाद बरनवाल , उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल सहित अन्य सभी सदस्यों को यात्रियों की सुविधा मे बड़ी मशक्कत करते देखा गया है । भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कमेटी सदस्यों द्वारा तकरीबन दो दर्जन से अधिक भोलेंटियर की व्यवस्था की गई थी । मौके पर उपस्थित कमेटी के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्तिक मास मे बाबा झुमराज मंदीर मे पुजा पर रोक लगा दी गई थी , जिस कारण कार्तिक मास की समाप्ति ओर अगहन मास की शुभारंभ के प्रथम सोमवार को बड़ी संख्या में यात्री बाबा झुमराज का दर्शन करने पहुंचे । कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल ने बताया कि नये कमेटी सदस्यों द्वारा मंदिर की विकास के लिए काफी सजगता से काम रही है । जिसमें सर्व प्रथम मंदिर के प्रांगण मे मार्बल बिछाने का कार्य शुभारंभ कर दिया गया है , जो अंतिम चरण पर है । साथ ही पैयजल की समुचित व्यवस्था की गई है , शेष बचे स्थानीय सभी दुकानदारों को भी बहुत ही जल्द पैयजल की आपुर्ति कर दिया जायेगा । कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों मे खासकर महिलाओं के लिए शौचालय एवं स्नान घर की व्यवस्था के लिए कमेटी सदस्य लगी हुई है जिसे अविलंब पुरा कर लिया जायेगा ।

# जिलाधिकारी ने पैक्स चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न कोषांगों के नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक तथा दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**प्रात : किरण संवाददाता**



जमुई जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार 18 नवम्बर को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष आगामी पैक्स निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गये । बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को 22 नवंबर 2024 तक मतदान दल एवं गश्ती दल को प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से देने तथा मतदान दल को मतपेटीकाओं को हस्तगत कराते मतपेटीकाओं समय खोल कर देखने का निदेश दिया ताकि मतदान केंद्र पर समस्या उत्पन्न ना हो । जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने मानव प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को मतदान दल के कर्मियों का रेन्डमैजिशियन शाम 4:00 बजे अपराह्न तक कर लेने का निर्देश दिया तथा 18 नवंबर एवं 19 नवंबर तक अनिवार्य रूप से सभी मतदान दल को द्वितीय नियुक्ति पत्र व गश्ती दल का प्रथम नियुक्ति पत्र संबंधित पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को मतदान दल, गश्ती दल, दंडाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी को ससमय वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया इसके अलावा सभी प्रखंडों से वाहन की उपलब्धता एवं ईंधन आपूर्ति से संबंधित समन्वय सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से करने का निदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने मतपेटिका एवं सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को प्रखंडों में भेजे गए मतपेटिकाओं का सुरक्षित भंडारण हो इसका सत्यापन अपने स्तर से करने का निर्देश दिया गया ' साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र /मतगणना केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री तथा कुल लागत के साथ चेक लिस्ट तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ' इसके अलावा उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी के सहायतार्थ सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को लगाने हेतु निर्देशित किया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने मतपत कोषांग के नोडल पदाधिकारी को चयनित प्रेस का अधिग्रहण करते हुए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति से संबंधित पत्र अभिलंब निकालने हेतु निर्देश दिया गया तथा सभी प्रखंडों से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय विधि मान्य अभ्यर्थियों की सूची एवं प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने शिकायत एवं अनुश्रवण कोषांग को निदेशित किया गया कि एक मोबाइल नंबर प्रकाशित किया जाए, ताकि आम नागरिकों के द्वारा पैक्स निर्वाचन से संबंधित सूचना प्राप्त हो सके ' साथ ही उन्होंने निदेश दिया की एक कर्मठ एवं सुयोग्य कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति अपने स्तर से करे, जो प्राप्त शिकायतों को निर्धारित ग्रुप में भेज सके तथा उसका जवाब ससमय दे सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदया ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों के अनुसार भेजे गए मतगणना टेबल को अपने स्तर से आकलन करने हेतु उप विकास आयुक्त जमुई को निदेश दिया गया।

## संकट के बादलों में फंसे सुखबीर बादल

पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से सुखबीर बादल के इस्तीफे की खास चर्चा नहीं हुई क्योंकि इस समय ये क्षेत्रीय दल पंजाब और देश की राजनीति मेंपहले की तरह प्रासंगिक नहीं रहा। देश में भी इस समय सुर्खियों में महाराष्ट्र और झारखण्ड के विधान सभा चुनावों का ही जोर है। लेकिन अकालियों की राजनीति में आज भी वही एक ऐसा क्षेत्रीय दल है जिसे पंजाबियों का अलमबरदार कहा जा सकता है। अपनी स्थापना के 104 साल पूरे करने वाले इस दल के सबसे बुरे दिन शायद आजकल हो हैं। खबर आई है कि अकाल तख्त की ओर से तनखैया घोषित किए जाने के करीब 2 महीने बाद पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि बादल ने पार्टी की कार्यसमिति को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बादल के इस्तीफे से नए पार्टी प्रमुख के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। मजे की बात ये है कि पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से कुछ दिन पहले बादल ने खुद अकाल तख्त के जत्थेदार से धार्मिक कदाचार के आरोपों में उन्हें सजा सुनाने का आग्रह किया था। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने 2007 से 2017 तक अकाली दल और उसकी सरकार की ओर से की गई गलतियों के लिए बादल को 30 अगस्त को तनखैया घोषित किया था। सुखबीर बादल पर आरोप है कि बादल की कथित गलतियां पंथ की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाने और सिख हितों को नुकसान पहुंचाने वाली थीं। इसमें 2015 की बेअदबी की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने में विफलता और 2007 के ईशनिंदा मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को माफ करना शामिल है। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल पर 1996 से ही बादल परिवार काबिज है। पहले सुखबीर सिंह बादल के पिता स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल दल के अध्यक्ष हुआ करते थे, वर्तमान में पार्टी के अध्यक्ष पद .पर सुखबीर सिंह बादल थे। बादल को अपने नेतृत्व के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पार्टी का चुनावी प्रभाव तेजी से कम हो रहा है। साल 2022 से विधानसभा चुनावों में यह रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया, जब पार्टी पंजाब में सिर्फ तीन सीटें ही जीत पाई। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अकाली दल का वोट प्रतिशत घटकर 13.4 प्रतिशत रह गया, जो 2019 में 27.5 प्रतिशत था। साथ ही अकाली दल राज्य की 13 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक पर जीत हासिल कर पाया। आज पंजाब में शिरोमणि अकालीदल कि हैसियत उत्तर प्रदेश में बसपा कि हैसियत जैसी हो चुकी है। आमतौर पर ये माना जाता है कि सुखबीर सिंह बादल, उनके पिता प्रकाश सिंह बादल और यहां तक कि सुखबीर के दादा का भी सिस्टम से लड़ने का इतिहास रहा है। सुखबीर के कार्यकाल में राज्य में सड़क नेटवर्क, अतिरिक्त बिजली आदि के मामले में उल्लेखनीय विकास हुआ। जब 2012 में अकाली-भाजपा गठबंधन ने पंजाब में दोबारा अपना कार्यकाल पूरा करके इतिहास रचा, तो इसका सारा श्रेय सुखबीर को ही दिया गया। सुखबीर सिंह बादल को राजनीति विरासत में मिली है। सुखबीर के पिता प्रकाश सिंह बादल शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के मुख्यमंत्री भी रहे। वे जनता शासन में केंद्र में मंत्री भी रहे। प्रकाश सिंह बादल ने अपना पहला विधानसभा चुनाव वर्ष 1957 में जीता था। 1969 में वह दोबारा विधानसभा चुनाव में जीत गए।

## भारत का आर्थिक विकास एवं अतिगरीबी में कमी

विश्व के विभिन्न देशों, विशेष रूप से विकसित देशों, में अतिगरीबी को कम करने के लिए लम्बे आर्थिक विकास के चक्र की आवश्यकता रही है। यह सही है कि इन देशों में लम्बे समय तक तेज गति से हुए आर्थिक विकास एवं पूंजी निर्माण के चलते ही अतिगरीबी को कम किया जा सका है, परंतु, इन देशों में अतिगरीबी का उन्मूलन तो शायद अभी भी नहीं हो पाया है। विकासशील देशों सहित विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका में तो आज भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की अच्छी खासी संख्या दिखाई देती है। जबकि अमेरिका में तो विकास का चक्र बहुत लंबे समय तक लगभग लगातार चलता रहा है। भारत में पिछले 10 वर्षों में अतिगरीबी को कम करने सम्बंधी क्षेत्र में अतुलनीय कार्य हुआ है एवं अतिगरीबी में जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। भारतीय प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य सुश्री शमिका रवि द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए एक रिसर्च पेपर में आंकड़ों के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस रिसर्च पेपर में यह बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के गरीबतम नागरिकों तक पहुंच रहा है। वैश्विक स्तर पर गरीबी को दूर करने सम्बंधी कई दीर्घकालीन लक्ष्यों को विभिन्न देशों के लिए निर्धारित किया गया है। इन लक्ष्यों में इस धरा से अतिगरीबी को समाप्त करने का लक्ष्य भी शामिल हैं। कोविड महामारी के खंडकाल एवं इसके बाद के खंडकाल में पूरे विश्व में केवल भारत ने ही अतिगरीबी को कम करने में अतुलनीय सफलता अर्जित की है। अन्यथा, कई विकसित देश तक आज भी कोविड महामारी के समय के विपरीत आर्थिक परिणामों से उबर नहीं पाए हैं। भारत ने अन्य कई अमीर देशों की तुलना में भी अच्छी सफलताएं अर्जित की हैं। दक्षिणी अफ्रीका, जो भारत से तीन गुणा अधिक अमीर है और ब्राजील, जो भारत से 2.5 गुणा अधिक अमीर है, की तुलना में भारत में अतिगरीबी तेज गति से कम हुई है। इसलिए यहां प्रशन्न यह नहीं है कि आपके पास कितने संसाधन उपलब्ध हैं बल्कि प्रशन्न यह है कि आप इन संसाधनों का कितनी सक्षमता से उपयोग कर पा रहे हैं। भारत अपने पास उपलब्ध विभिन्न संसाधनों का दक्षता से उपयोग करने में सफल रहा है, इसी के चलते आज भारत में निरपेक्ष गरीबी, कुल जनसंख्या के, 3 प्रतिशत से भी कम रह गई है। इस प्रकार, पूरे विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होने के बावजूद भारत आज इस मामले में विकसित देशों के आसपास पहुंच गया है। वर्तमान काल में यह पहली बार हुआ है कि भारत में निरपेक्ष गरीबी, 3 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। पिछले 75 वर्षों से भारत में गरीबी कम करने हेतु लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं परंतु इस क्षेत्र में सफलता अब जाकर मिली है। दीर्घकालीन लक्ष्यों में माताओं की मृत्यु दर एवं बच्चों की मृत्यु दर भी शामिल है। बच्चे को जन्म देते समय माताओं की मृत्यु की संख्या में भी भारत में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। जबकि, विश्व के अन्य कई देशों में अभी भी यह संख्या भारत से कहीं अधिक है। हाल ही के समय में भारत में विश्व के अन्य देशों की तुलना में इस क्षेत्र में तेज गति से कमी हो रही है। इसी प्रकार, भारत में बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी दृष्टिगोचर है। माताओं एवं बच्चों की मृत्यु दर में कमी देश के प्रत्येक राज्य में दिखाई दे रही है। भारत के बारे में यह धारणा बनाए जाने का प्रयास किया जाता है कि भारत एक असहिष्णु देश हैं। जबकि इस सम्बंध में हाल ही में जारी किए गए आंकडें कुछ और ही कहानी बता रहे हैं। हाल ही के समय में भारत में दंगों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है। भारत में पिछले 50 वर्षों से जहां प्रति वर्ष लगभग 100, 000 दंगे होते रहे हैं, वह अब घटकर 40, 000 के नीचे आ गए है। भारत आज पूरे विश्व में ही सबसे अधिक शांतिप्रिय देश माना जा रहा है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध अत्याचारों, विशेष रूप से रैप के मामलों में, भी भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। यह कमी भारत के समस्त राज्यों में दिखाई दी है। अपवाद स्वरूप केवल राजस्थान, झारखंड एवं हरियाणा ही रहे हैं। महिलाओं के विरुद्ध अत्याचारों में हुई इस कमी के पीछे सबसे बड़ा कारण भारत में शौचालयों के निर्माण को बताया जा रहा है। क्योंकि पहिले महिलाओं को शौच के लिए बाहरी इलाकों में जाना पड़ता था जिससे महिलाओं पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने की सम्भावना अधिक बढ़ जाती थी।

# भारत की पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने की मांग

**अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं जो तरह-तरह की बीमारियों पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम है। इसीलिये आधुनिक बीमारियों को परास्त करने के लिये इन गुणों युक्त जीवनशैली को अपनाया जाना चाहिए। सम्पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ जीवनरूपी प्रयोगशाला में इसे प्रायोगिक रूप देकर जीवन में तरह-तरह की बीमारी रूपी-राक्षस को निस्तेज करके जीवन में आनन्द का अवतरण किया जा सकता है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की समृद्ध एवं शक्तिशाली परम्पराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। वे आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिये भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी। दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा। आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरूआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खचीर्ली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पधाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं।

# पाकिस्तान कत्तई न जाए भारतीय क्रिकेट टीम

**पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं, ने कहा है कि उसने हमला किया है। इसने कहा कि उसने कराची हवाई अड्डे से आ रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के एक काफिलेह्न को निशाना बनाया। यह हमला उस वक्त हुआ है जब पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा था। यह भी याद रखा जाए कि चीनियों पर हमला उस वक्त हुआ था जब वहां इंग्लैंड की क्रिकेट टीम टेस्ट मैच खेल रही है।**





**डॉ. आर.के. सिन्हा**
**लेखक**

भारत ने साफ कर दिया है कि उसकी क्रिकेट टीम आगामी साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग नहीं लेगी। इस तरह से उसने दुनिया को एक सख्त और स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जब तक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद जारी रहेगा, तब तक भारत अपने पड़ोसी मुल्क के साथ अन्य क्षेत्रों में भी सामान्य व्यवहार का दृष्टिकोण नहीं रख सकता। भारतीय क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में क्रिकेट न खेलना एक जटिल मुद्दा है, जिसके राजनीतिक और सुरक्षात्मक दोनों पहलू हैं। आपको इस तरह के कई पिलपिले तर्क देने वाले मिल जाएँगे कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए। क्रिकेट के माध्यम से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध बेहतर हो सकते हैं। खेल प्रशंसकों को एकजुट करता है और सद्भावना का संदेश देता है। तो क्या हम इस काल्पनिक सद्भावना के लिये अपने लोकप्रिय खिलाड़ियों की जान खतरे में डाल दें? पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हाल के दौर में वहां पर दर्जनों चीनी नागरिकों और सेना के जवानों का कत्ल हो चुका है। पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपनाते हुए आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में खुलेआम लगे हुए हैं। क्या इन परिस्थितियों में हमें अपनी टीम को सीमा के उस पार भेजना चाहिए? कहना न होगा कि इस तरह का कोई भी कदम बहुत महंगा पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से राजनीतिक तनाव चल रहा है, जिसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सके, न तो होने की कोई संभावना ही दिख रही है। इसलिए, सुरक्षा चिंताएं एक महत्वपूर्ण कारण हैं, राष्ट्रहित में लिये गए इस निर्णय का! पाकिस्तान में सुरक्षा की स्थिति कभी भी स्थिर नहीं रहती। इसलिए भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता करना लाजिमी है। यह याद रखना होगा कि कुछ साल पहले पाकिस्तान में श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर भीषण हमला लाहौर शहर में हुआ था। श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर यह हमला 3 मार्च 2009 को हुआ था, जब लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम के पास एक बड़े काफिले का हिस्सा श्रीलंकाई क्रिकेटरों को ले जा रही एक बस पर 12 बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी। क्रिकेटर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन खेलने के लिए जा रहे थे। उस घटना को सारी दुनिया ने अपने टीवी सेटों और मोबाइल सेटों पर देखा था। भारत यूं ही पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप नहीं लगाता। पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आतंकवादी हमले किये है। पाकिस्तान ने ही 1948, 1965, 1971 और कारगिल के युद्ध शुरू किए। यह अलग बात है कि उसे हर बार कसकर मार पड़ी। पर वह तो एक नंबर का धूर्त है। उसे मार खाने में ही आनंद आता है। हालांकि यह भी सच है कि पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद ने भारत पर गहरा प्रभाव डाला है।

दशकों से, विभिन्न आतंकवादी समूहों ने भारत में कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया है, जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों को चोटें लगी हैं और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इन हमलों के परिणामस्वरूप भारत को व्यापक आर्थिक नुकसान हुआ है। मुंबई पर हुए 2008 के आतंकवादी हमलों में हुए नुकसान का आंकलन करना मुश्किल है, क्योंकि; इसमें मानवीय और आर्थिक दोनों तरह के नुकसान शामिल हैं। मुंबई हमलों में 164 से ज्यादा लोग मारे गए, जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे। सैकड़ों लोग घायल हुए, कई को गहरी चोटें आईं। उस भयावह हमलों के बाद मुंबई पहले की तरह कभी नहीं हुई। हमलों का उन लोगों पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा जो जीवित बचे, उनके परिवारों और समूचे शहर पर। अगर आर्थिक नुकसान की बात करें तो हमलों से संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ, जिसमें होटल, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। मरम्मत और पुनर्निर्माण की लागत का सटीक आकलन तो नहीं किया जा सकता। पर्यटन उद्योग पर भारी प्रभाव पड़ा, जिससे व्यापार में गिरावट आई और सैकड़ों की नौकरियां चली गईं। यह आर्थिक नुकसान दीर्घकालिक था। सारी दुनिया जानती है कि हमला पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से किया था। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है। भारत ने लाहौर में अपने सभी मैचों को दुबई में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है, क्योंकि भारतीय सरकार अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलना नहीं चाहती। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने और साथ ही सामान्य व्यवहार को अपनाने की दोहरी नीति नहीं अपनाना चाहता। यह पाकिस्तान को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के लिए अपने छद्म समर्थन को वैध बनाने की अनुमति देगा। पाकिस्तान इसलिए भारतीय टीम की भागेदारी चाहता है कि अगर उसने भाग नहीं लिया तो सारा आयोजन चौपट हो जाएगा। प्रायोजक नहीं आएंगे। जरा सोचिए कि जब पाकिस्तान चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता तो भारतीय टीम की क्या करेगा। चीन के सामने तो सारी पाकिस्तान सरकार कटोरा लेकर खड़ी रहती है। पाकिस्तान में बीते अक्टूबर महीने में कराची हवाई अड्डे के पास आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए और कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हुआ था।

# चीन से आर्थिक रिश्तों में सावधानी जरूरी

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल ही में चीन के साथ भारत के नए सैन्य समझौते के बाद भारत को चीन से आयातों के ढेर से बचने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रखना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को खुशियों के महापर्व दीपावली के दिन भारत-चीन सीमा पर भारत-चीन दोनों देशों के सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली मनाई। इस खुशी का कारण यह है कि विगत 23 अक्टूबर को रूस के कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सार्थक और सफल द्विपक्षीय वार्ता हुई और पांच साल बाद हुई इस वार्ता में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए समझौते का स्वागत किया और अधिकारियों को लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए आगे बातचीत जारी रखने के निर्देश दिए। यही कारण है कि इस वार्ता के बाद सैन्य स्तर पर तत्परतापूर्वक क्रियान्वयन के साथ डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की पूर्ण वापसी के बाद अब पेट्रोलिंग शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य करने की इस वार्ता के सफल और सार्थक होने के पीछे एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कारण यह भी रहा है कि चीन इस समय अभूतपूर्व विपरीत आर्थिक हालात का सामना कर रहा है। पिछली कुछ तिमाहियों से चीन की अर्थव्यवस्था लगातार धीमी पड़ रही है। चीन की विकास दर घटी है। 22 अक्टूबर को जारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 में चीन की विकास दर गिरावट के साथ 4.8 फीसदी होगी, जबकि भारत की विकास दर 7 फीसदी होगी। चूंकि भारत में चीनी निवेश के लिए नियम कड़े हैं और चीन भारत के बाजार में बढा चाहता है, ऐसे में चीन वार्ता के लिए तत्पर हुआ। चीन ने इस बात को भी समझा है कि भारत ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करते हुए आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने के अभूतपूर्व प्रावधान किए हैं, ताकि चीन का भारतीय बाजारों पर जो दबदबा बना हुआ है, उसमें भी कमी आ सके। खास बात यह भी है कि हाल ही में अमेरिका के नए राष्ट्रपति चुने गए डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा अमेरिकी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से आगे बढ़ाने की प्राथमिकता के तहत चीन से आयातों पर 60 फीसदी तक टैक्स आरोपित किए जाने की संभावना और विभिन्न यूरोपीय व अन्य कई देशों के द्वारा चीनी आयातों पर असाधारण आयात प्रतिबंध के परिदृश्य के बीच चीन की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। इतना ही नहीं, इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में नई रिपोर्टों में पाया गया कि चीन में कार्यरत अनेक वैश्विक कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं।

इस तरह जहां अब चीन के लिए भारतीय बाजार जरूरी है, वहीं भारत को भी अपने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए चीन से विभिन्न कच्चे माल की सरल आपूर्ति जरूरी है। अब भारत के लिए भी चीन से साथ आर्थिक वार्ता के लाभ हो सकते हैं। ज्ञातव्य है कि चीन 2023-24 में अमेरिका को पीछे छोडकर भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया है। भारत दूरसंचार और बिजली संबंधी कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और औषधियों समेत कई उच्च प्रौद्योगिकी वाली वस्तुओं के लिए चीन पर निर्भर है। ध्यान देने वाली बात है कि सीमा पर तनाव के बावजूद चीन के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ता रहा है और संतुलन पूरी तरह चीन के पक्ष में झुका हुआ है। हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले छह महीनों यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान भारत का चीन के साथ अब तक का सर्वाधिक व्यापार घाटा दर्ज किया गया है। इस अवधि में चीन से आयात बढकर 56.29 अरब डॉलर हो गया। जबकि चीन को सिर्फ 6.91 अरब डॉलर का निर्यात किया गया। यदि हम पिछले संपूर्ण वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ भारत के व्यापार को देखें तो पाते हैं कि चीन से आयात 101.75 अरब डॉलर हुआ था।

## संक्षिप्त खबरें

### 112 पुलिस और अस्पताल के डॉक्टर के बीच विवाद बढ़ा

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर और 112 पुलिसकर्मी के बीच वाद विबाद का मामला प्रकाश में आया है।

इसकी शिकायत अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ एके तिवारी के द्वारा फोन के माध्यम से डीएसपी को दी गई है।

मामला 74 व थाना क्षेत्र के 112 पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन से लगे ठोकर से घायल पड़ा युवक को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में 112 की पुलिस टीम के द्वारा लाया गया था इसी दौरान डॉक्टर और पुलिस में कहा सुनी हो गई।डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में लाया गया घायल युवक की पहचान बेतिया के बानुछापर गांव के निवासी वीरेंद्र कुमार के 30 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार केरूप में गई वहीं घटना की जांच पड़ताल में पुलिस लगी हुई है।

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम को किया गया पुनः प्रारंभ

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के माननीय कुलपति प्रोफेसर (डॉ०) परमेंद्र कुमार बाजपेई के पहल पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं महाविद्यालय में विभिन्न व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम पुनः प्रारंभ किया गया है। इन पाठ्यक्रमों में नामांकन को इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 20.11.2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित अंगीभुत इकाई राजेंद्र महाविद्यालय, छपरा में बीएमसी, बायोटेक, एनवायरोमेंटल साइंस एवं फंक्शनल हिंदी में डिग्री कोर्स तथा सीआईटी में सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में टैली, योग, कर्मकांड, मानवाधिकार, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं जेंडर स्टडीज इत्यादि रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

### जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण, संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में सोमवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बच्चों ने जनजातीय आधारित चित्रकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने जनजातीय जीवन एवं बिरसा मुंडा विषय पर लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वर्ग पांच की छात्रा गुड़िया कुमारी को प्रधान शिक्षक ने पुरस्कृत किया। बच्चों ने बिरसा मुंडा के साथ - साथ जनजातीय वेश धारण कर विद्यालय परिवार को आकर्षित किए। वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बच्चों को बिरसा मुंडा की विस्तृत जीवनी बताते हुए उनमें देशभक्ति की भावना जागृत किया। जनजातीय वेश धारण करने वाले छात्रों में रंजन कुमार, राजकरण कुमार, मन्नु कुमार एवं राधिका कुमारी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक मनोज कुमार, जितेन्द्र ठाकुर, मिथिलेश कुमार, यासमीन और मो. दानिश अहमद उपस्थित रहे।

# इंटरनेट टेक्नोलॉजी विस्तार ने जीवन को आसान बनाया,साथ ही साइबर क्राइम की चुनौतियां भी बढ़ी

## साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता और साइबर शिक्षा आवश्यक : एसपी

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा । आधुनिक युग में बढ़ रहे मोबाईल के उपयोग और फेसबुक प्रोफाईल आईडी से साइबर अपराधी ठगी के नए-नए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर भोले -भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं, अब तो साईबर अपराधी इतने नीडर हो गए हैं कि अधिकारियों को भी अपना निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं ' सारण के तेज -तर्रार पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने साईबर क्राइम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साईबर अपराधी पुलिस प्रशासन के रडार पर हमेशा से रहा है, और पुलिस के संज्ञान में आते ही त्वरित कार्रवाई की जाती है ' सारण एसपी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से साईबर अपराधी फर्जी फेसबुक और सोशल मीडिया फेक आईडी बनाकर अधिकारियों और नाम चिन व्यक्तियों को अपना शिकार बनाया है ' उन्होंने कहा कि आमतौर पर पहले नये फ्रेण्ड्स बनाये जाते हैं और फिर पैसों की मांग की जाती है। खासकर महत्वपूर्ण लोगों के नाम पर इस तरह की जालसाजी की जाती है। ऐसे साईबर क्राइम और पैसों की मांग करने वाले ऑनलाइन लुटेरों से सावधान रहने की जरूरत है ' हालांकि सारण एसपी डॉक्टर कुमार आशीष का जब से पदस्थापन हुआ है, साईबर क्राईम पर विशेष नजर बनी रहती है ' और इस तरह की घटना होने पर त्वरित कार्रवाई की जाती रही है '

एसपी कुमार आशीष के अनुसार आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और टेक्नोलॉजी के तेजी से विस्तार ने हमारे जीवन को सुविधाजनक और आसान तो बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर क्राइम की समस्याएँ भी बढ़ी हैं। साइबर क्राइम एक ऐसा अपराध है जो इंटरनेट, कंप्यूटर और डिजिटल माध्यमों के जरिए किया जाता है। इसका प्रभाव न केवल व्यक्तिगत जानकारी और वित्तीय सुरक्षा पर पड़ता है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुँचा सकता है। ऐसी स्थिति में उन्होंने साइबर क्राइम पर रोकथाम के उपायों को समझने और समाज में जागरूकता लाने पर बल दिया । पुलिस अधीक्षक के अनुसार साइबर क्राइम के कई रूप है, जिसमें डेटा चोरी, हैकिंग, फिशिंग, आईडी चोरी, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग, और वायरस या मैलवेयर हमले प्रमुख हैं। अपराध न केवल एक व्यक्ति या संस्था को प्रभावित करता है, बल्कि यह समाज और देश की डिजिटल बुनियादी संरचना के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। ये सभी साइबर अपराध की श्रेणियों में आते हैं ।

पुलिस कप्तान ने साइबर शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि लोगों को साइबर क्राइम और इसके खतरों के बारे में जागरूक करना, इंटरनेट उपयोग करने वाले हर व्यक्ति को बेसिक साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के बारे में जानकारी जरूरी है।

एसपी कुमार आशीष ने साइबरक्राइम रोक - थाम को लेकर कहा कि साइबर क्राइम से निपटने के लिए प्रत्येक देश को एक विशेष साइबर पुलिस या एजेंसी की आवश्यकता है,जो साइबर अपराधों की जांच, रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सके। इन एजेंसियों को तकनीकी रूप से मजबूत और प्रशिक्षित होना चाहिए ' ताकि वे साइबर अपराधों का तकनीकी जानकारी के आधार पर मजबूती के साथ सामना कर सकें।

साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त और स्पष्ट कानूनी प्रावधान होने चाहिए। देश में साइबर अपराध रोकथाम के लिए कानून को समय-समय पर अपडेट करना भी आवश्यक है। भारत में आईटी एक्ट 2000 के तहत कई साइबर अपराधों को अपराध की श्रेणी में डाला गया है, लेकिन इसे लगातार मजबूत और विस्तारित करने की आवश्यकता है ।

## मंत्री ने किया विभागीय मत्स्य स्टॉल का उद्घाटन



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में विभागीय मत्स्य स्टॉल का उद्घाटन विभागीय मंत्री रेणु देवी के द्वारा किया गया।इस वर्ष मेले में मत्स्य स्टॉल कुछ नयापन लेकर आया है पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कुछ नई योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है और उसका जीवंत प्रदर्शन भी किया गया है जगह की कमी रहने के कारण कई योजनाओं को बहुत संक्षिप्त में दिखाया गया है मत्स्य विभाग की योजनाओं में प्रमुख रूप से बायोफ्लॉक टैंक, समेकित चौर विकास योजना का मॉडल ,समेकित मत्स्य पालन मछलियों में रोग से निदान हेतु आवश्यक दवाइयां, पानी के आक्सीजन बढ़ाने हेतु एयरटर का प्रयोग और भी जो विभाग की योजनाएं चलाई जा रहे हैं उसके संबंध में फ्लेक्सी के माध्यम से दिखाया गया है स्टॉल के बीचों बीच संचयन तालाब रियरिंग तालाब और एक मछुआरा फेंक' ज'ल के साथ मछली पकड़ते हुए दशार्या गया है जो अति सुंदर दिखाई देता है इस वर्ष स्टॉल में डिजिटल माध्यम से भी विभागीय योजनाओं एवं मत्स्य पालन की जानकारी प्रदान की जा रही है। मत्स्य स्टॉल के उद्घाटन के अवसर पर विभागीय प्रधान सचिव डॉ एन.विजयलक्ष्मी,मत्स्य निदेशक श्री अभिषेक रंजन उपमत्स्य निदेशक श्री सुमन कुमार उपमत्स्य निदेशक , रसीद फारुकी, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे ।

## अवध और बंगाल के बीच बफर क्षेत्र था सारण : प्रो. जेएन सिन्हा

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।प्राचीन काल से आधुनिक काल तक सारण का इतिहास उसकी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण सांस्कृतिक और आर्थिक विविधता के कारण महत्वपूर्ण रहा है। सारण के इतिहास को अधिकतर बंगाल के इतिहास के साथ जोड़कर देखा गया है जो मुख्यतः राजनीतिक इ और औपनिवेशिक इतिहास है। सारण का स्वतंत्र इतिहास अब तक नहीं लिखा गया है।

सारण अवध और बंगाल के बीच बफर क्षेत्र था जी इसके ऐतिहासिक महत्त्व को उजागर करता है। सारण में रेलवे की अनुपस्थिति में यह क्षेत्र नदी मार्ग से व्यापर का महत्वपूर्ण मार्ग था जिसके प्रमुख केंद्र चिरांद, रिवीलगंज आदि प्रमुख थे। सारण में डच, फ्रांसीसी और अंग्रेज बस्तियों में यूरोपयों की गतिविधियों और जीवनशैली पर महत्वपूर्ण शोध की सम्भावनाए है। भोजपुरी साहित्य में सारण के आसपास दुख और विरह का विवरण प्रवासन के भौगोलिक आर्थिक और जननांकीय कारणों की ओर संकेत करते है। यहाँ के भूगोल,मौसम एवं जलवायु ने यहाँ के इतिहास को प्रभावित किता है। आनंद यांग की लिमिटेड राज और बाजार इंडिया सारण के इतिहास पर शोध के लिए इनसाइकलोपीडिया के रूप में है. उपरोक्त बातें इतिहास विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला के प्रथम व्याख्यान सारण के इतिहास में शोध की नई सम्भावनाए विषय पर व्याख्यान देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर जगदीश नारायण सिन्हा ने कहा। ज्ञाप्त है कि इतिहास विभाग जय प्रकाश विश्वविद्यालय सारण के इतिहास पर 10 व्याख्यान का ऑनलाइन आयोजन कर रहा है जो विद्याथीर्यों और शोधर्थियों को सारण पर शोध के लिए प्रेरित करें। विषय प्रवर्तन करते हुए इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सईद रजा ने कहा कि सारण के इतिहास में प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास पर कार्य अत्यंत कम शोध कार्य हुए है जो विषय को प्रासंगिक बनता है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो सुधीर कुमार सिंह ने सारण पर शोध के क्षेत्र के साथ स्त्रोतो को खोजने के नवीन विधियों का विवरण दिया।

## लैंड कस्टम के गतिरोध को दूर करने के लिए केंद्रीय मंत्री का कस्टम आयुक्त के साथ बैठक

■ **दो दिवसीय दौरे पर वाल्मीकिनगर पहुंचे कस्टम आयुक्त**

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर लैंड कस्टम में आ रहे गतिरोध को दूर करने के लिए केन्द्रीय मंत्री सतीशचन्द्र दुबे ने जलसंसाधन विभाग के गेस्ट हाउस में बिहार कस्टम आयुक्त यशोवर्धन पाठक के सात बैठक की । बैठक में मोतिहारी असिस्टेंट कमिश्नर विनोद कुमार, रक्सौल असिस्टेंट कमिश्नर रामानंद सिंह,सुपरिटेंडेंट अशोक कुमार,सुपरिटेंडेंट रवि कुमार समेत बगहा विधायक राम सिंह शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री सतीशचन्द्र दुबे ने बताया कि बैठक में लैंड कस्टम में आ रहे परेशानियों के ऊपर चर्चा की गई है। अभी कस्टम कार्यालय भवन और लैब ऑफिस का निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने आगे बताया कि नेपाल कस्टम में भी जो कमियां आड़े आ रही है बातचीत कर के उसे भी दूर कर लिया जाएगा।उन्होंने अपने अंदाज में बयान के दौरान कहा कि अगर मैं ठान लेता हुं उसे अंजाम तक पहुंचाकर ही दम लेता हूं ।

बतादें की 9 जनवरी 2023 को एक भव्य समारोह में वाल्मीकिनगर त्रिवेणी बड़ी भन्सार का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय गंडक बराज पर किया गया था।लेकिन करीब उद्घाटन के 2 वर्ष होने को आए अभी तक कस्टम को सूचारु रूप नहीं दिया जा सका है। इसके कवायद में लगे भारत सरकार कस्टम अधिकारियों का वाल्मीकिनगर का कई दफा दौरा पूर्व में भी किया जा चुका है।लेकिन इतने समय के अंतराल के बावजूद लैंड कस्टम को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है ।

## जल, जंगल और जमीन हेतु बिरसा मुंडा ने किया संघर्ष



प्रातः किरण, संवाददाता

आदापुर। ब्रिटिश शासन द्वारा जनजातीय जीवन शैली, सामाजिक संरचना एवं संस्कृति में हस्तक्षेप के कारण 19वीं सदी के उत्तरार्ध में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में जल, जंगल और जमीन के लिए तीव्र विद्रोह हुआ था।उक्त बातें शिक्षक शिव शंकर गिरि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कही।

बता दें कि दरपा थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी पीपरा उर्दू में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के तृतीय दिवस सोमवार को विद्यालय में उलगुलान आंदोलन के प्रणेता बिरसा मुंडा के जीवनवृत पर लघु नाटक का आयोजन किया गया। उक्त लघु नाटक के माध्यम से बच्चों को जनजातीय समाज की वेश-भूषा, रहन-सहन, खान-पान, गीत- संगीत आदि से अवगत कराया गया। बच्चों ने मुंडा गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों को नाट्य के द्वारा बताया गया कि जनजातीय समाज के लोग जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए कटिबद्ध होते हैं। मौके पर शिक्षक इजहार हुसैन, प्रवेज आलम, मुंतजिर आलम, अंजु सहित अरमान आलम, आबिद आलम, खुशी,फैसल रहमान, ईरशाद अआलम, कंचन कुमार,नूरसाबा खातून सानिया अंजुम, रेशमा खातून, शबाना खातून, प्रियांशु कुमारी, शबनम खातून, गुलनाज खातून, निक्की कुमारी, शबनम खातून सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

## जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।सोमवार को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के सौजन्य से रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राजेन्द्र कॉलेजिएट माध्यमिक विद्यालय में किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों ( सरकारी एवं निजी विद्यालयों )से चयनित बच्चों ने भाग लिया ।बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति और शिक्षा विभाग के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया यह एक एचआईवी एड्स पर जागरूकता एवं ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया गया । यह प्रतियोगिता लिखित और मौखिक रूप से लिया गया। इस प्रतियोगिता में आए हुए सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया इनके साथ स्कूल के शिक्षक गण भी उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण संचारी रोग पदाधिकारी सह जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर रत्नेश्वर प्रसाद सारण के द्वारा किया गया और उनके द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी गई इस कार्यक्रम के संयोजक अभय दास जिला आईसीटीसी पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया कि जो बच्चे प्रथम श्रेणी प्राप्त किए हैं उन्हें 7 दिसंबर को पटना में राज्य स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने जाना है।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गवरमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज से रेखा कुमारी एवं शबा मुतुर्जा कुरैशी , द्वितीय स्थान एल एन बी उच्च विद्यालय से आदित्य कुमार एवं चंद्रदीप पंडित एवं तृतीय स्थान गांधी उच्च विद्यालय से आशीष कुमार एवं ज्योति कुमारी का दल प्राप्त किए ।

इस कार्यक्रम में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के रिसोर्स पर्सन असीम कुमार झा एवं रणवीर पटेल जी द्वारा क्विज मास्टर के रूप में आए थे इन्होंने बहुत सरल और सहज तरीके से बच्चों का चयन किया एवं बच्चों के बीच एचआईवी एड्स, ब्लड डोनेशन के बारे में जागरूक किए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय परामर्शी उर्मिला कुमारी, शिक्षक यशपाल जी,प्रभु जी,देवेंद्र कुमार सिंह,नीलू जी एवं आयोजन स्थल के प्राचार्य महेश प्रसाद चौरसिया का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस कार्यक्रम में एड्स से संबंधित कर्मी मनिंदर जी ,प्रवीर सिन्हा जी इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

## मिलरो द्वारा भारत ब्रांड मे किए गए अनियमितता को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगा: सैफुल आजम

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। राष्ट्रीय जनता दल जिला उपाध्यक्ष सैफुल आजम ने रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित एवं जिला पदाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल को एक ज्ञापन सौंप भारत ब्रांड राशन मे रक्सौल के चार मिलरो द्वारा किए गए अनियमितता की जांच की मांग की। सैफुल आजम ने कहा भारत सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट ॄभारत ब्रांडॄ राशन जो हर गरीब के थाली मे अन्न हो के नीयत से चालू किया गया, परंतु इसका जिम्मेवारी पूरे भारत के मिलरो के अलावा रक्सौल अनुमंडल के चार मिलरो को दी गई, रक्सौल के मिलर उस राशन को भारत ब्रांड बनाने के जगह अपना ब्रांड बनाकर पूर्वी चंपारण के अलावा पड़ोसी जिले के विभिन्न शहरों के बड़े व्यवसायियों के गोदामों में पहुंचाया गया, जिसका जी.पी. एस. कैमरा से लिया गया फोटो सबूत के रूप मे शामिल है, इन मिलरो द्वारा जिस मालवाहक गाड़ी का जियो टैग भारत ब्रांड राशन वितरण के लिए किया गया, उस गाड़ी का पीछा करते करते एक व्यक्ति ने विभिन्न गोदामों मे अनलोडिंग के समय देखा तो उसका होश उड़ गया, उस गाड़ी से सिर्फ इन मिलरो का अपना ब्रांड निकल रहा था, जबकि उस गाड़ी को भारत ब्रांड राशन के लिए जियो टैग करके भेजा गया था। अगर रक्सौल के जनता को इंसाफ नहीं मिलता है तो राष्ट्रीय जनता दल इस मामले को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगा। वही रक्सौल राजद प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन यादव ने कहा इस मामले का शिकायत पहले भी एक व्यक्ति द्वारा किया जा चुका है, परंतु ये मिलर इतने दबंग है कि शिकायतकर्ता को कई आपराधिक छवि के व्यक्तियों से धमकी दिला चुके है ।

## खबर का हुआ असर :पुलिस प्रशासन ने अवैध खनन कारोबारियों पर कसा शिकंजा

### अवैध खनन कारोबारियों में मचा हड़कंप

बगहा।बगहा के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में चोरी छुपे किए जा रहे अवैध खनन कारोबार पर लगाम लग गई है। अखबार में छपी खबर को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र में पूरी तरह सख्ती बरती जा रही है। चोरी छुपे बालू,पत्थर को नदी से निकालकर बेचने वाले कारोबारियों में हड़कंप मचा है। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि वाल्मीकिनगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। अवैध खनन करने वालों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। खनन कारोबार करने या बालू पत्थर का परिचालन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। समझा जाता है कि खनन के अवैध कारोबार पर पुलिस की सख्ती के बाद पूर्णतः लगाम लग गई है।

## शिक्षा विभाग से नहीं संभल पा रहा है छात्रवृत्ति वितरण योजना छात्र हित में कल्याण विभाग से है वितरण व्यवस्था की जरूरत

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । राज्य सरकार की छात्रों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण अतिपिछड़ा , पिछड़ा एवं एसटीएससी छात्रवृत्ति योजना पूरी तरह चौपट हो गई है ' जिला में कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति हटाकर शिक्षा विभाग को दे दिया गया है, यूँ कहा जाए की छात्रवृत्ति योजना बंद हो गई है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी ' छात्रवृत्ति वितरण योजना में शिक्षा विभाग पूरी तरह फेल है, आज भी गरीब एवं मेधावी छात्र छात्रवृत्ति को लेकर परेशान हैं, कभी कल्याण विभाग तो कभी शिक्षा विभाग का चक्कर लगाते रहते हैं ' छात्रवृत्ति योजना 2017 में शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया गया है, और इस समय से यह स्थिति उत्पन्न हो गई है '

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार से वर्ष 2010 से लेकर 2015 तक का ऐसा समय था जब कल्याण विभाग द्वारा अतिपिछड़ा,पिछड़ा एवं एसटीएससी छात्रों को बड़े पैमाने पर छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता था ' और कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना सरकार द्वारा आवंटित राशि का शत -प्रतिशत छात्रों को समय पर मिल जाता था '

बता दें कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा क्लास के हिसाब से तीन वर्गों में विभाजित कर छात्रवृत्ति योजना संचालित किया जाता था ' वर्ग 1 से वर्ग 10 तक के छात्र -छात्राओं के लिए शिक्षण संस्थानों को सरकार द्वारा आवंटित राशि को देकर शिक्षण संस्थानों के माध्यम से वितरित किया जाता था ' जबकि राज्य के अंदर शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों को जिला स्तर पर कल्याण विभाग के माध्यम से शिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराया जाता था ' वहीं राज्य से बाहर मेडिकल इंजीनियरिंग एवं अन्य व्यावसायिक कोर्स करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जिला स्तर पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराया जाता था ' सरकार की इस व्यवस्था से आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को बड़ा फायदा होता था ' वर्ष 2010 से 16 के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब माता-पिता,अभिभावक भी अपने मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति के बदौलत उच्च शिक्षा कराने से नहीं हिचकते थे ' उस समय में सरकार छात्रों पर मेहरबान थी, और छात्रवृत्ति के रूप में इतना राशि मिल जाता था कि संस्थानों का फीस अदा हो जाता था । सूत्रों का यह भी मानना है कि सरकार की गलत नीति के कारण छात्रवृत्ति योजना जिला में कल्याण विभाग से हटाकर शिक्षा विभाग को वर्ष 2017 में दे दी गई है ' तभी से छात्रवृत्ति योजना का हाल बेहाल है, शिक्षा विभाग में जब से छात्रवृत्ति योजना गई है, वितरण की स्थिति काफी दयनीय है ' यदि कल्याण विभाग के समय संचालित छात्रवृत्ति वितरण का प्रतिशत और शिक्षा विभाग द्वारा वितरण किए गए प्रतिशत का मिलान किया जाए तो जमीन आसमान का फर्क दिखेगा ' इसके बावजूद सरकार इस दिशा में मौन साधे हुआ है ' वही हाल प्राइमरी स्कूल का भी है, क्लास 1 से 10 तक के छात्रों को छात्रवृत्ति मिलना अब टेढ़ी खीर साबित हो रहा है ' जबकि कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना में ऐसी व्यवस्था नहीं थी ' एसटीएससी कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति हटाने के बाद विभाग बिल्कुल खाली है, कल्याण विभाग में कोई काम ही नहीं रह गया है । इस मामले में अगर गौर की जाए तो सबसे आश्चर्य बात तो यह है कि आज भी एसटीएससी कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति का आवंटन जिला कल्याण को ही दिया जाता है, और जिला कल्याण द्वारा शिक्षा विभाग को राशि उपलब्ध करा दिया जाता है '

सरकार की उदासीनता, गलत नीति और छात्रों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया को लेकर शिक्षा विदों,प्रबुद्ध नागरिकों और छात्रों का कहना है कि जिस तरह से छात्रवृत्ति योजना का संचालन हो रहा है, इस व्यवस्था से बेहतर है कि छात्रवृत्ति योजना को बंद ही कर दिया जाए ' चुकी छात्रवृत्ति योजना बंद हो जाने से छात्रों की परेशानी तो जरूर बचेगी । मालूम हो कि छात्रवृत्ति के लिए अब कोई भी समय सीमा नहीं रह गया है, दो-दो साल तक छात्रवृत्ति का विज्ञापन ही नहीं निकल पाता है ' ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिए कि छात्रवृत्ति योजना में सुधार कर पुरानी व्यवस्था के तहत कल्याण विभाग के द्वारा ही संचालित करने की दिशा में कदम उठाने की ' बहरहाल सुबे में छात्रवृत्ति योजना पूरी तरह फेल है, संचालित छात्रवृत्ति राम भरोसे चल रही है ।

# हर घर दस्तक देंगी आशा कार्यकर्ता कालाजार के रोगियों की होगी खोज

■ **कालाजार प्रभावित प्रखंडों में कालाजार मरीजों के घर के 500 मीटर के परिधि में रोगी की होगी खोज**

प्रातः किरण, संवाददात

छपरा। जिले में कालाजार मरीजों की खोज के लिए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर कालाजार मरीजों की खोज करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार कालाजार उन्मूलन के लिए वर्ष में चार चक्र में घर-घर कालाजार के संभावित रोगों की खोज करने का प्रावधान है। जिसके तहत जिले में यह अभियान 20 नवंबर से 30 नवंबर तक संचालित की जाएगी। आशा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर जाकर कालाजार रोगियों की खोज की जाएगी. अभियान वर्ष 2020, 21, 22 एवं 23 एवं सितंबर 2024 में कालाजार प्रभावित प्रखंडों में प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के घर के 500 मीटर के परिधि में (200 से 250 घर ) अवस्थित घर घर जाकर वीएल /एचआईवी +पीकेडीएल रोगी की खोज जाएगी। क्षेत्र में अभियान की सफलता को लेकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**हर पीएचसी पर मुफ्त जांच सुविधा उपलब्ध :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कालाजार जांच की सुविधा उपलब्ध है। कालाजार की किट (आरके-39) से 10 से 15 मिनट के अंदर टेस्ट हो जाता है। हर सेंटर पर कालाजार के इलाज में विशेष रूप से प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं।

**सरकार द्वारा रोगी को मिलती है आर्थिक सहायता :** सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि कालाजार से पीड़ित रोगी को मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना के तहत श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में पैसे भी दिए जाते हैं। बीमार व्यक्ति को 6600 रुपये राज्य सरकार की ओर से और 500 रुपए केंद्र सरकार की ओर से दिए जाते हैं। यह राशि वीएल (ब्लड रिलेटेड) कालाजार में रोगी को प्रदान की जाती है। वहीं चमड़ी से जुड़े कालाजार (पीकेडीएल) में 4000 रुपये की राशि केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है।

**कालाजार के कारण :** कालाजार मादा फाइबोटोमस अर्जेंटिपस (बालू मक्खी) के काटने के कारण होता है, जो कि लीशमैनिया परजीवी का वेक्टर (या ट्रांसमीटर) है। किसी जानवर या मनुष्य को काट कर हटने के बाद भी अगर वह उस जानवर या मानव के खून से युक्त है तो अगला व्यक्ति जिसे वह काटेगा वह संक्रमित हो जायेगा। इस प्रारंभिक संक्रमण के बाद के महीनों में यह बीमारी और अधिक गंभीर रूप ले सकती है, जिसे आंत में लिशमानियासिस या कालाजार कहा जाता है।

**कैसे होगी कालाजार रोगियों की पहचान:**

वैसे मरीज कालाजार के रोगी हो सकते हैं जिन्हें

15 दिन से ज्यादा से बुखार हो। जिन्हें भूख नहीं लगती हो, उदर बड़ा हो रहा हो।, जिनका वजन लगातार कम हो रहा हो। शरीर का काला पड़ रहा हो। वैसे व्यक्ति जिन्हें बुखार न हो पर उनके शरीर पर दाग हो और पूर्व में कालाजार के रोगी रह चुके हों।

# भोजपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

**प्रातः किरण संवाददाता**




आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति और उनके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुख्य रूप से ये चर्चाएँ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, जीविका, स्वास्थ्य विभाग, योजना विभाग, डीआरसीसी, कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आदि से संबंधित थीं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, स्कूलों में असैनिक कार्य, और आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में आने वाली कठिनाइयों का त्वरित समाधान करने को कहा। आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत में कैंप लगाकर लक्ष्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे विकास कार्यों के लिए सरकारी जमीन चिन्हित कर उसकी जानकारी जिला को उपलब्ध कराएं। महादलित टोलों में कैंप लगाकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

नीलाम पत्रवाद की समीक्षा के दौरान, जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह में दो दिन बैठक कर सुनवाई करें और उसकी प्रगति रिपोर्ट हर माह की 2-3 तारीख तक जिला को उपलब्ध कराएं।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान, वउक्क्ष कार्ड निर्माण की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और इसे तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया।

पंचायती राज विभाग से पंचायत सरकार भवन के निर्माण, अनुरक्षक, और बिजली बिल भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई और कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान संबंधित पदाधिकारी को स्मार्ट मीटर की जानकारी आम जनता तक सुलभ और प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, और प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ब्राह्मण समाज सेवा संघ ने नशाखोरी बंद करने का लिया संकल्प

**प्रातः किरण संवाददाता**



काराकाट (रोहतास)। ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद रोहतास की बैठक काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटढिया गांव में अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन विश्वनाथ मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद से चलकर आये भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अश्विनी तिवारी बैठक में शामिल हुए। बैठक को संघ के अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय, सचिव चंदन तिवारी, महासचिव आनंद तिवारी, उपसचिव पिंटू तिवारी, कोषाध्यक्ष रजनीकांत पांडेय, वीरेंद्र तिवारी, संजय तिवारी, मनोज तिवारी, अखिलेश तिवारी, ददन पाण्डेय, दशरथ मिश्रा, इटढिया गांव के सभी ब्राह्मण परिवार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक के पूर्व भगवान परशुराम के तैलचित्र पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशाखोरी बंद करने के लिए संकल्प दिलाया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि हम किसी भी जाति के विरोधी नहीं है। हम सबको गले लगाने वालों में से इस धरती पर एक ब्राह्मण ही है। जो पूरे विश्व की कल्याण की बात करता है। हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते है। हम अगर जातिवादी होते तो रावण को पूजने का काम करते लेकिन रावण को पूजा नही करने की बजाय हम सभी प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्री कृष्ण को पूजते है। इसलिए हम पर जातिवादी का दोष देना उचित नहीं है। यह बात जरूर है कि हम ब्राह्मण की विकास की बात करते हैं। ब्राह्मण में भी गरीब हैं जिनके उत्थान की बात करते हैं। हम शादी में फिजूल खर्ची के विरोधी हैं। मेघावी बच्चों को सही शिक्षा मिले ये चाहते हैं। गरीब ब्राह्मण का विकास हो इस बिंदू पर काम करते है। बैठक में ब्राह्मण समाज को आर्थिक और समाजिक प्रगति के लिए जागरूक करने, दहेज को समाप्त करने, युवाओं को नशाखोरी से बचाने, गरीब एवं मेधावी छात्र व छात्राओं की शिक्षा की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।

# डायबिटीज अधिवेशन से लौटने पर फिजिशियन डॉ केएन सिन्हा का किया गया भव्य स्वागत




**प्रातः किरण संवाददाता**

आराःडा.के एन सिन्हा डायबिटीज अधिवेशन से लौटे शहर के प्रसिद्ध एवं चर्चित फिजिशियन डॉ के एन सिन्हा, अन्य वर्षों की तरह, दिल्ली, द्वारका के यशोधाम में आयोजित डायबिटीज अधिवेशन में शरीक होकर लौट आए। इस अधिवेशन में पूरे देश के हर कोने से, हर राज्य से करीब 10,000 डेलिकेट, प्रतिनिधि भाग लेकर अपने ज्ञान का आदान-प्रदान किया एवं लाभ उठाएं। अधिवेशन से लौटकर डॉ. सिन्हा ने बताया कि डायबिटीज बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। अब तो कम उम्र के लोगों को भी यह रोग सता रहा है इसके इलाज में मरीज को भी काफी सक्रिय एवं सचेत रहना है। मधुमेह के नियंत्रण के लिए दवा के साथ-साथ खानपान का परहेज, समय पर खान-पान, शारीरिक सक्रियता भी काफी जरूरी है। लोग सुबह में अवश्य एक घंटा टहलना या योगा, कसरत करें एवं साग सब्जी, फल सलाद ज्यादा ले तथा नियत समय पर नियत मात्रा में खाना खाएं। कई तरह की नइ दवाइयां, इंसुलिन के साथ आर्टिफिशियल पेनक्रियाज, पेनक्रियाज ट्रांसप्लांट का भी प्रचलन बढ़ रहा है। मगर फिर ही संयम एवं सक्रियता बहुत जरूरी है। क्योंकि डायबिटीज (मधुमेह) कई रोगों को जन्म देता है। खासकर यह आंख और गुर्दा (किडनी) को प्रभावित करता है।

# पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा की ऐतिहासिक पहल

## भोजपुर के बहियारा गांव में विश्वविख्यात मिलेट्समैन पद्मश्री डॉ. खादरवली का होगा व्याख्यान

**बिना दवा के आहार में सुधार कर सभी तरह की बिमारियों से आजादी का देंगे मंत्र**

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के सौजन्य से भोजपुर जिले में पहली बार विश्वविख्यात मिलेट्समैन पद्मश्री डॉ. खादरवली के व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित. जिले के कोइलवर प्रखंड स्थित बहियारा गांव में आगामी 24 नवंबर को आयोजित होने वाले व्याख्यान का विषय होगा - बिना किसी दवा के अपने आहार में सुधार कर सारी बिमारियों का उपचार कैसे करें. विश्वविख्यात मिलेट्समैन पद्मश्री डॉ. खादरवली आगामी 24 नवंबर को सुबह 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक अपना व्याख्यान देंगे जिसमें वे बताएँगे कि अपने आहार में सुधार करके बिना किसी दवा के कैसे सभी बिमारियों को दूर भगाया जा सकता है. मिलेट्स पर आधारित आहार लोगों को बिना दवा के सभी तरह की बीमारियों से आजादी दिला सकता है. इस व्याख्यान के दौरान प्रश्नोत्तर का कार्यक्रम भी आयोजित होगा जिसमें लोग मिलेट्स आधारित आहार से कैसे बिना दवा के सभी प्रकार की बिमारियों से आजादी पाने से जुड़े सवाल भी पूछ सकेंगे.



व्याख्यान के कार्यक्रम के बाद मिलेट्स आधारित आहार से बने खाना भी सभी को खिलाया जायेगा. इस व्याख्यान में गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोग भी शामिल हो सकते हैं और अपनी गंभीर बीमारी को मात्र आहार में सुधार कर और मिलेट्स आधारित अनाज के सेवन से पूरी तरह ठीक कर लेने का मंत्र विश्वविख्यात मिलेट्समैन पद्मश्री डॉ. खादरवली से प्राप्त कर सकते हैं.पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहा व्याख्यान का यह कार्यक्रम स्वास्थ्य के क्षेत्र एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी. पहली बार शाहाबाद जनपद और भोजपुर जिले में आयोजित होने जा रहे मिलेट्समैन के व्याख्यान के ऐसे आयोजन से स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरूआत भी होगी.पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के प्रतिनिधि डॉ. सुरेन्द्र सागर ने बताया कि इस व्याख्यान में भोजपुर सहित शाहाबाद जनपद के सैकड़ो लोग शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि जिले के कोइलवर प्रखंड स्थित बहियारा गांव में पिछले दिनों बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर की धर्म पत्नी और बिहार की लेडी गवर्नर अनाघा अर्लेकर पहुंची थी और उन्होंने यहां के मिलेट्स फार्म का जायजा लिया था. उन्होंने मिलेट्स आधारित आहार से जुड़े खेती को नजदीक से देखा था और आहार में सुधार कर बिना दवा के सारी बिमारियों को खत्म करने के प्रयासों की सराहना की थी. उन्होंने बताया कि अब यहां विश्वविख्यात मिलेट्समैन पद्मश्री डॉ. खादरवली के व्याख्यान को लेकर सरगर्मिया बढ़ गई है।

# रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**

काराकाट(रोहतास) : कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा रोहतास के तत्वावधान में काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी स्थित ई-किसान भवन में रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राहुल कुमार सिंह, उद्यान पदाधिकारी अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल कृषि समन्वयक प्रवीण कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बिक्रमगंज के कृषि वैज्ञानिक डॉ संजू सिंह सहित सभी अतिथियों को गुलाब का फूल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में नोडल कृषि समन्वयक ने रबी मौसम में सरकार द्वारा चलाई जा रही है। साथ ही सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम दौरान फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में बताया गया। उद्यान पदाधिकारी ने उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक ने रबी फसल गेहूं, तेलहन, दलहन और मिट्टी जांच के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक अजय कुमार, प्रगतिशील किसान लालबाबू सिंह, अवधेश सिंह सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# कैम्ब्रिज नाइटिंगेल पब्लिक स्कूल में न्यूज पेपर रीडिंग स्टॉल का भव्य उद्घाटन



**प्रातः किरण संवाददाता**

भोजपुर। कोईलवर प्रखंड के शिक्षा नगर चाँदी अवस्थित कैम्ब्रिज नाइटिंगेल पब्लिक स्कूल परिसर में न्यूज पेपर रीडिंग स्टॉल का भव्य उद्घाटन मुखिया धनंजय कुमार चौहान ने फीता काटकर किया।

अध्यक्षता प्राचार्य लखनजी दयाल तथा संचालन प्रोग्राम इंचार्ज सुनील कुमार ने किया। मुखिया धनंजय कुमार चौहान ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय शहर के स्कूलों से भी अच्छी शिक्षा देता है जो इस क्षेत्र के लिए वरदान है और इस क्षेत्र के लोग काफी लाभान्वित है।

इस तरह का न्यूज पेपर रीडिंग स्टॉल भी स्कूल के तरफ से बच्चों के लिए नया चीज है जिससे बच्चे हर तरह के देश दुनिया की खबरों सहित जनरल नॉलेज की भी अच्छी जानकारी रख पाएंगे' धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्राचार्य लखनजी दयाल ने कहा की बच्चों के लिए प्रतिदिन न्यूज पेपर और मैगजीन मंगाई जायेगी जिससे बच्चों में मानसिक विकास के साथ- साथ करेन्ट जीके जीएस भी मजबूत हो पायेगा' इस अवसर पर मुख्य रूप से अविनाश कुमार, अरविंद कुमार वर्मा सहित शिक्षक सवार्नंद सिंह, रितेश कुमार सिंह, रीता वर्मा, कृष्णा देवी, किशन कुमार, रोहित कुमार, मीना देवी, निहारिका सिंह, अंजनी सिंह, अमित कुमार सिंह, रेणु देवी, दिब्यांशु मिश्रा, राधा कुमारी, सचिन कुमार, रीता कुँवर, हरि पंडित, मुकेश कुमार सिंह, विशाल, मुनि सहित सैकड़ों छात्र - छात्रायें उपस्थित थें।

# महिलाओं की सामूहिक भागीदारी से सशक्त होगा समाज : अर्जुन गुप्ता

**प्रातः किरण संवाददाता**



बक्सर। अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन महिला मोर्चा बक्सर के ज़िला अध्यक्ष श्रीमति कंचन जायसवाल की अध्यक्षता में नवमानोनित महिला पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण किया गया जिसमें मुख्यरूप से अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे मनोनयन पत्र वितरण उपरांत अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी श्री अर्जुन गुप्ता ने कहाँ की महिलाओं की सामूहिक भागीदारी से ही समाज सशक्त हो सकता है श्री गुप्ता ने कहाँ जिस तरह से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश से महिला आरक्षण बिल ला कर महिलाओं को राजनीत में भी 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया है ऐसे में समाज की महिलाओं को और सशक्त होने की आवश्यकता है श्री गुप्ता ने संगठन के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को वैश्य समाज के सभी 56 उपजातियों को संगठित कर समाज को पंचायत नगर पंचायत नगर निगम प्रखंड ज़िला और राज्य स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है वैश्य समाज के लोग हर किसी के आपदा विपदा में एक सारथी के रूप में न केवल सहयोग करते है बल्कि उनको दिशा दिखाने का भी काम करते है बैठक में मुख्यरूप से ममता देवी हनी जायसवाल शिल्पी देवी संगीता जायसवाल मीना देवी रेखा वर्मा रानी वर्मा मंजु गुप्ता नीलम देवी सीमा जायसवाल मिना वर्मा रानी वर्मा रागनी जायसवाल मुन्नी देवी पुष्पा वर्मा आदि सैकडो महिला उपस्थित थी

## अशोक चक्र सम्मानित अमर शहीद जवान ज्योति प्रकाश निराला की मनी सातवीं पुण्यतिथि

काराकाट (रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरहीं के निज ग्राम बदिलाडीह में अशोक चक्र सम्मानित अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला गरुड़ कमांडो एयरफोर्स की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। उक्त दौरान उपस्थित काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह, डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के संस्थापक सह भाजपा के वरीय नेता डॉ बलिराम मिश्रा, अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला के पिता तेज नारायण सिंह सपरिवार, स्थानीय ग्रामीण समेत अनुमंडल क्षेत्र से आए कई जनप्रतिनिधियों ने उनके आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त दौरान सभी के आंखों से कुछ देर के लिए आंसू छलक पड़े। कार्यक्रम के दौरान विधायक अरुण कुमार सिंह एवं भाजपा नेता डॉ बलिराम मिश्रा ने उनकी वीर गाथा के बारे में बताया।

# आरा नगर थानान्तर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व 01 अवैध पिस्टल एवं 05 जिन्दा कारतूस के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

आराःभोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नगर थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिलने पर किया गया छापामारी के दौरान

नगर थानान्तर्गत गौसगंज सिंगही मोड़ के पास से बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व ही 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिससे 01 अवैध पिस्टल, 05 जिंदा कारतूस, 01 खोखा 01 मैग्जीन, एवं 04 मोबाईल बरामद किया गया। इस संबंध में आरा नगर थाना कांड सं0-752/24, धारा-192 बी०एन०एस० एवं 25 (1-b)/26/27/35 अ१२ अ३ दर्ज किया गया है। पुलिस के द्वारा उक्त 05 अभियुक्तों में से 02 विधि-विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :-अरूण कुमार, पे०-मनोज साह, सा० गौसगंज गाँगी, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर। उनेश कुमार, पे०-उमेश माली सा०- गौसगंज गाँगी, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर। रंजन कुमार, पे०-मनोज कुमार सिंह, सा० गौसगंज गाँगी, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर। अपराधियों के पास किया गया बरामद पिस्टल-01 मोबाइल-04 जिंदा कारतूस-05 नगद-60/रूपया खोखा-01 मैग्जीन-01 सभी अपराधियों से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

# नो एंट्री के बाद भी दौड़ रही भारी वाहन, श्रम मंत्री संतोष ने रोहतास डीएम से की बात



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) जिला के अनुमंडल क्षेत्र में नो एंट्री के दौरान भारी वाहन के प्रवेश से जाम लग रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने रोहतास पुलिस से भारी वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़कों पर आए दिन हादसें होती रही है जिसकों देख कई बार नो एंट्री के लिए रोहतास डीएम व बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी से मांग की गई तब जाकर सोमवार यानी 18 नवंबर से सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक नो एंट्री बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक द्वारा नो एंट्री लागू किया गया। उसके बाद भी कई बड़े वाहन कई पुलिस चौकी से होकर शहर में निकल रहे हैं। इसकी वजह से बाजार में जाम लगता है। ग्रामीणों का आरोप है कि काराकाट पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मी वाहन चालकों से कुछ शुल्क लेकर छोड़ते हैं। इसी तरह बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर थाने के सामने से ट्रैक्टर ट्राली व बड़े वाहन नो एंट्री में दौड़ रहे हैं। एनएच 120 मार्ग पर दो पहिया और साइकिल सवार लोग घायल हो जा रहे हैं और कई लोगों की सड़क हादसे में आए दिन मौत भी हो रही है। वही काराकाट नगर पहुंचे बिहार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने नो एंट्री को गंभीरता से लेते हुए रोहतास डीएम उदिता सिंह से त्वरित दूरभाष के माध्यम से बात की और बढ़ते सड़क हादसे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नो एंट्री अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आज से अथवा 18 नवंबर को ही लागू की गई लेकिन प्रशासन द्वारा इसमें काफी ढिलाई देखी जा रही है। जिस वजह से एन एच 120 पर भारी वाहनें जाम व हादसे का कारण बन गई है।

# उपकारा में सात दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन



**प्रातः किरण संवाददाता**

बिक्रमगंज (रोहतास) सोमवार को उपकारा बिक्रमगंज के प्रांगण में सात दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संसीमित बंदियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को और सुदृढ़ करने एवं मानसिक तनाव को कम करने तथा कारा मुक्ति के पश्चात बेहतर जीवन जीने हेतु उपकारा बिक्रमगंज के प्रांगण में ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के द्वारा सात दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम आरंभ किया गया। उक्त संस्था के सुनीता कुमारी द्वारा अपने व्याख्यान में बंदियों को बताया गया कि ध्यान योग ना केवल मन को शांत करता है बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होता है। ध्यान एवं योग के माध्यम से बंदियों को समाज में पुनः स्थापित होने के लिए प्रेरित करती है। उक्त अवसर पर उपकारा अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर ने कहा कि ध्यान एवं योग के माध्यम से बंदी ना केवल अपनी तनाव को कम कर सकते हैं बल्कि अपने व्यवहार में भी सुधार कर जीवन में एक नई शुरूआत कर सकते हैं। उक्त शिविर के दौरान उपकारा बिक्रमगंज में संसीमित बंदियों ने भाग लिया एवं ध्यान योग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। मौके पर उपकारा अधीक्षक मो. तारिक अनवर, सहायक अधीक्षक सह प्रभारी उपाधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक आरती कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी व बंदी लोग उपस्थित थे।

# आरा शहर में लगा महाजाम, आरा शहर का यातायात हुआ फेल

## आरा स्टेशन रोड शिस महल चौक रोड कई घंटे रहा जाम

**यातायात पुलिस के जवान लगे हुए थे जाम को छुड़ाने में कई घंटों से**

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। पूरे आरा शहर जाम का सामना करना पड़ा वहीं पर आरा स्टेशन रोड महावीर टोला मठिया शिवगंज जेल रोड महादेवा रोड में बड़ी लंबी जाम था जाम को छुड़ाने में संदेश के विधायक के बॉडीगार्ड के भी लगे हुए थे बॉडीगार्ड से बात करने पर कहा कि बहुत घंटों से जाम है हम लोग अस्पताल से आ रहे हैं आम लोगों ने भी जाम हटाने का कार्य किया वहीं यातायात थाना अध्यक्ष सूचना भी दिया गया जब मुलाकात होने पर उन्होंने कहां जाम कहा लगा हुआ है एक तरफ जिला प्रशासन जाम से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहता है वहीं पर



आए दिन जाम का सामना करना पड़ता है जो कि मुख्य मार्ग है सदर अस्पताल एवं आरा स्टेशन रोड का किसी को अस्पताल जाना है किसी को ट्रेन पकड़ने के लिए जाना है जाम के चलते एंबुलेंस को भी जाम का सामना करना पड़ता है और किसी को ट्रेन भी छूट जाता है लोगों ने कहा कि भैया आप देख रहे हैं कितना देर से जाम लगा हुआ हम लोग कितने घंटे से फंसे हुए वहीं पर लोगों के सहयोग से जाम को हटाने में कोशिश कर रहे थे वहीं लोगों ने कहा कि आए दिन हम लोग जाम का सामना करना पड़ता है आरा में यातायात तो यहां पर फेल है आप देख रहे हैं आप मीडिया वाले आप लोग खुद देख रहे हैं वहां मौजूद यातायात पुलिस के जवान भी कई घंटे से जाम छुड़ाने में लगे हुए थे

आरा स्टेशन रोड जो मुख्य मार्ग है आए दिन जाम का सामना करना पड़ता है लोगों को मगर जाम से मुक्ति दिलाने में यातायात पुलिस फेल है जो लोग स्टेशन से टेंपू पकड़ के आ रहे थे उनको कर्मन टोला में ही उतार दिया जाता था और टेंपो वाले वहीं से अपना टेंपो मोड कर स्टेशन वापस चले जाते थे लोगों वहां उत्तर कर पैदल जा रहे थे जाम के चलते सामान लेकर लोग अपने पैदल जाने में मजबूर थे।

सोमवार को 4:30 बजे सदर अनुमंडल पदाधिकारी अधिकारी के नेतृत्व में जाम एवं अतिक्रमण को लेकर बैठक किया गया जिसमें नगर थानाध्यक्ष नवादा थाना अध्यक्ष यातायात पुलिस उपाध्यक्ष नगर निगम के अधिकारी इस बैठक में शामिल रहेंगे आरा शहर जाम एवं अतिक्रमण को मुक्ति लोगों को कब मिलता है

# करियर में लिया सिर्फ 1 विकेट

## अब आरसीबी में हुई एंट्री, आईपीएल 2025 से पहले विराट की टीम का बड़ा फैसला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले आरसीबी ने बड़ा फैसला लेते हुए मुंबई की रणजी टीम के हेड कोच को अपनी टीम में शामिल किया है. बात हो रही है ओमकार साल्वी की जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नए फास्ट बॉलिंग कोच होंगे. ओमकार साल्वी घरेलू क्रिकेट की कोचिंग में बड़ा नाम हैं. ओमकार साल्वी ने 2023-24 रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई का दामन थामा था और उनकी कोचिंग में ही ये टीम 8 साल बाद रणजी ट्रॉफी जीतने में कामयाब रही. यही नहीं साल्वी की ही कोचिंग में मुंबई की टीम ने ईरानी कप भी जीता. ये प्रतिष्ठित ट्रॉफी मुंबई ने 27 साल के बाद जीती.

### आरसीबी में ओमकार साल्वी की एंट्री

आरसीबी के सूत्रों के मुताबिक ओमकार साल्वी मार्च 2025 के बाद टीम से जुड़ेंगे. घरेलू सीजन खत्म होने के बाद ही वो आरसीबी का दामन थामेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीएल 2025 का आगाज मार्च के अंतिम हफ्ते में हो सकता है. साल्वी का उस समय तक मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के साथ करार है.

### ओमकार साल्वी का अनुभव

ओमकार साल्वी का बतौर खिलाड़ी कोई ज्यादा अनुभव नहीं है. वो साल 2005 में रेलवे के लिए सिर्फ एक मैच खेले हैं.उन्होंने करियर में सिर्फ एक ही विकेट हासिल किया. लेकिन खिलाड़ियों के बीच में वो बतौर कोच काफी पॉपुलर हैं. इस साल भी उनकी कोचिंग में मुंबई रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप में तीसरे नंबर पर है. टीम ने 5 मैचों में 22 अंक बनाए हुए हैं. साल्वी को आईपीएल का भी अनुभव है. वो कोलकाता नाइट राइडर्स के असिस्टेंट बॉलिंग कोच भी रह चुके हैं.

### आविष्कार साल्वी के भाई हैं ओमकार

ओमकार साल्वी टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आविष्कार साल्वी के भाई हैं. आविष्कार साल्वी ने टीम इंडिया के लिए 4 वनडे मैच खेले, जिसमें उनके नाम 4 विकेट थे. साल्वी ने फर्स्ट क्लास मैचों में 62 मैचों में 169 विकेट हासिल किए. लिस्ट ए में साल्वी ने 52 मैचों में 71 विकेट हासिल किए. आविष्कार ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व भी किया है और वो 7 मैचों में 7 विकेट हासिल करने में कामयाब रहे.

# ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने एक हाथ से की बैटिंग, दर्दनाक चोट के बावजूद टीम का नहीं छोड़ा साथ



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी एश्टन एगर ने क्रिकेट के मैदान पर बहादुरी का एक नया नमूना पेश किया है. उन्होंने जो हिम्मत दिखाई उसकी हर कोई तारीफ कर रहा है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के घरेलू फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड के एक मैच के दौरान वह कंधे में दर्दनाक इंजरी होने के बावजूद वह अपनी टीम के लिए बैटिंग करने उतरे. वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले एगर को दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा था. फिर भी वह एक हाथ से विक्टोरिया के पेस और स्पिन अटैक का सामना करते रहे.

**अंतिम विकेट के लिए जोड़े इतने रन** – वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दूसरी पारी में 310 रन के स्कोर पर 9 विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद से दर्द से जूझ रहे एश्टन एगर नंबर 11 पर बल्लेबाजी के लिए आए. उन्होंने विक्टोरिया के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शतक जड़ चुके साथ खिलाड़ी जोएल कर्टिस का साथ दिया और टीम के लिए महत्वपूर्ण 15 रन की साझेदारी की. इस साझेदारी की मदद से उनकी टीम 325 रन के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही.

हालांकि, इसमें उनके एक रन का भी योगदान नहीं था, क्योंकि वह कंधे की इंजरी की वजह से कोई भी शॉट नहीं खेल पा रहे थे. एगर हर गेंद को बस डिफेंस कर रहे थे. उनकी ये साहसी पारी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई और वह 5 गेंद खेलकर बिना खाता खोले आउट हो गए. सैम इलियट ने शानदार यॉर्कर से एगर को बोल्ड करके उनका शिकार कर लिया. लेकिन सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है.

**साहस नहीं आया काम** – हालांकि, एश्टन एगर का साहस उनकी टीम के काम नहीं आा पाया. विक्टोरिया ने इस मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम कर लिया. दरअसल, विक्टोरिया की टीम ने टॉस जीतकर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के बुलाया और उसे महज 167 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया. फिर जवाब में373 रन बनाकर पहली पारी में 206 रन की भारी बढ़त हासिल की. वहीं दूसरी पारी में एगर की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी और 325 रन बनाए लेकिन पहली पारी में जल्दी आउट होने के कारण यह स्कोर काफी नहीं रहा. उनकी टीम दूसरी पारी में महज 119 रन की बढ़त ले पाई, जिसे विक्टोरिया ने 8 विकेट रहते चेज कर लिया ।

# तिलक वर्मा और सुरेश रैना के बीच हैं दिलचस्प समानताएं, नहीं कर पाएंगे अनदेखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज में तिलक वर्मा शानदार फॉर्म में थे। पहले और दूसरे टी20 में बल्लेबाज को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था और उन्होंने क्रमशः 18 गेंदों पर 33 और 20 गेंदों पर 20 रन बनाए। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खुलासा किया कि तिलक ने उनसे तीसरे टी20 में बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने का अनुरोध किया। जैसा कि देखा जा सकता है, दक्षिणपंथी ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। उन्होंने 56 गेंदों पर 8 चौकों और 7 छक्कों की मदद से नाबाद 107 रन बनाए। उन्होंने दूसरे टी20 में भी अपना दबदबा जारी रखा और सिर्फ 47 गेंदों पर 9 चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 120 रन बनाए। तीसरे टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 191.07 और चौथे टी20 में 255.32 रहा। उन्हें तीसरे और चौथे टी-20 में प्लेयर ऑफ द चुना गया और वह सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी रहे। इस बात की चर्चा हर जगह हो रही है कि तिलक भारत के एक और बेहतरीन बल्लेबाज सुरेश रैना के साथ एक सांख्यिकीय डेजा वू का हिस्सा हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर और तिलक के बीच एक बहुत बड़ी समानता सामने आई है, जिन्होंने भारत के लिए 20 टी20आई और चार वनडे मैच खेले हैं।



# अमेरिका पहुंचा चैंपियंस ट्रॉफी का मामला

## पाकिस्तान ने भारत पर उठाया सवाल, मिला ये जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है. भारतीय बोर्ड के इस फैसले के बाद से ही बवाल मचा हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखलाया हुआ है और भारतीय टीम को अपने देश में लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है. इसके लिए वह हर जगह से अपने पक्ष में मदद जुटाने की लगा हुआ है. पहले पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इंग्लैंड के समर्थन के लिए लंदन पहुंचे थे. अब इसमें पाकिस्तानी पत्रकार भी उसका साथ दे रहे हैं. इंग्लैंड के बाद उन्होंने इस मामले को अमेरिका तक पहुंचा दिया है और इस मुद्दे पर अपने पक्ष में समर्थन जुटाना चाहा लेकिन निराशा हाथ लगी.



**अमेरिका ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर क्या कहा** – पाकिस्तान की कोशिश है कि चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के पक्ष को वैश्विक स्तर पर गलत ठहराकर दबाव बनाया जाए. इसलिए एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दुनिया के सबसे मजबूत देश माने जाने वाले अमेरिका के सामने इस मुद्दे को उठाकर उनके रुख को जानना चाहा. लेकिन उसे सभी के सामने मुंह की खानी पड़ी. दरअसल, विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार ने अमेरिकी अधिकारी से बताया कि 'यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट इवेंट है और इसका आयोजन पाकिस्तान में होना है और भारतीय टीम को इसमें हिस्सा लेना था लेकिन उनकी सरकार ने इसके लिए मना कर दिया है. राजनीतिक तनाव की वजह से टीम इंडिया 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं आई है.' पत्रकार ने ये बताने के बाद पूछा कि 'क्या आपको लगता खेल के साथ राजनीति को मिलाना एक अच्छा आइडिया है? इस पर आपकी क्या राय है?' इसके बाद अमेरिकी अधिकारी ने मामले पड़ने से साफ तौर पर इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि ये दो देशों का मामला है और वह इस पर कुछ नहीं बोल सकते. इस मामले को भारत-पाकिस्तान को आपस में सुलझाना होगा. वो इसमें शामिल नहीं हो सकते. हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि बिना किसी शक के खेल एकजुट करने वाली शक्ति है.

**इंग्लैंड ने दिया था साथ** –क्रिकेट की दुनिया में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड का एक बड़ा कद है. इसलिए बीसीसीआई से विवाद के बाद उसका साथ पाने के लिए मोहसिन नकवी लंदन पहुंच गए थे. उन्होंने ईसीबी के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन से मुलाकात कर उनका साथ मांगा. मीटिंग के बाद ईसीबी ने दबे शब्दों में ही सही लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ दिया. थॉम्पसन ने इशारों-इशारों में बीसीसीआई के सुरक्षा की चिंता वाली बात को काटने की कोशिश की थी. उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा बेहद ही शानदार था. थॉम्पसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान को अपनी शुभकामनाएं भी दे दी. इसके बाद नकवी ने थॉम्पसन को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान ने सारी तैयारी कर ली है और टूर्नामेंट की सफल मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है.

# न्यूजीलैंड के क्रिकेटर पर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद लगा प्रतिबंध



**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल इस साल की शुरुआत में कोकीन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे और तब से उन पर एक महीने का प्रतिबंध लगा हुआ है। न्यूजीलैंड स्पोर्ट इंटीग्रिटी कमीशन द्वारा सोमवार को पहली बार प्रतिबंध का विवरण सार्वजनिक किया गया। 34 वर्षीय खिलाड़ी जिन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेले हैं, जनवरी में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और वेलिंगटन के बीच घरेलू टी-20 मैच के बाद पॉजिटिव पाए गए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। आयोग द्वारा लगाए गए शुरुआती तीन महीने के प्रतिबंध को इस शर्त पर घटाकर एक महीने कर दिया गया कि ब्रेसवेल उपचार कार्यक्रम पूरा कर लें। एक महीने का प्रतिबंध फिर अप्रैल से लागू कर दिया गया जिसका मतलब है कि अब वह क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। आयोग ने कहा, यह स्वीकार किया गया कि उन्होंने प्रतियोगिता से बाहर और खेल प्रदर्शन से असंबंधित कारणों से कोकीन का सेवन किया था।

# भारत ने जूनियर एशिया कप हॉकी के लिए टीम का ऐलान किया

## इन 20 खिलाड़ियों को मिला मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडर आमिर अली मस्कट में 26 नवंबर से होने वाले पुरूष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम के कप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। भारत ने रिकॉर्ड चार बार टूर्नामेंट जीता (2004,2008,2015, 2023) है। उसने पाकिस्तान को पिछले साल 2-1 से हराकर खिताब जीता था। इस साल टूर्नामेंट में 10 टीमों को 5-5 के दो पूल में बांटा गया है। भारत के साथ चीनी ताइपे, जापान, कोरिया और थाईलैंड पूल ए में हैं जबकि बांग्लादेश, मलेशिया, चीन, ओमान और पाकिस्तान पूल बी में हैं। भारत ने मेजबान होने के नाते एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिये स्वतः क्वालीफाई कर लिया है। कोच पी आर श्रीजेश के मार्गदर्शन में टीम जोहोर कप की सफलता को दोहराना चाहेगी। श्रीजेश ने कहा, 'जोहोर कप कई खिलाड़ियों के लिए पहला अनुभव था लेकिन उन्होंने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। खिलाड़ियों ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में काफी मेहनत की है और हमने अपने खेल में कुछ बदलाव भी किए हैं।



### भारतीय टीम:

- **गोलकीपर**– प्रिंसदीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह
- **डिफेंडर**– आमिर अली (कप्तान), टी प्रियब्रत, शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल इक्का, रोहित
- **मिडफील्डर**–अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर, मुकेश टोप्पो, थोकचोम किंगसन सिंह
- **फॉरवर्ड**–गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल
- **वैकल्पिक खिलाड़ी**–सुखविंदर और चंदन यादव

# सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर जीता एटीपी फाइनल्स

**ट्यूरिन, एजेंसी।** जैनिक सिनर ने अपने शानदार सत्र का समापन वर्ष के आठवें खिताब के साथ किया, जिसमें उन्होंने अपना पहला निट्टो एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीता। घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया और टूर्नामेंट के 55 साल के इतिहास में पहले इतालवी चैंपियन बने।



इसके अलावा, सीधे सेटों में जीत के साथ सिनर 1986 में इवान लेंडल के बाद बिना कोई सेट गंवाए एटीपी फाइनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए, जिससे उनके शानदार सत्र का पता चलता है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत के साथ हुई और घरेलू धरती पर उनके पहले खिताब के साथ समाप्त हुई।

उन्होंने अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स के दौरान एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 का खिताब भी हासिल किया था। सिनर ने कहा, मुझे वास्तव में लगता है कि अभी भी सुधार की बाकी है। आप जितना उच्च स्तर पर खेलेंगे, उतनी ही अधिक बारीकियां फर्क पैदा करेंगी। मैं हमेशा एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करने की कोशिश करता रहता हूं और यह समझने की कोशिश करता हूं कि मैं क्या बेहतर कर सकता हूं। एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीतकर, सिनर को 4,881,500 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली, जो टूर के इतिहास में विजेता को मिलने वाली सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। एटीपी आंकड़ों के अनुसार, इटालियन खिलाड़ी ने इस सत्र के लिए 12,032,935 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिससे 2024 में उनकी कुल राशि 16,914,435 अमेरिकी डॉलर हो गई।

वह नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के साथ एक ही वर्ष में ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन और निट्टो एटीपी फाइनल जीतने वाले एकमात्र पुरुष खिलाड़ी बन गए। इस साल सिनर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में जीत हासिल कर अपने पहले दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। वह ओपन एरा में एक ही सीजन में अपने पहले दो मेजर जीतने वाले सिर्फ तीसरे व्यक्ति बन गए। यह उपलब्धि हासिल करने वाले अंतिम व्यक्ति गिलर्मो विलास थे, जिन्होंने 1977 में रोलां गैरो और यूएस ओपन जीता था। जिमी कोनर्स ने 1974 में तीन स्लैम जीते थे। नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर सभी 20 या उससे अधिक मेजर में विजयी हुए हैं, लेकिन उन्होंने भी एक ही सीजन में अपने पहले दो स्लैम नहीं जीते।

### पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलियाः

# बाबर आजम टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने, तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने टीम के लिए पारी की शुरुआत साहिबजदा फरहान के साथ की। इस मैच में उन्होंने 28 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 41 रन की पारी खेली और इस पारी के दम पर वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया।

- **कोहली को बाबर ने छोड़ा पीछे** – बाबर आजम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे मैच में 41 रन की पारी के दौरान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। बाबर आजम के टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अब 4192 रन हो गए हैं जबकि कोहली ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर में 4188 रन बनाए थे। कोहली अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

# पर्थ-एडिलेड में कोहली अतिरिक्त आत्मविश्वास महसूस करेंगे: सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने एडिलेड और पर्थ के मैदानों पर विराट कोहली के पिछले लगातार प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, साथ ही कहा कि इन स्थानों पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी पिछली सफलता उन्हें आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान अतिरिक्त आत्मविश्वास प्रदान करेगी। कोहली ने इस साल अपने छह टेस्ट मैचों में केवल 22.72 का औसत बनाया है जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके औसत 54.08 और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत की 3-0 की हार में केवल 91 रन बनाने के बाद वह अपने पांचवें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।

कोहली ने जनवरी 2012 में एडिलेड में पहले टेस्ट शतक में 116 रन बनाए थे, इसके बाद 2014 में उसी स्थान पर 115 और 141 रन बनाए, जहां उन्होंने पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी। पूर्व कप्तान ने 123 रन भी बनाए जो 2018 में नए पर्थ स्टेडियम में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पहला टेस्ट शतक था, जहां उन्होंने अंततः भारत को 2-1 से सीरीज जीत दिलाई, जो ऑस्ट्रेलिया में उनकी पहली टेस्ट सीरीज जीत थी।

गावस्कर ने कहा, उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रन नहीं बनाए हैं, इसलिए वे बहुत भूखे होंगे। एडिलेड टेस्ट मैच में भी, जहां दूसरी पारी में हम 36 रन पर ऑल आउट हो गए थे, पहली पारी में कोहली ने रन आउट होने से पहले 70 से ज़्यादा रन बनाए थे। उन्होंने एडिलेड में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए यह उनके लिए एक जाना-पहचाना मैदान है। और एडिलेड से पहले, यह पर्थ है, जहां उन्होंने 2018-19 में बेहतरीन टेस्ट शतकों में से एक खेला। एक शानदार शतक। इन मैदानों पर प्रदर्शन करने के बाद उन्हें अतिरिक्त आत्मविश्वास महसूस होगा। बेशक, शुरुआत में आपको थोड़ी किस्मत की जरूरत होती है, लेकिन अगर वह अच्छी शुरुआत करते हैं, तो वे बड़े रन बना सकते हैं।



भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने भी इस बारे में अपना दृष्टिकोण दिया कि कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन जैसे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कोहली को कैसे चुनौती दे सकते हैं, खासकर ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर उनका परीक्षण, जब 22 नवंबर को पर्थ में सीरीज शुरू होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट को अच्छी तरह से पता है कि क्या योजना बनाई जा रही है। वे ऑफ स्टंप के बाहर की लाइन से शुरुआत करेंगे और समझेंगे कि उनकी मानसिकता क्या है। इन दिनों वह अक्सर ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ देते हैं और पिच की गई किसी भी चीज को ड्राइव करने की कोशिश करते हैं। ऑस्ट्रेलिया भी उन्हें जगह देने की कोशिश कर सकता है और उनके शरीर पर हमला कर सकता है क्योंकि उन्हें आगे की ओर बढ़ना पसंद है।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसी रणनीति थी जिसका न्यूजीलैंड ने प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। अगर वह ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर ध्यान केंद्रित करता है, तो जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज मिडिल स्टंप पर वर्नोन फिलेंडर की खास लाइन को निशाना बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया कई तरह की रणनीतियों का परीक्षण करेगा और विराट कोहली इस बात से पूरी तरह वाकिफ हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जब रैली को संबोधित करते समय रो पड़ीं शिवसेना नेता संजना जाधव

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सियासी बिछात काफी दिलचस्प है। यहां कई सीटों पर करीबी रिश्तेदार आमने-सामने हैं। ऐसी एक सीट है कन्नड़ विधानसभा सीट। यहां पर निर्दलीय उम्मीदवार हर्षवर्धन जाधव अपनी अलग रह रही पत्नी और शिवसेना उम्मीदवार संजना जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। संजना, भाजपा के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे की बेटी हैं। रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान वह इमोशनल हो गईं और रो पड़ीं। उन्होंने अपने पति हर्षवर्धन जाधव के ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगाए और कहाकि मेरी जगह किसी और लाया गया। इस मौके पर संजना जाधव ने यह भी कहाकि रावसाहेब दानवे सिर्फ इसलिए चुप रहे क्योंकि वह एक बेटी के पिता हैं। संजना जाधव ने कहाकि हर्षवर्धन जाधव से शादी करने के बाद मुझे बहुत दुख हुआ। मैंने शादी कर ली और एक महीने के भीतर घर आ गई। जब मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया तब उन्होंने कहाकि एक बच्चा होने दो, फिर यह आदमी सुधर जाएगा। एक बच्चा होने के बाद, मेरे पिता ने कहाकि जब आप 40 साल के हो जाते हैं, तो सुधार आ जाता है। अब मैं अपने 40 के दशक में हूं। इस दौरान मैंने बहुत कुछ सहन किया है। संजना ने आगे कहाकि आपको पता है मेरी जगह किसे लाया गया। यह कहकर वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने कहाकि मेरे पिता पर आरोप लगाया गया। लेकिन सच यह है कि उन्होंने बहुत कुछ बर्दाश्त किया है, क्योंकि वह एक बेटी के पिता है। अगर वह एक बेटे के पिता होते तो सड़कों पर उतर आते। लेकिन लड़के का पिता होने के नाते वह चुपचाप बैठे रहे। इसलिए उसने कुछ नहीं कहा। संजना ने कहाकि मैं पहले कभी नहीं रोई। मैंने कभी किसी चीज के बारे में बात नहीं की। शहर में हर कोई जानता है कि मैंने क्या किया और क्या नहीं किया। उनके भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### हाथ में मशाल और साइकिल रैली; कोलकाता कांड के 100 दिन, ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने की जंग जारी



**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में न्याय की मांग जारी है। इसे लेकर रविवार को 100 साइकिल सवारों ने श्यामबाजार इलाके से अस्पताल तक 10 किलोमीटर की रैली निकाली। ट्रेनी डॉक्टर के साथ यह घटना अगस्त में हुई थी। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के 'अभय मंच' और नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों की ओर से यह साइकिल रैली निकाली गई, जो सोदेपुर ट्रैफिक मोड़ से शुरू हुई। साइकिल रैली जहां से शुरू हुई वह स्थान मृतक ट्रेनी डॉक्टर के उत्तर 24 परगना जिले में घर से ज्यादा दूर नहीं है। साइकिल सवारों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से लगभग 200 मीटर दूर श्यामबाजार क्रॉसिंग तक पहुंचने के लिए बेलघिया, रथतला, डनलप और सिंथिर मोड़ जैसे विभिन्न स्थानों को पार किया। मृतक की मां ने साइकिल सवारों में से एक को प्रतीकात्मक मशाल सौंपी और उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतका का नाम अभया (निडर और अपराजित) रखा है। हर एक साइकिल सवार के हाथ में थी मशाल रैली के दौरान प्रत्येक साइकिल सवार ने एक मशाल थामी हुई थी। साइकिल रैली का आयोजन नौ अगस्त को हुई घटना के 100 दिन बीत जाने के मौके पर किया था। वहीं, माकपा ने कहा कि 21 नवंबर को कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के मामले की जांच शीघ्र पूरी करने की मांग होगी। यह मार्च कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने के 100वें दिन निकाला जाएगा।

# उनके पास खुद का वोट बैंक तक नहीं, हम ही असली शिवसेना: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ सियासी हमले भी तेज हो चले हैं। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिंदे शिवसेना के मुखिया एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला है। उन्होंने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास खुद का कोई वोट बैंक नहीं है। वह कांग्रेस के वोट बैंक पर आश्रित हैं। इसके अलावा शिंदे ने महायुति गठबंधन में किसी भी तरह की दरार होने से भी इनकार किया। साथ ही यह भी कहाकि महायुति गठबंधन आगामी चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगा। शिंदे ने उद्धव ठाकरे के शिवसेना चुराने के आरोप का भी जवाब दिया। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी।



एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर करारा हमला बोलते हुए कहाकि लोकसभा चुनाव में उन्होंने जो बढ़त हासिल की थी वह कांग्रेस के दम पर थी। इंडिया टुडे के मुताबिक महाराष्ट्र के सीएम ने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास अपना नहीं, बल्कि कांग्रेस का वोट बैंक है। इसका ही असर लोकसभा चुनाव में दिखा था। उन्होंने कहाकि शिवसेना के जो बेस वोटर्स हैं वो हमारे साथ हैं। शिंदे ने इसके लिए वोटिंग आंकड़ों का भी हवाला दिया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहाकि आम चुनाव में महाराष्ट्र के वोटरों ने अपना नजरिया स्पष्ट कर दिया। शिंदे के मुताबिक उद्धव का स्ट्राइक रेट 42 परसेंट था, जबकि हमारा स्ट्राइक रेट 48 परसेंट। शिवसेना के नाम पर जो 19 फीसदी वोट पड़े उसमें 13 परसेंट हमारा था। कोंकण, ठाणे और संभाजी नगर में जिस तरह से उनकी पार्टी नाकाम रही, उससे यह स्पष्ट हो जाता है। शिंदे ने कहाकि ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेंगे।

इस दौरान शिंदे ने उद्धव ठाकरे के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें वह शिवसेना चुराने की बात कहते हैं। इसके जवाब में उन्होंने आदर्शों के अंतर की बात कही। उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र के आदर्श हैं। पूरी जिंदगी वह कभी भी कांग्रेस के साथ जाने के पक्ष में नहीं रहे। लेकिन उनका बेटा होने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस से गठबंधन करके बालासाहेब के सिद्धांतों से समझौता किया। उन्होंने निजी फायदे के लिए शिवसेना-भाजपा गठबंधन को मिले बहुमत का गलत इस्तेमाल किया।

एकनाथ शिंदे ने आगे भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहाकि उद्धव ने मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने पिता के आदर्शों को किनारे कर दिया। वह तो बालासाहेब के नाम का इस्तेमाल करने के भी हकदार नहीं हैं। महायुति में मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चाओं को लेकर शिंदे ने कहाकि सत्ताधारी गठबंधन में ऐसी कोई रेस नहीं है। हमारे साथियों का पूरा ध्यान गठबंधन को बड़ी जीत के साथ वापस सत्ता में आने पर है।

## कैग ने भी माना, बीजेपी ने कर्ज में डूबो दिया प्रदेश, आज 4.50 लाख करोड़ का कर्जा : हुड्डा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोटालों को अंजाम देने में जुटी बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं में भी जमकर घोटाले किए हैं। ना सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपया लूटा है, बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने बीजेपी के घोटालों को पूरी तरह उजागर कर दिया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि कई मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 5 लाख रुपए में तय किया। यानी लगभग 2500 रुपये प्रति किलोमीटर में एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दीं। इतना ही नहीं एंबुलेंस के मरीजों तक पहुंचने के समय में भी जमकर झोल किया गया है। सीएजी रिपोर्ट में कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए सरकार ने ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से भी दवाइयां और उपकरण खरीदे। इतना ही नहीं, सरकार ने ऐसी 15 एंजेसियों को 5.67 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया है, जिनकी दवाएं कई बार घटिया साबित हो चुकी हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह नजर अंदाज किया है। यही वजह है कि आज प्रदेश में लगभग 30त्न डॉक्टरों और 42 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं। हुड्डा ने कहा कि इस बार खुद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी कांग्रेस के आरोपों पर अपनी मुहर लगा दी है। क्योंकि कांग्रेस ने बार-बार हरियाणा की जनता को बताया कि भाजपा ने प्रदेश को साढे चार लाख करोड रुपए के कर्ज तले दबा दिया है। अब खुद कैग की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मार्च 2023 तक प्रदेश पर चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका था। उसके बाद भी इस सरकार ने कर्ज लेना जारी रखा, जो आज 4.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है।

## शरद पवार की पत्नी को बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में जाने से रोका



**बारामती , एजेंसी।** राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार को रविवार को पुणे जिले के बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में प्रवेश करने से कथित तौर पर आधे घंटे तक रोका गया। बारामती से सांसद सुप्रिया सुले के कार्यालय ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क की अध्यक्ष हैं। सुप्रिया के कार्यालय की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में प्रतिभा पवार और सुप्रिया की बेटी रेवती सुले की महिला सहायक पार्क के एक सुरक्षा गार्ड से गेट खोलने के लिए कहते हुए दिखाई दे रही हैं। प्रतिभा और रेवती पार्क में कुछ खरीदारी करने के लिए पहुंची थीं। गार्ड ने उन्हें बताया कि उसे अनिल वाघ नाम के व्यक्ति ने गेट न खोलने का निर्देश दिया है। प्रतिभा और रेवती के साथ मौजूद एक पुरुष सहायक ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में घटना की पुष्टि की और बताया कि उन्हें कम से कम 30 मिनट तक परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। टेक्सटाइल पार्क के मुख्य प्रबंधक अनिल वाघ ने संपर्क किए जाने पर बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि प्रतिभा पवार परिसर का दौरा करने वाली हैं। अनुमति नहीं थी, इसलिए मैंने गेट पर सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे किसी को भी अंदर न आने दें। वाघ ने कहा कि जब मुझे सूचना दी गई कि प्रतिभा काकी आई हैं, तो मैंने तुरंत सुरक्षाकर्मियों से गेट खोलने और उन्हें अंदर जाने देने को कहा।

# अब छत्तीसगढ़ के कांकेड़ में मुठभेड़, डिप्टी कमांडर रैंक के दो नक्सली ढेर

**कांकेर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बड़े कैडर के नक्सली मारे गए। एक दिन पहले शनिवार को अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए थे। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो बड़े कैडर के नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ जिले के मुसफर्सी काकुर गांव के नजदीक हुई, जहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही। मारे गए नक्सलियों की पहचान रंजीत और संतोष के रूप में हुई है। दोनों डीवीसीएम (डिप्टी कमांडर) रैंक के थे। इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



अबूझमाड़ इलाके में शनिवार को हुई मुठभेड़ के बाद जवान इलाके में सर्चिंग कर रहे थे। मुठभेड़ की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तत्काल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का एक बड़ा ग्रुप देर रात मुफरसी के जंगल में छिपा हुआ था। मौका देखते हुए नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। पहले से सतर्क पुलिस ने नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली। इस मुठभेड़ में डिप्टी कमांडर रैंक के रंजीत और संतोष की मौत हो गई। ये दोनों लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और कई बड़े नक्सली हमलों में शामिल थे।

इन दोनों नक्सलियों के मारे जाने से नक्सली संगठन को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और नक्सली साहित्य भी बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त के बाद स्पष्ट हो पाया कि उनके खिलाफ कई संगीन अपराधों के मामले दर्ज थे। गौरतलब है कि शनिवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान भी घायल हुए थे।

## भारत में अधपका खाना खाने से, दिमाग में घुस गया था कीड़ा, ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री का अनोखा बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को अपना स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री नामित किया है। जूनियर कैनेडी को वैसे तो उनके विवादित बयानों की वजह से जाना जाता है। देश के नए स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके चयन के बाद वो लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनका एक पुराना बयाव फिर से वायरल होने लगा। इसमें उन्होंने अपनी भारत प्रवास का जिक्र किया था। कैनेडी ने कुछ महीने पहले एक इंटरव्यू में दावा



किया था कि 2010 में भारत की यात्रा के दौरान उनके दिमाग में कीड़ा घुस गया था। उन्होंने कहा कि भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से ऐसा हुआ था।

कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से।

गौरतलब है कि हाल ही में एक इंटरव्यू में कैनेडी जूनियर ने ट्रंप के खाने को जहर बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप का आहार वास्तव में खराब था। कैनेडी ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि वह जो सामान खाता है वह वास्तव में खराब है। आपके पास एक विकल्प है। आपके पास कोई विकल्प नहीं है, आपको या तो केएफसी या बिग मैक दिया जाएगा। यह ऐसा है, जैसे, जब आप भाग्यशाली होते हैं, और फिर बाकी सामान को मैं अखाद्य मानता हूं।

## जांच कराई जाए कि गाजा पर इजराइल का हमला 'जनसंहार' की श्रेणी में तो नहीं : पोप

**रोम , एजेंसी।** कैथोलिक ईसाई धर्म के शीर्ष नेता पोप फ्रांसिस ने यह तय करने के लिए जांच का आह्वान किया है कि क्या गाजा में इजराइल के हमले 'नरसंहार' हैं। 'पोप जुबली ईयर' से पहले रविवार को जारी एक नई पुस्तक के अंशों से यह जानकारी दी गई। पोप फ्रांसिस ने पहली बार गाजा पट्टी में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के दौरान 'नरसंहार' के आरोपों की जांच के लिए खुलकर मांग की है। उन्होंने सितंबर में कहा था कि गाजा और लेबनान में इजराइल के हमले 'अनैतिक' और असंगत हैं और उसकी सेना युद्ध नियमों से परे चली गई है।

हर्नान रेयेस अलकेड द्वारा लिखित और पोप के साथ साक्षात्कार पर आधारित इस पुस्तक का शीर्षक है ''आशा कभी निराश नहीं करती। बेहतर दुनिया की ओर मुसाफिर''। इस किताब का लोकार्पण पोप फ्रांसिस की ''2025 जुबली'' से पहले किया जाएगा। उम्मीद है कि फ्रांसिस की एक साल चलने वाली 'जुबली' को मनाने के लिए तीन करोड़ से अधिक यात्री रोम आएंगे। प्रकाशित अंशों के मुताबिक पोप ने कहा, ''कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, गाजा में जो कुछ हो रहा है, उससे नरसंहार के लक्षण मिले हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए कि क्या यह न्यायविदों और अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा तैयार की गई। तकनीकी परिके अनुरूप है।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया

**दुबई, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी छोर से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया। हालांकि इस हमले में जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। हूती विद्रोही जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाकर पिछले कई महीनों से हमला कर रहे हैं। इस जलमार्ग से आम तौर पर प्रति वर्ष एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर का माल गुजरता है। यह हमला गाजा में इजराइल-हमास युद्ध और लेबनान में इजराइल के जमीनी हमले के कारण हुआ है।




ब्रिटेन की सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने 'अलर्ट' जारी कर कहा कि जहाज जब लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाले बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास से गुजर रहा था, तभी उसके कप्तान ने देखा कि ''जहाज के बहुत करीब मिसाइल गिरी''। यह हमला यमन के बंदरगाह शहर मोचा से लगभग 48 किलोमीटर पश्चिम में हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा, ''जहाज और चालक दल सुरक्षित हैं तथा अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं।'' हूतियों ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने बलूचिस्तान, केपी में सुरक्षा संकट को हल करने के लिए बातचीत का आह्वान किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के प्रमुख हाफिज नईमुर रहमान ने सरकार से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (के-पी) में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है. रविवार को जेआई के इस्लामाबाद कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने संकटग्रस्त क्षेत्रों में जीवन की सुरक्षा के लिए नीतियों को संशोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन कीमती है. सरकार को अपनी नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है. रहमान ने अफगानिस्तान की तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार से जिम्मेदारी से काम करने और यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल पाकिस्तान सहित अन्य देशों के



खिलाफ न किया जाए. सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से आपसी चिंताओं को हल करने के लिए अफगानिस्तान के साथ बातचीत करने का आग्रह किया.

जेआई प्रमुख ने विशेष रूप से बिजली की लागत संकट के मद्देनजर आर्थिक राहत के अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की. रहमान ने कहा कि संघीय सरकार ने इस साल की शुरुआत में आयोजित धरना-प्रदर्शनों के बाद जेआई के साथ किए गए समझौतों को लागू नहीं किया है. उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा हाल ही में घोषित शीतकालीन बिजली राहत पैकेज को अपर्याप्त बताते हुए इसे मजाक और जनता के लिए धोखा करार दिया. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अल्लामा मुहम्मद इकबाल की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम के दौरान एक बिजली राहत पैकेज का अनावरण किया, जिसमें सर्दियों के महीनों के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 26.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट, औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए 15.5 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए 22.71 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट तक की कटौती का वादा किया गया. हालांकि, रहमान ने पैकेज की आलोचना की और इसकी प्रासंगिकता और स्थिरता पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि कोई 500 यूनिट की खपत क्यों करेगा? जनता को बेवकूफ बनाने का यह नाटक बंद होना चाहिए. उन्होंने कहा कि 60 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर का ईंधन शुल्क का बोझ नागरिकों पर पड़ रहा है. रहमान ने सौर ऊर्जा को एक व्यवहार्य समाधान के रूप में बढ़ावा देने का सुझाव दिया. उन्होंने पाकिस्तान के सामने आने वाली आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधानों की वकालत करने के लिए जेआई की प्रतिबद्धता को दोहराया.

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129